सूर्योदय 6:22 सूर्यास्त 5:51

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 11.6 न्यू | 22.4 अधि |
| धर्मशाला | 17 न्यू | 27.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,029.98 |
| निफ्टी | 25,145.50 |

सोना 1,30,800 चांदी 1,85,000

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को जयंती पर शत्-शत् नमन

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 15 अक्तूबर 2025 | 30 आश्विन, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 288, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

LAUREATE INSTITUTE OF PHARMACY



faculty development

Organized By

LAUREATE INSTITUTE OF PHARMACY

(Managed by Laureate Educational Society | Estb.:- 1992)

An UGC- Autonomous Institute of Pharmacy and Off Campus Ph. D. Research Centre (H.P.T.U.) (Approved by PCI, New Delhi & H.P. Govt., Affiliated to HPTU, Hamirpur)

NAAC Accredited Grade "A"

Website: www.laureateinstitute.in | Email: contactlaureate@gmail.com, Contact Us: 98056-76721, 98164-68699, 92184-05087, 92184-28040

SRI SAI GROUP OF INSTITUTES

Transforming Dreams into Reality

B.Tech (AI & ML) with IBM

Innovation Centre for Education

PATHANKOT-PUNJAB

www.srisaigroup.in

84271 84271, 9417050602

# नेरचौक मेडिकल कॉलेज में इसी वर्ष शुरू होगी रोबोटिक सर्जरी : मुख्यमंत्री सुक्खू

## एमआरआई के लिए 28 करोड़ व कैथ लैब के लिए 12 करोड़ किए जारी

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**मंडी।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को लाल बहादुर शास्त्री राजकीय मेडिकल कॉलेज नेरचौक मंडी के कार्यक्रम आईआरआईएस-2025 की अध्यक्षता की। उन्होंने नेरचौक मेडिकल कॉलेज में इसी वर्ष रोबोटिक सर्जरी शुरू करने की घोषणा करते हुए कहा कि यहां एमआरआई मशीन लगाने के लिए 28 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं, जिसे दो माह में स्थापित कर दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि नेरचौक में कैथ लैब के लिए राज्य सरकार ने 12 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं, जिसमें से 9 करोड़ रुपए दे दिए गए हैं। जल्द ही सभी मेडिकल कॉलेजों में एम्स, दिल्ली की तर्ज पर एक ही ब्लड सैंपल से 100 टेस्ट किए जाएंगे। स्मार्ट डायग्नोस्टिक लैब के लिए 75 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने कहा कि पिछली भाजपा सरकार ने प्रदेश का खजाना लुटाया। अगर यह पैसा पिछली सरकार सही इस्तेमाल करती, तो आज स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर होतीं।



दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

वर्तमान सरकार को प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों की खराब हालत विरासत में मिली, लेकिन आज एम्स स्तर की तकनीक मेडिकल कॉलेजों में लाई जा रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने राजनीतिक लाभ के लिए स्कूल तो खोल दिए, लेकिन सुविधाएं नहीं थी, इसलिए हमें उन्हें बंद करने का फैसला लेना पड़ा। मुख्यमंत्री ने अपने छात्र जीवन को याद करते हुए कहा कि उन्होंने राजनीति छात्र जीवन से शुरू की और 26 वर्ष की आयु में शिमला नगर निगम का पार्षद बने। उन्होंने कभी सोचा नहीं था कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में लोगों की सेवा करने का अवसर मिलेगा। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने छात्रों को 5 लाख रुपए सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए देने की घोषणा की।

### नेरचौक मेडिकल कॉलेज को दी 8.37 करोड़ रुपए की सौगात

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंडी जिला के नेरचौक स्थित श्री लाल बहादुर शास्त्री राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल में 8.37 करोड़ रुपए की पांच परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास किए। उन्होंने 5.98 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले छात्र छात्रावास की आधारशिला रखी। उन्होंने चिकित्सा महाविद्यालय में 80 लाख रुपए की लागत से निर्मित राज्य प्रसूति प्रशिक्षण संस्थान एवं कौशल प्रयोगशाला, 6 लाख रुपए की लागत से निर्मित पोषण पुनर्वास केंद्र, 76 लाख रुपए की लागत से निर्मित व्यापक स्तनपान प्रबंधन केंद्र और 23 लाख रुपए की लागत से निर्मित एंडोस्कोपी इकाई का भी उद्घाटन किया।

# त्योहारी मांग से सोना 1.30 लाख रुपए के नए उच्चतम स्तर पर

## चांदी के दाम 1,85,000 रुपए प्रति किलोग्राम

एजेंसी, नई दिल्ली



'धनतेरस' से पहले खुदरा विक्रेताओं और आभूषण विक्रेताओं की भारी त्योहारी खरीदारी के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतें 2,850 रुपए मजबूत होकर पहली बार 1.30 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर को पार कर गईं।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,850 रुपये बढ़कर 1,30,800 रुपए प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई, जबकि पिछली सत्र में यह 1,27,950 रुपए पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 2,850 रुपए बढ़कर 1,30,200 रुपए प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जबकि इसका पिछला बंद भाव 1,27,350 रुपए प्रति 10 ग्राम था। चांदी भी 6,000 रुपए के उछाल के साथ 1,85,000 रुपए प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई, जो लगातार पांचवें दिन की बढ़त है। पिछले बाजार सत्र में यह 1,79,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

### आरबीआई का नया ऑफलाइन डिजिटल रुपया, इंटरनेट के बिना भी करें लेन-देन

**रिजर्व** बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने भारत के डिजिटल वित्तीय सफर में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए ऑफलाइन डिजिटल रुपया लॉन्च किया है। यह घोषणा मुंबई में आयोजित ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025 में की गई। इस फीचर के जरिए यूजर्स सीमित या बिना इंटरनेट कनेक्टिविटी वाले क्षेत्रों में भी भुगतान कर सकेंगे, जिससे डिजिटल रूप में कैश जैसी सुविधा मिलेगी। डिजिटल रुपया भारत का केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा है, जो फिजिकल रुपया का डिजिटल रूप है। इसे सीधे आरबीआई जारी करता है और यह कैश की तरह ही भरोसेमंद है।

# अडानी ग्रुप को मिल सकती हैं सहारा की 88 संपत्तियां

**एजेंसी, नई दिल्ली।** : सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार सहारा इंडिया कमर्शियल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की उस याचिका पर सुनवाई की गई, जिसमें अम्बी वैली और सहारा शहर जैसी संपत्तियों को अडानी प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड को बेचने की अनुमति मांगी गई है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को पक्षकार बनाने का निर्देश दिया। इसके साथ ही सहारा की याचिका पर विचार करने से पहले सभी पक्षों से विवादित और विवादित नहीं होने वाली संपत्तियों की डिटेल मांगी है। (अनंत ज्ञान)

# भारत में तीन खतरनाक कफ सिरप: डब्ल्यूएचओ

**एजेंसी, नई दिल्ली।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भारत में तीन मिलावटी कफ सिरप को लेकर चेतावनी जारी की। इनमें श्रीसन फार्मास्यूटिकल की कोल्ड्रिफ, रेडनेक्स फार्मास्यूटिकल्स की रेस्पिफ्रेश टीआर और शेप फार्मा की रीलाइफ की खेप शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार, डब्ल्यूएचओ ने कहा कि तीनों सिरप गंभीर जोखिम पैदा कर सकते हैं। ये जान के लिए खतरा पैदा करने वाली बीमारी का कारण भी बन सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- दीपावली पर एचआरटीसी हमीरपुर डिवीजन चलाएगा 107 स्पेशल बसें -पेज 2
- प्रदेश में पहली से छठी तक के बच्चे पढ़ेंगे सीबीएसई लेवल की पुस्तकें -पेज 5
- दो महीने से अंधेरे में क्यूर गांव, ग्रामीणों का फूटा गुस्सा -पेज 7
- ऊना को स्वस्थ समाज का मॉडल बनाना लक्ष्य : डीसी -पेज 10
- शिमला संसदीय सीट से पूर्व सांसद के बेटे पर रेप का आरोप -पेज 12

# शिमला पहुंचे राहुल गांधी, शांडिल और विक्रमादित्य ने किया स्वागत

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

कांग्रेस नेता और सांसद राहुल गांधी मंगलवार को शिमला पहुंचे। वह चंडीगढ़ से हेलिकॉप्टर द्वारा अन्नाडेल पहुंचे, जहां स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद राहुल गांधी का काफिला दोपहर एक बजकर पचास मिनट पर अन्नाडेल से छराबड़ा के लिए रवाना हुआ। जानकारी के अनुसार, राहुल गांधी शिमला निजी प्रवास पर आए हैं और एक-दो दिन छराबड़ा में रुक सकते हैं।



वहीं, प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा के भी शिमला पहुंचने की संभावना है। बता दें कि सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा बीते तीन दिनों से शिमला के छराबड़ा में मौजूद हैं। राहुल गांधी मंगलवार सुबह हरियाणा में थे, जिसके बाद वह शिमला पहुंचे। हालांकि उनका कोई आधिकारिक कार्यक्रम तय नहीं है, लेकिन माना जा रहा है कि वह परिवार के साथ कुछ समय यहीं छराबड़ा में बिताएंगे।

# जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में 2 आतंकवादी ढेर

**एजेंसी, जम्मू।** भारतीय सेना ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास माछिल सेक्टर में मंगलवार को घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी। इस दौरान उन्होंने दो आतंकवादियों को मार गिराया।



अधिकारियों ने बताया कि घुसपैठियों की मौजूदगी की आशंका को दूर करने के लिए तलाशी अभियान अभी भी जारी है। अधिकारियों ने बताया कि सैनिकों ने नियंत्रण रेखा के पास संदिग्ध हलचल देखी और गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद दोनों ओर से कुछ देर तक गोलीबारी हुई। इस गोलाबारी में भारतीय सेना ने दो आतंकियों को ढेर कर दिया। (अनंत ज्ञान)

# तीसा में बेटी का इलाज करवाने गई महिला से डॉक्टर ने किया अभद्र व्यवहार

ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान

**चंबा।** चंबा के तीसा सिविल अस्पताल में एक महिला ने नाइट ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर पर अपनी अढ़ाई साल की बच्ची के इलाज के दौरान अभद्र भाषा का प्रयोग करने का आरोप लगाया है। महिला ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर इस घटना का खुलासा किया। महिला का कहना है कि डॉक्टर ने फोन पर ही नर्स को दवाइयां बताईं, लेकिन जब उन्होंने सीधे डॉक्टर से बात की तो डॉक्टर ने अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। वहीं, डीसी चंबा मुकेश रेप्सवाल ने कहा कि जांच कमेटी को उचित कार्रवाई के लिए निर्देश दिए गए हैं और रिपोर्ट के बाद सख्त कदम उठाए जाएंगे। वहीं, चुराह के विधायक डॉ. हंसराज ने इस घटना को गंभीर बताते हुए डॉक्टर के तत्काल निलंबन की मांग की है। उन्होंने कहा कि ऐसे व्यवहार से जनता का स्वास्थ्य तंत्र पर भरोसा डगमगाता है, प्रशासन को बिना देरी कार्रवाई करनी चाहिए।



### क्या कहते बीएमओ

**सिविल** अस्पताल के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ऋषि पुरी ने बताया कि ड्यूटी डॉक्टर उस वक्त भोजन कर रहे थे, इसलिए फोन पर ही निर्देश दिए गए। अभी तक लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है, लेकिन शिकायत आने पर उचित जांच की जाएगी।

### सीएमओ ने बनाई जांच कमेटी

**चंबा** के सीएमओ डॉक्टर विपिन ने मामले की निष्पक्ष जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच कमेटी बनाई है, जिसमें महिला सदस्य और दो डॉक्टर शामिल हैं। डॉक्टर की शामिल नहीं है। कमेटी को तीन दिन में रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है।

# गड़बड़झाले की डिपार्टमेंटल इंक्वायरी में लेटलतीफी

विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग में हुए गड़बड़झाले की मुख्य आरोपी की डिपार्टमेंटल इंक्वायरी सुस्त रफ्तार के शिकंजे में फंस चुकी है। कारण यह है कि लगभग 3 साल पहले इस आयोग में जो गड़बड़झाला हुआ, उसके बाद संबंधित मुख्य आरोपी को चार्जशीट किया जाना था। यह प्रक्रिया तो काफी देरी के बाद मुकम्मल हो गई थी, लेकिन उसके बाद डिपार्टमेंटल इंक्वायरी को शुरू हुए लंबा वक्त हो गया है।

सवाल कई तरह के उठ रहे हैं। कारण यह भी है कि प्रदेश के युवा बेरोजगार इस घोटाले को लेकर न केवल परीक्षा के इंतजार में हैं, बल्कि यह भी उनके लिए जरूरी है कि कौन इसका मुख्य दोषी था? उसे सजा क्या मिली, विभाग ने अंदरुनी जांच में क्या निकाला?

इस डिपार्टमेंटल इंक्वायरी को लंबा वक्त क्यों लग रहा है इस पर भी कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। विजिलेंस की जांच तो अभी चल रही है। कई केस न्यायालय में चले गए हैं, लेकिन प्रदेशभर के बेरोजगार युवाओं को इस बात का इंतजार हो रहा है कि उनकी भर्ती का प्रोसेस आखिर कब शुरू होगा?





(फाइल फोटो)

- चार्जशीट के बाद शुरू हुई थी मुख्य आरोपी की जांच
- 3 साल बाद एचपीआरसीए लगा पहले लिखित परीक्षा

### ग्रुप इंस्ट्रक्टर के पदों की भर्ती नवंबर में होगी शुरू

**तकनीकी** शिक्षा विभाग में भरे जाने वाले 12 ग्रुप इंस्ट्रक्टर के पदों के लिए आयोग लिखित परीक्षा लेने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के माध्यम से यह पहले लिखित परीक्षा आयोजित होगी। सूत्रों के मुताबिक, इस पर आखिरी मुहर लग रही है और यह परीक्षा क्योंकि बहुत बड़े आवेदनों की नहीं है। इसमें आवेदन तो तकरीबन 6000 आए थे, लेकिन उसके बाद स्क्रूटनिंग के बाद यह संख्या डेढ़ हजार के आसपास रह गई है।

### वही पुराना स्टाफ

**गड़बड़झाला** जब इस आयोग में हुआ था, उसके बाद सरकार ने ऐलान किया था कि नए आयोग का मुकम्मल तौर पर निजाम बदला जाएगा। लेकिन ऐसा देखने में नहीं आया। केवल नाम बदला है और दो दर्जन के करीब पुराने आयोग के ही कर्मचारियों के सहारे मौजूदा आयोग अंदरुनी व्यवस्था को चला रहा है।

### क्या कहते हैं आयोग अध्यक्ष



**आयोग** के अध्यक्ष राजीव कुमार का कहना है कि इंक्वारी रिपोर्ट बहुत जल्दी तैयार हो जाएगी। इस पर काम जारी है, उनका कहना था कि इसमें हो सकता है थोड़ी देरी हुई हो, लेकिन अब बहुत जल्दी तैयार होगी। एग्जाम भी नवंबर महीने के मध्य से शुरू होने की उम्मीद है। इसके लिए मुकम्मल तौर पर तैयारी की जा रही है। पहली लिखित परीक्षा कौन से कोड के तहत होगी, इस पर अभी अंतिम फैसला लिए जाना है।

# बीजापुर में नक्सलियों ने की भाजपा कार्यकर्ता पूनम सत्यम की हत्या

**एजजेंसी, बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों ने एक बार फिर खौफ फैलाने की कोशिश की है। जानकारी के मुताबिक, मद्देड एरिया कमेटी ने एक भाजपा कार्यकर्ता पूनम सत्यम की हत्या कर दी है। नक्सलियों ने पूनम सत्यम पर मुखबिरी का आरोप लगाते हुए इस वारदात को अंजाम दिया। मृतक के शव के पास नक्सलियों ने एक पर्चा फेंका, जिसमें लिखा है कि मुखबिरी करने पर सजा दी गई है। पुलिस का कहना है कि पूनम सत्यम को नक्सली पिछले कई दिनों से टारगेट पर रखे हुए थे। अब जाकर उन्होंने उनकी हत्या की जिम्मेदारी खुद ली है। इस घटना से इलाके में भय और तनाव का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ हथियारबंद लोग बीती रात गांव के पास देखे गए थे। (अनंत ज्ञान)

# भारत बनेगा दुनिया का सबसे बड़ा एआई हब

एजेंसी, नई दिल्ली

- गूगल करेगा 1.33 लाख करोड़ रुपए का निवेश
- अमेरिका के बाहर विशाखापट्टनम में बनेगा एआई का सबसे बड़ा हब

गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की। इस बातचीत के दौरान पिचाई ने पीएम मोदी को बताया कि उनकी कंपनी अगले पांच साल में भारत में 15 बिलियन डॉलर यानी लगभग 1.33 लाख करोड़ रुपए निवेश करेगी।

इस बात की जानकारी पिचाई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट शेयर कर दी। पिचाई ने पीएम मोदी से बातचीत में आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में गूगल के पहले एआई हब का प्लान भी शेयर किया। गूगल ने विशाखापट्टनम में एक बड़ा डेटा सेंटर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) बेस शुरू करने का ऐलान किया है, जो अमेरिका के बाहर उसका सबसे बड़ा एआई हब होगा।

पिचाई ने इसे ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि यह हब गीगावाट-स्केल की कंप्यूटिंग कैपेसिटी, एक नए इंटरनेशनल सबमरीन केबल गेटवे और लार्ज स्केल एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर को जोड़ेगा। उन्होंने कहा कि इसके जरिए हम भारत में एंटरप्राइजेज और यूजर्स के लिए अपनी एडवांस टेक्नोलॉजी लाएंगे, एआई इनोवेशन को बढ़ावा देंगे और देशभर में विकास को गति देंगे। गूगल ने इस एआई डेटा सेंटर कैंपस के लिए अडाणी ग्रुप के साथ पार्टनरशिप की है। यह गूगल का भारत में अब तक का सबसे बड़ा निवेश है। कंपनी का कहना है कि यह पहल भारत सरकार के विकसित भारत 2047 विजन को सपोर्ट करेगी। (अनंत ज्ञान)

## राहत बीपाल-एम रेजिमेन दवा से क्षय रोग मुक्त होगा हिमाचल प्रदेश


# इलाज में क्रांति: अब 9 नहीं 6 महीने में मिलेगी टीबी से मुक्ति

आर मोहन चौहान, सोलन

देश समेत प्रदेश को क्षय रोग मुक्त बनाने के अभियान के तहत अब नई पद्धति से उपचार होगा। प्रदेशभर में जटिल यानी मल्टी ड्रग रेजिस्टेंट क्षय रोग (एमडीआर) का उपचार बीपाल-एम रेजिमेन से शुरू हो गया है।

खास बात है कि इस पद्धति से अब पहले से कम अवधि तक दवाओं का सेवन करना होगा, यानी अब 6 महीने ही इन दवाओं का सेवन कर रोगी स्वास्थ्य होगा। पहले नौ माह से दो वर्ष तक उपचार चलता था। अब इससे राहत मिल गई है। बीपाल-एम रजिमेन एक दवा है, जिससे एमडीआर टीबी का उपचार होगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने रोगियों का उपचार पद्धति से करना शुरू कर दिया है। वर्तमान में प्रदेश में करीब 50 एमडीआर टीबी के मरीजों का उपचार इसी पद्धति से चला हुआ है।

बीपाल-एम रेजिमेन में तीन दवाएं शामिल हैं, जो टीबी बैक्टीरिया को मारती हैं। बेडाक्विलाइन टीबी बैक्टीरिया के विकास को रोकता है और प्रीटोमेनाइड टीबी बैक्टीरिया को मारने में मदद करता है। बीपीएएलएम दवा प्रतिरोधी तपेदिक के लिए छह महीने का पूरी तरह से मौखिक उपचार है। प्रदेश में चली मुहिम के तहत पहले एक्टिव केस फाइंडिंग अभियान के तहत क्षय रोगियों का पता लगाया। इसके बाद 100 दिन टीबी कैंपेन के माध्यम से नए क्षय रोगियों का पता लगाया। साथ ही उनका उपचार शुरू किया गया। अब नई रजिमेन को प्रदेशभर में अपनाया गया है। आगामी दिनों में पता लगेगा कि यह पद्धति प्रदेशभर में कितनी सार्थक बनी है।



> **स्वास्थ्य** विभाग ने अस्पतालों में बीपाल-एम पद्धति से मरीजों का उपचार शुरू कर दिया है। छह माह में मरीज ठीक हो जाएंगे। एमडीआर टीबी का उपचार पहले नौ माह से दो वर्ष के बीच चलता था। अब इससे राहत मिल गई है। -डॉ. योगेश गुप्ता, जिला कार्यक्रम अधिकारी (क्षय रोग)

अनंत ज्ञान स्पैशल

### बेसलाइड सीडीएसटी सैंपल की भी जांच

**दवा** शुरू करने के बाद बेसलाइन सीडीएसटी सैंपल की भी जांच होगी। इससे किसी दवा से रजिस्टेंसन के बारे में पता लगेगा। वहीं फॉलोअप मरीज का उपचार के दौरान 2, 3, 4, 5 और 6 वें महीने के सैंपल समय से जांच के लिए भेजा जाएगा। बीपाल रेजिमेन शुरू करने से पहले भी बेसलाइड सीडीएसटी सैंपल भेजा जाता है। यदि बेसलाइन सैंपल में किसी दवा से रजिस्टेंसन आता है, तो बीपाल रेजिमेन बंद करनी होगी। चौथे माह के बाद कोई फॉलोअप सैंपल पॉजीटिव होने की दशा में या किसी दवा से ग्रेड 3 व 4 के साइड इफेक्ट होने की दशा में बीपाल रेजिमेन बंद किया जाएगा। पहले टीकाकरण व अन्य से उपचार किया जाता था। दावा है कि छह माह बाद बीपाल-एम पद्धति से रिजर्ट सामने आने शुरू हो जाएंगे। दवा लेने के लिए मरीज की उम्र 14 साल से अधिक होनी चाहिए। इसी तरह मरीज ने डीआरटीबी की दवा एक माह से कम ली हो। पुरुष मरीज की क्यूटीसी (ईसीजी) 450 और महिला की क्यूटीसी 470 से अधिक न हो। गर्भवती न हो, बच्चे को दूध पिलाने वाली मां न हो, यदि गर्भवती है तो एमटीपी के लिए सहमति जरूरी है।

## न्यूज ब्रीफ

### समीरपुर में 16 व 17 को बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल टौणी देवी में 16 अक्तूबर को लाइनों की आवश्यक मरम्मत और लाइनों के आसपास पेड़ों की काट-छांट के कार्य के चलते गांव पंजोत, बगवाड़ा, समीरपुर, अवाह देवी, संगरोह, दरब्यार, टिक्करी, बुहाणा, मतलाणा, लगवाल बस्ती, पटनौण, झनिक्कर, बराड़ा और आस-पास के गांवों में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली बाधित रहेगी। इसी प्रकार, 17 अक्तूबर को टौणी देवी, टपरे, स्वाहलवा, खंदेहड़ा, नाड़सीं, ककड़यार, हरसन, काले अंब, भारीं, भलेड़ा, गाहरा, मंझोट, रोपा, सेर स्वाहल, भाटी और आस-पास के गांवों में भी सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता दीपक चैहान ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### ताल, भ्याड़ में 17 को लगेगा पावर कट

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल लंबलू के ताल अनुभाग में 17 अक्तूबर को लाइनों की आवश्यक मरम्मत के चलते गांव ताल, तत्तापानी, राहजोल, बुमाणा, जलग्रां, बुथवीं, महल, भ्याड़, पिपलू, पंतेड़ी और आस-पास के गांवों में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता ज्ञान चंद भाटिया ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### डिडवीं, टिक्कर में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल लंबलू के अधीन मट्टनसिद्ध-टिक्कर फीडर की आवश्यक मरम्मत के चलते 16 अक्तूबर को हलाणा, छत्तर, कोहली, डोडरू, जोल, कसीरी, धरोग, साई, कैहडरू, समराला, टिक्कर, उझाण, धरनासी, डिडवीं, चैकी कनकरी और आस-पास के गांवों में सुबह 9 से सायं 6 बजे तक बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता ज्ञान चंद भाटिया ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### बड़सर में होने वाले ड्राइविंग टेस्ट स्थगित

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर में होने वाले ड्राइविंग टेस्ट एवं गाड़ियों की पसिंग स्थगित कर दी गई है। बड़सर एसडीएम कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 17 अक्टूबर को होने वाले व्हीकल पासिंग तथा ड्राइविंग टेस्ट कैंसिल कर दिए गए हैं। इसकी पुष्टि एसडीएम बड़सर राजेंद्र गौतम ने की है।

### शिवांश ने रंगो-उत्सव स्पर्धा में मारी बाजी

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज उपमंडल की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाह्नवीं के छात्र शिवांश ने गौना-करौर में आयोजित रंगो-उत्सव प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इससे पहले ब्लॉक स्तर पर भी शिवांश ने प्रथम स्थान हासिल किया था, जिसके बाद उनका चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। विद्यालय के प्रिंसिपल निर्मल ने शिवांश, उसके अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह विद्यालय के लिए गर्व की बात है। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों से भी आह्वान किया कि वे शिवांश से प्रेरणा लें ।

### सुलगवान चौक हाई मास्क सोलर लाइट से रोशन

**अनंत ज्ञान, जाहू।** उपमंडल भोरंज के सुलगवान चौक में अब रात के समय भी उजाला बना रहेगा। भोरंज विधायक के सौजन्य से चौक पर हाई मास्क सोलर लाइट स्थापित की गई है, जिससे न केवल रौशनी फैली है, बल्कि चौक की सुंदरता में भी चार चाँद लग गए हैं। स्थानीय लोगों में इस पहल को लेकर खासा उत्साह है। उनका कहना है कि अब रात को आवागमन आसान होगा और सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। विधायक ने बताया कि सोलर लाइटें ऊर्जा संरक्षण के साथ-साथ पर्यावरण के लिए भी हितकारी हैं और भोरंज क्षेत्र को आधुनिक रूप देने की दिशा में यह छोटा लेकिन अहम कदम है। उन्होंने यह भी कहा कि भोरंज विधानसभा क्षेत्र में चरणबद्ध विकास कार्यों पर निरंतर काम किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने विधायक का आभार जताते हुए कहा कि सुलगवान चौक अब सच में 'जगमग चौक' बन गया है।

### टौणी देवी में मानसिक स्वास्थ्य पर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में बाल विकास विभाग के सौजन्य से 'किशोरावस्था में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व' विषय पर जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। मनोवैज्ञानिक शीतल वर्मा ने छात्रों को बताया कि किशोरावस्था में मानसिक संतुलन बनाए रखना बेहद जरूरी है, क्योंकि यही समय आत्मविश्वास, एकाग्रता और निर्णय क्षमता के विकास का होता है। उन्होंने कहा कि मानसिक रूप से सशक्त किशोर ही जीवन की चुनौतियों का सामना सकारात्मकता के साथ कर सकते हैं। सेमिनार में संतुलित आहार, योग, ध्यान और स्क्रीन टाइम कम करने जैसे सुझाव दिए गए। बाल विकास परियोजना अधिकारी कुलदीप चौहान ने विभाग की योजनाओं जैसे पोषण अभियान, किशोरी शक्ति योजना और आंगनबाड़ी सेवाओं की जानकारी दी।

### प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना को लेकर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज में मंगलवार को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना पर विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य उपभोक्ताओं को सोलर पैनल की स्थापना, योजना के लाभ और पात्रता से जुड़ी जानकारी प्रदान करना रहा। कार्यक्रम में एसडीएम शशिपाल शर्मा मुख्य अतिथि रहे। शिविर में विद्युत विभाग और स्टेट बैंक के अधिकारियों ने योजना की विशेषताओं को विस्तार से समझाया। बताया गया कि इस योजना के तहत पात्र उपभोक्ता अपनी छतों पर सोलर पैनल लगाकर न सिर्फ घरेलू बिजली खर्च कम कर सकते हैं, बल्कि अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में भेजकर आर्थिक लाभ भी कमा सकते हैं। बैंक अधिकारियों ने बताया कि योजना के तहत सब्सिडी, ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया और आसान ऋण सुविधा उपलब्ध है। सहायक अभियंता वीरेंद्र कुमार ने लोगों से योजना में भाग लेने की अपील की और कहा कि यह कदम स्वच्छ ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

### टैक्सी यूनियन करेगी नई कार्यकारणी गठित

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** जय गुग्गा टैक्सी यूनियन गलोड़ 19 अक्टूबर रविवार को गलोड़ में बैठक का आयोजन करेगी। इस बैठक में पुरानी कार्यकारिणी को भंग किया जाएगा और उसी दिन नई कार्यकारिणी का भी गठन किया जाएगा। टैक्सी यूनियन के मौजूदा सचिव नरेश कुमार काकू ने जानकारी देते हुए बताया कि इस यूनियन के अंतर्गत जितने भी पंजीकृत सदस्य हैं वह सभी रविवार को 10 बजे गलोड़ शिव मंदिर या टैक्सी स्टैंड में एकत्रित हो जाएं। उन्होंने बताया कि जो भी सदस्य इस बैठक में शामिल नहीं होगा वह सदस्य नई कार्यकारिणी या अन्य किसी भी गतिविधि या भविष्य में यूनियन के बारे में टीका टिप्पणी नहीं कर पाएगा।उन्होंने बताया कि इस दिन जो भी नई टेक्सी गाड़ियां गलोड़ बाजार या आसपास के क्षेत्रों में आई हैं वह भी उसी दिन पंजीकृत की जाएगी और उन्हें भी यूनियन की सदस्यता प्रदान की जाएगी।

### प्रदर्शनी में 'वोकल फॉर लोकल' का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** बाल विकास परियोजना सुजानपुर के अंतर्गत वार्ड नंबर-2 में पोषण अभियान के अंतर्गत वृत्त स्तरीय कैंप का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता वृत्त पर्यवेक्षक एवं संरक्षण अधिकारी प्रदीप चौहान ने की। इस अवसर पर 'वोकल फॉर लोकल' थीम पर आधारित गतिविधियां आयोजित की गई। इसके तहत लोकल तथा मोटे अनाज के उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई और पूरक पोषाहार रेसिपियों का प्रदर्शन भी किया गया। प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को मोटे अनाजों का महत्व तथा इनके लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। औषधीय पौधे प्रदर्शित करके इनके फायदे के बारे में भी विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। शिविर में लगभग 50 महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर ब्लॉक कोऑर्डिनेटर पंकज कुमार भी उपस्थित थे।

### कर्मियों को स्टार लगाकर किया अलंकृत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक जिला हमीरपुर व जिला पुलिस हमीरपुर के सभी पद के अधिकारियों व कर्मचारियों की ओर से जिन पुलिस कर्मचारियों की पदोन्नति हुई है उन्हें बधाई दी। पदोन्नत होने वाले उप निरीक्षक प्रकाश चन्द, सहायक उप निरीक्षक सुनील कुमार, सहायक उप निरीक्षक अनिल चंदेल, सहायक उप निरीक्षक विनीत शर्मा इन सभी पुलिस कर्मचारियों की पदोन्नति के अवसर पर पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने जिला के अन्य अधिकारियों के साथ मिलकर उनको उप निरीक्षक व सहायक उप निरीक्षक के पदों पर पदोन्नत होने पर स्टार लगा कर नए पद से अलंकृत किया गया।

### चंदरूही-तताहर सड़क पर टायरिंग शुरू

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** बस्सी से तताहर तक फुल डेप्थ रिक्लेमेशन तकनीक से बनी सड़क पर टायरिंग का काम शुरू हो गया है। लंबे समय से धूल-मिट्टी और गड्ढों से परेशान स्थानीय लोग अब इस बेहतर सड़क के निर्माण से खुश हैं। नगरोटा के पास नालियों का निर्माण युद्धस्तर पर चल रहा है ताकि जल निकासी सही हो और सड़क बरसात में सुरक्षित रहे। लोक निर्माण विभाग ने चन्दरूही से तताहर मार्ग को 18 अक्तूबर तक पूरी तरह वाहनों के लिए बंद रखा है। विभाग ने पहले ही सूचना जारी कर वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने को कहा है। भोरंज उपमंडल के एसडीओ राजेश कुमार ने बताया कि गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए सड़क निर्माण तेजी से चल रहा है। ग्रामीणों ने विभाग को धन्यवाद दिया और कहा कि नई सड़क से क्षेत्र के कई गांवों को लाभ होगा।

# दीपावली पर एचआरटीसी हमीरपुर डिवीजन चलाएगा 107 स्पेशल बसें

## दिल्ली, चंडीगढ़ व नालागढ़-बद्दी के लिए 17 से चलेंगी बसें, ऑनलाइन बुकिंग शुरू

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** हिमाचल पथ परिवहन निगम इस बार भी दिवाली पर यात्रियों की सुविधा के लिए हमीरपुर डिवीजन दिल्ली, चंडीगढ़ और नालागढ़ बद्दी रूट पर 107 स्पेशल बसें चलाएगा। इससे दिवाली पर घर आने वाले लोगों की निगम की बसों में सुविधा मिलेगी। इसके लिए निगम ने बस में सीट लेने के लिए ऑनलाइन बुकिंग भी शुरू कर दी है।



बता दें कि हमीरपुर डिवीजन के तहत दिल्ली के लिए हमीरपुर, देहरा, उना, नालागढ़, बिलासपुर से 17 अक्तूबर से वोल्वो के अलावा साधारण 15 बसें जाएंगी। 18 अक्तूबर को 20 और 19 अक्तूबर को 4 बसें दिल्ली जाएंगी। इसके अलावा चंडीगढ़ के लिए हमीरपुर, देहरा, ऊना और बिलासपुर से बसें जाएंगी। इसमें 17 अक्तूबर को 23, 18 अक्टूबर को 22 और 19 अक्तूबर को 17 बसें जाएंगी। दिल्ली और चंडीगढ़ के अलावा नालागढ़ और बद्दी के लिए हमीरपुर, देहरा, बिलासपुर से 17 और 18 अक्टूबर को कुल 6 बसें चलाएंगी। गौर रहे कि दिवाली को लेकर सभी लोग अपने घर आते हैं ऐसे में यात्रियों की बहुत अधिक भीड़ हो जाती है जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। लोगों की सुविधा के लिए प्रत्येक वर्ष परिवहन निगम बसें चलाता है जिससे किसी को परेशानी का सामना न करना पड़े। इसलिए जो भी लोग घर आने वाले हैं वे अभी से ही ऑनलाइन बुकिंग करवा सकते हैं।

इस बारे में उपमंडलीय प्रबंधक राज कुमार पाठक ने बताया कि स्पेशल बसों की ऑनलाइन बुकिंग शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए यह बसें चलाई गई हैं और यदि कहीं और से भी बसें भेजने की डिमांड आती है तो वहां पर भी बसें भेजी जाएंगी। उन्होंने बताया कि दिवाली के बाद भी स्पेशल बसें चलाई जाएंगी।

## दिवाली पर पटाखे बिक्री के लिए प्रशासन से अनुमति लेना अनिवार्य

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** दिवाली पर्व को देखते हुए आगजनी और पटाखों की बिक्री को नियंत्रित करने के लिए उपमंडल अधिकारी राजेंद्र कुमार गौतम की अध्यक्षता में एसडीएम कार्यालय बड़सर में विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में पटाखों की बिक्री के लिए खुले स्थानों का चयन किया गया, जिनमें मैहरे विद्युत कार्यालय के सामने मैदान, बड़सर सिविल न्यायालय के पास मैदान, बिझड़ी ताल स्टेडियम, भोटा में बीएसएनएल कार्यालय के सामने क्षेत्र, सलोनी पटवार सर्कल के पास खुला मैदान तथा चकमोह पंचवटी चौक शामिल हैं।

पटाखा विक्रेताओं को संबंधित तहसीलदार से अनुमति लेकर ही दुकान लगाने की अनुमति होगी। बिना लाइसेंस पटाखों की बिक्री प्रतिबंधित रहेगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यदि कोई दुकानदार बिना अनुमति व्यक्तिगत स्थान पर पटाखे रखता है और दुर्घटना होती है तो उसकी जिम्मेदारी व्यक्तिगत होगी, तथा प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा। बैठक में पुलिस, दमकल विभाग, पीडब्ल्यूडी, व्यापार मंडल और स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## बाबा बालकनाथ मंदिर में गबन को लेकर राज्यपाल स्वयं करें हस्तक्षेप



▶ राष्ट्रीय एकता बल संस्था ने एसडीएम के माध्यम से राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, बड़सर**

बाबा बालकनाथ मंदिर दियोटसिद्ध ट्रस्ट में सामने आ रही वित्तीय अनियमितताओं और दान राशि के दुरुपयोग को लेकर श्रद्धालुओं एवं आम जनता में गहरा रोष है। इसी गड़बड़झाले को लेकर स्थानीय लोगों और राष्ट्रीय एकता बल संस्था ने एसडीएम बड़सर के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन भेजा है जिसमें ट्रस्ट के पिछले 10 वर्षों के स्वतंत्र ऑडिट करवाने की मांग की है।

संस्था ने आरोप लगाया गया है कि ट्रस्ट प्रशासन लंबे समय से अतिरिक्त कार्यकाल पर काम कर रहा है और स्थायी अधिकारी की अनुपस्थिति के कारण मंदिर में अव्यवस्था बढ़ती जा रही है। यही नहीं श्रद्धालुओं ने भी आरोप लगाया है कि हाल ही में दान राशि की चोरी और गबन के मामले सामने आए हैं, जिनमें कुछ कर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इसके बावजूद ट्रस्ट के कामकाज में कोई सुधार नहीं हुआ है। यह मामला केवल धन के दुरुपयोग का नहीं, बल्कि करोड़ों भक्तों की आस्था से जुड़ा मामला है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने शीघ्र कार्रवाई नहीं की, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को विवश होंगे। राष्ट्रीय एकता बल संस्था के संयोजक रमेश शर्मा ने कहा कि सिद्धपीठ का पारदर्शी संचालन आवश्यक है। हम चाहते हैं कि राज्यपाल महोदय स्वयं हस्तक्षेप कर ट्रस्ट की जांच स्वतंत्र एजेंसी से करवाएं, ताकि श्रद्धालुओं का विश्वास बना रहे।

# एनआईटी हमीरपुर में थिंक इंडिया का गठन, रजनीश कुमार बने कैंपस कन्विनर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

थिंक इंडिया एनआईटी हमीरपुर की कार्यकारिणी टीम की घोषणा कर दी है। इस कार्यक्रम में संगठन मंत्री अभिलाष शर्मा व जिला थिंक इंडिया संयोजक गौरव राजपूत चुनाव अधिकारी के रूप में उपस्थित रहे। इसमें नई टीम में विभिन्न पदों पर विद्यार्थियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है ।

टीम का नेतृत्व राजनीश कुमार को कैंपस कन्विनर के रूप में सौंपा गया है। वहीं प्रीति प्रिया को कैंपस को-कन्विनर की जिम्मेदारी दी गई है। यश मोहारे और सुरभि पराशर को को-कन्वीनर नियुक्त किया गया है। आशमित गुप्ता को जनरल सेक्रेटरी, प्रद्युम्न कुमार शर्मा को कोषाध्यक्ष, तथा सोनाली मुखर्जी को सह-कोषाध्यक्ष बनाया गया है। विपिन देव रॉय को हेड ऑफ रिसर्च एंड पॉलिसी, आनंद त्रिपाठी को हेड ऑफ इवेंट एंड आउटरीच व चंदन को हेड ऑफ मीडिया एंड कम्युनिकेशन नियुक्त किया गया है। शशिकांत कुमार को हेड ऑफ वॉलंटियरिंग एंड सोशल इनिशिएटिव्स, सुमित कुमार को सीनियर कोऑर्डिनेटर (ऑपरेशन्स), तथा मो. मोहम्मद को जॉइंट सेक्रेटरी (कैंपस आउटरीच) बनाया गया है। टीम में अनंत कुमार को डॉक्यूमेंटेशन एंड कंटेंट लीड का दायित्व सौंपा गया है।

इस अवसर पर संगठन मंत्री अभिलाष शर्मा ने नई टीम को बधाई दी और कहा कि थिंक इंडिया के कार्यकर्ता राष्ट्र निर्माण के लक्ष्य को लेकर सदैव समर्पित रहें। उन्होंने विश्वास जताया कि नई टीम शिक्षा, समाज सेवा और नेतृत्व विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करेगी। यह नई कार्यकारिणी थिंक इंडिया एन.आई.टी हमीरपुर के मूल उद्देश्यों ज्ञान, सेवा और राष्ट्र निर्माण को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। संगठन ने बताया कि यह टीम आने वाले शैक्षणिक वर्ष में शैक्षिक, सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाएगी।

## फूड सेफ्टी विभाग ने 22 किलो खराब मिठाई करवाई नष्ट

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मंगलवार को फूड सेफ्टी विभाग की टीम ने डिडवीं टिक्कर, ताल और मट्टन सिद्ध और डुग्गा के क्षेत्रों में मिठाई की दुकानों का निरीक्षण किया। चैकिंग के दौरान टिक्कर में वासी रसगुल्ले और ताल में वासी बेसन पाया गया उसे मौके पर ही अधिकारियों ने 22 किलो खराब मिठाई को नष्ट करवाया। इस दौरान क्षेत्र की दुकानों से मिल्क केक, बर्फी, रसगुल्ला, गुलाब जामुन, चम चम, बेसन, कलाकंद, बेसन डोडा बर्फी और पेठा के 12 सैंपल लिए हैं। मिठाइयों की चेकिंग के अलावा मिठाई की दुकानों पर तलने के लिए प्रयोग किए जाने वाले तेल की भी जांच की गई। फूड सेफ्टी ऑफिसर डॉ. अभिषेक ने बताया कि सभी खाद्य व्यापार संचालकों को खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के सभी प्रावधानों का पालन करने के सख्त निर्देश जारी किए गए हैं।

## बचाव कार्यों के लिए सभी पंचायतों को मिलेंगे उपकरण: अमरजीत सिंह

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

▶ पहले चरण में जिला की दस पंचायतों को दिया आवश्यक सामान

किसी भी तरह की आपात परिस्थिति के दौरान बचाव कार्यों को तत्परता के साथ अंजाम देने तथा इसके लिए पंचायत स्तर तक आवश्यक प्रबंध करने के लिए अब प्रदेश सरकार सभी ग्राम पंचायतों को सुरक्षा किट्स एवं आवश्यक उपकरण प्रदान करेगी। मंगलवार को जिला हमीरपुर में भी इन सुरक्षा किट्स एवं उपकरणों का वितरण आरंभ कर दिया गया है।

उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने जिला की दस पंचायतों को यह सामान प्रदान करके इस अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की आपात परिस्थिति में स्थानीय लोग ही सबसे पहले घटनास्थल पर पहुंचते हैं। अगर इन लोगों के पास मौके पर ही आवश्यक उपकरण हों तो वे तुरंत बचाव कार्य आरंभ कर सकते हैं तथा जान-माल के नुकसान को रोक सकते हैं। इसी के मद्देनजर, जिला की सभी ग्राम पंचायतों को सुरक्षा किट्स एवं उपकरण उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। पहले चरण में दस पंचायतों को यह सामान दिया जा रहा है। इसमें सेफ्टी हेलमेट, सर्च लाइट, स्ट्रेचर, मैगाफोन, रस्सियां, हैमर, फर्स्ट एड किट और अन्य सामान शामिल है। उपायुक्त ने सभी पंचायत जनप्रतिनिधियों से इसका सदुपयोग करने की अपील की। एडीसी अभिषेक गर्ग ने भी पंचायत जनप्रतिनिधियों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर एसडीएम संजीत सिंह, कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष सुमन भारती, डीडीएमए की जिला समन्वयक (प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण) समीक्षा शर्मा, जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र के प्रभारी भानु शर्मा और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## भरेड़ी से भौर वाया जोल-कोहटा सड़क मार्ग एक माह रहेगा बंद

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत भरेड़ी से भौर वाया जोल कोहटा सड़क मार्ग आगामी एक माह तक वाहनों की आवाजाही के लिए बंद रहेगा। लोक निर्माण विभाग भोरंज की ओर से यह निर्णय सड़क के विभिन्न स्थानों पर टाइल लगाने और मरम्मत कार्य को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। विभाग का कहना है कि कार्य पूरा होने के बाद मार्ग को पुन: यातायात के लिए खोल दिया जाएगा। भोरंज लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता राजेश ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस सड़क पर लंबे समय से सुधार कार्य की मांग की जा रही थी। अब विभाग ने इस मार्ग को बेहतर बनाने के लिए टाइल बिछाने और आवश्यक निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि दिवाली पर्व के दौरान स्थानीय जनता की सुविधा को देखते हुए यह मार्ग दो या तीन दिनों के लिए अस्थायी रूप से खोला जाएगा, ताकि लोगों को आने-जाने में असुविधा न हो। सहायक अभियंता ठाकुर ने क्षेत्र के वाहन चालकों व स्थानीय निवासियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि कार्य के दौरान सड़क पर भारी मशीनरी व निर्माण सामग्री तैनात रहेगी, इसलिए सुरक्षा की दृष्टि से मार्ग को बंद रखना आवश्यक है।

## हिम अकादमी के छात्रों ने योग में दिखाई ताकत, राज्यस्तरीय स्पर्धा में हुई एंट्री



हिम अकादमी पब्लिक स्कूल के विजेता योगा खिलाड़ी पुरस्कार प्राप्त करते हुए।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

सीनियर सेकेंडरी स्कूल बाल हमीरपुर में आयोजित जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर हमीरपुर के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में छात्र वर्ग अंडर-19 ने समग्र विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि छात्रा वर्ग अंडर-19 उपविजेता रहा। विशेष रूप से छात्र टीम का चयन अब एसजीएफआई राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता के लिए किया गया है, जो विद्यालय समुदाय के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। छात्र वर्ग में यशोवर्धन अत्री कक्षा 11 ने पारंपरिक योगासन में स्वर्ण पदक, गौरव ठाकुर कक्षा 11 एवं आयुष चांगरा कक्षा 10 ने रिदमिक योगासन युगल में स्वर्ण पदक, जबकि देवाशीष शौरी कक्षा 10 और ओम अर्जित कक्षा 9 ने आर्टिस्टिक योगासन युगल में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं छात्रा वर्ग में साई कृति ने आर्टिस्टिक सोलो में रजत पदक, अवंतिका कक्षा 10 और अनिका गुप्ता कक्षा 10 ने आर्टिस्टिक युगल में रजत पदक, तथा अवंतिका कक्षा 10 और इनाया अत्री कक्षा 9 ने रिदमिक युगल में रजत पदक जीता। विद्यालय प्रबंधन ने सभी विजेता विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के योगा कोच जिम्मी ठाकुर ने अपने मार्गदर्शन और सतत प्रशिक्षण से विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तैयार किया।

## विजिलेंस जांच खत्म कर अधीक्षण अभियंता मित्र को बनाया सीईओ: राणा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता व पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री अपने नजदीकी अधिकारियों को बचाने और उन्हें ऊंचे पदों पर बिठाने के लिए नियम-कायदों की खुली धज्जियां उड़ा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि हिमुडा में विजिलेंस जांच का सामना कर रहे एक अधीक्षण अभियंता को पहले चीफ इंजीनियर व फिर सीईओ बना दिया गया, जबकि बेरोजगार युवाओं के लिए दरवाजे बंद कर दिए गए हैं। राणा ने कहा कि सुक्खू सरकार ने हिमुडा विभाग में 633 पदों में से 327 पद समाप्त कर दिए, जो कुल पदों का लगभग 55 प्रतिशत से अधिक है। उन्होंने हिमुडा में पदों की समाप्ति का विवरण देते हुए बताया कि सीनियर असिस्टेंट के 58 में से 42 पद, क्लर्क के 24 में से 24 पद, डिविजनल अकाउंटेंट के 7 में से 7 पद, स्टेनो टाइपिस्ट के 9 में से 9, और सर्वेयर के 8 में से 8 पद रद्द कर दिए गए। राजेंद्र राणा ने कहा कि कई पदों की समाप्ति में तो सरकार ने 100 प्रतिशत स्ट्राइक रेट हासिल कर ली है। उन्होंने कहा कि सिरमौर जैसे पिछड़े जिले में हिमुडा का डिवीजन बंद कर दिया गया।

# लंबित मांगों को लेकर पेंशनर्स में बढ़ रहा रोष

## पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को सौंपा मांगों का ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



जिला पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन हमीरपुर के अध्यक्ष एसके कौड़ा और महासचिव मनोहर लाल कानूनगो के नेतृत्व में 60 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त हमीरपुर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। इसमें पेंशनरों की वर्षों से लंबित मांगों को शीघ्र पूरा करने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया है कि पेंशनर्स की प्रमुख मांगों पर सरकार की निष्क्रियता से उनमें असंतोष बढ़ रहा है। दिवाली से पहले कार्रवाई की मांग करते हुए एसोसिएशन ने आग्रह किया है कि पेंशनर्स के लिए जेसीसी (जॉइंट कंसल्टेटिव कमेटी) का गठन शीघ्र किया जाए ताकि उनके मुद्दों पर सरकार के साथ उचित संवाद हो सके।

उन्होंने मांग की कि 1 जनवरी 2016 से 31 जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत्त हुए पेंशनर्स को ग्रेच्युटी, लीव इनकैशमेंट व कंप्यूटेशन सहित सभी वित्तीय लाभ तत्काल जारी किए जाएं। हिमाचल पथ परिवहन निगम के पेंशनरों को प्रत्येक माह की पहली तारीख को पेंशन मिले। इसके अतिरिक्त, 16 प्रतिशत महंगाई राहत की पांच किस्तों को दीपावली से पूर्व जारी करने और पहले दी गई दो किस्तों के 21-21 माह के बकाया का भुगतान करने की भी मांग उठाई गई।

पेंशनर्स ने यह भी कहा कि छठे वेतन आयोग की केवल एक किस्त देने के बाद बाकी बकाया अब तक लंबित है जिसे एकमुश्त दिया जाए। साथ ही, 2024 के बाद सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के पेंशन केस महालेखाकार कार्यालय में लटके हुए हैं, जिन्हें शीघ्र निपटाया जाए। प्रतिनिधिमंडल में एसडी गुलजार, पुरुषोत्तम कालिया, विपिन सोनी, मिलाप ठाकुर, ओपी नंदा, बीसी शर्मा, लश्करी राम, अजय शर्मा समेत कई वरिष्ठ सदस्य शामिल थे। पेंशनर्स ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते समस्याएं हल नहीं हुई, तो आंदोलन की राह अपनाई जा सकती है।

▶ दीपावली से पहले समस्याओं के समाधान की उठाई मांग

**कार्यक्रम** 'समर्थ-2025' अभियान के तहत डीडीएमए हमीरपुर ने करवाई 'रन फॉर रेजिलियंस'

# आपदा जागरूकता के लिए बच्चों से लेकर बुजुर्ग दौड़े

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस (आईडीडीआरआर) के उपलक्ष्य पर 'समर्थ-2025' जागरुकता अभियान के तहत जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) हमीरपुर ने मंगलवार सुबह चार अलग-अलग आयु वर्गों के लिए दौड़ प्रतियोगिता 'रन फॉर रेजिलियंस' आयोजित की, जिसमें लगभग 258 बच्चों, युवाओं और अन्य लोगों ने भाग लेकर आपदाओं से बचाव का संदेश दिया।



'रन फॉर रेजिलियंस' में विभिन्न आयु वर्गों में करीब 258 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

उपायुक्त एवं डीडीएमए के अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने सुबह 7 बजे हीरानगर के चिल्ड्रन पार्क से इन प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 'रन फॉर रेजिलियंस' का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को आपदाओं से बचाव के प्रति जागरुक करना है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की अपील भी की। इसके बाद चिल्ड्रन पार्क में आयोजित पारितोषिक वितरण समारोह में एसपी भगत सिंह ठाकुर ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। महिला और पुरुष के चारों अलग-अलग आयु वर्गों में प्रथम पुरस्कार के रूप में 4100 रुपए नकद एवं मेडल, द्वितीय पुरस्कार 3100 रुपए एवं मेडल और तृतीय पुरस्कार के रूप में 2100 रुपए एवं मेडल प्रदान किए गए। इनके अलावा चौथे से दसवें स्थान तक के धावक-धाविकाओं को पांच-पांच सौ रुपए के पुरस्कार दिए गए। एसपी ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता आयोजित करके डीडीएमए ने एक बहुत ही सराहनीय पहल की है। इससे पहले, एडीसी अभिषेक गर्ग ने उपायुक्त, एसपी, अन्य वरिष्ठ अधिकारियों, प्रतियोगिता के लिए नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियों और सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा आयोजन में सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एएसपी राजेश कुमार, एसडीएम संजीत सिंह, डीएसपी नितिन चौहान, उच्चतर शिक्षा उपनिदेशक डॉ. मोही राम चैहान और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### 7 से 10 वर्ष तक के लड़कों की 800 मीटर दौड़ में रिशान विजेता

'रन फॉर रेजिलियंस' में 7 से 10 वर्ष तक के लड़कों की 800 मीटर दौड़ में रिशान ठाकुर ने पहला, प्रिंस धनखड़ ने दूसरा और रिहान सूर्यवंशी ने तीसरा स्थान हासिल किया। लड़कियों के वर्ग में धान्या राणा, ऋषिता और शान्या क्रमशः पहले तीन स्थानों पर रही। 11 से 16 वर्ष के लड़कों की 3 किलोमीटर दौड़ में प्राकुल सिंह प्रथम, पंकज खरयाल द्वितीय और नक्ष चैहान तृतीय रहा। लड़कियों में शाइन प्रथम, मन्नत द्वितीय और कामिनी तृतीय रही। 17 वर्ष से 40 वर्ष तक की महिलाओं की 6 किलोमीटर दौड़ में ऋचा शर्मा पहले, राशि दूसरे और सुहानी तीसरे स्थान पर रही। पुरुषों में आर्यन पहले, अतुल शर्मा दूसरे और आदित्य ठाकुर तीसरे स्थान पर रहे। 40 वर्ष से अधिक आयु के पुरुषों की 6 किलोमीटर दौड़ में मदन सिंह प्रथम, विनोद कुमार द्वितीय और तरप्रीश्त कुमार तृतीय रहे। जबकि, महिलाओं के वर्ग में अनुपमा शर्मा ने पहला व रचना पटियाल ने दूसरा स्थान हासिल किया।

## रामलीला में कुंभकर्ण बना आकर्षण का केंद्र, नींद से उठते ही किया रावण का विरोध



**सुनील कुमार, अनंत ज्ञान**

**जाहू।** भोरंज उपमंडल के मन्वी गांव में चल रही रामलीला में सोमवार रात कुंभकर्ण का दृश्य दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना। कुंभकर्ण की भूमिका में चार्टर्ड अकाउंटेंट विक्की शर्मा ने शानदार अभिनय कर मंच पर धमाल मचा दिया।

कथा के अनुसार, रावण अपने सेनापतियों को कुंभकर्ण को जगाने भेजता है, जो ढोल-नगाड़ों और हाथियों-घोड़ों के शोर से उसे नींद से उठाते हैं। जागने के बाद कुंभकर्ण को स्वादिष्ट भोजन कराया जाता है और रावण की स्थिति समझाई जाती है।

कुंभकर्ण रावण को समझाता है कि उसने भगवान राम से बैर कर गलत किया है और सीता माता को लौटाने की सलाह देता है, लेकिन रावण न मानते हुए उसे युद्ध के लिए तैयार करता है। वहीं दूसरी ओर, हनुमान श्रीलंका से लौटकर राम को सीता की स्थिति बताते हैं और अंगद को लंका भेजा जाता है, जहां वह अपनी वीरता दिखाता है। रामलीला में रावण की भूमिका ओम प्रकाश, श्रीराम की कमल, लक्ष्मण की सुनील और हनुमान की भूमिका सोनू कुमार ने निभाई।

▶ विक्की शर्मा ने निभाई कुंभकर्ण की भूमिका, दर्शकों को खूब भाया अभिनय

# हिमाचल में खुलेगी स्किल अकादमी : धर्माणी

## तकनीकी शिक्षा मंत्री बोले-डिजिटल यूनिवर्सिटी भी होगी स्थापित व आपदा प्रबंधन विषय होगा अनिवार्य

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को डिजिटल युग की मांगों के अनुरूप तैयार करने के लिए राज्य में स्किल अकादमी और डिजिटल यूनिवर्सिटी स्थापित करने जा रही है। उन्होंने बताया कि इन संस्थानों के माध्यम से युवाओं को नई तकनीकी दक्षताएं सिखाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। धर्माणी मंगलवार को राज्य सचिवालय में तकनीकी शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

मंत्री ने कहा कि हिमाचल के युवाओं में ऊर्जा और नवाचार की कमी नहीं है, आवश्यकता है उन्हें दिशा और संसाधन देने की। उद्योग विभाग के सहयोग से प्रदेश के विभिन्न तकनीकी संस्थानों में एंटरप्रेन्योरशिप कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि युवाओं में उद्यमशीलता की भावना को प्रोत्साहित किया जा सके। उन्होंने बताया कि बड़े उद्योगपतियों और विशेषज्ञों के साथ समन्वय बनाकर युवाओं के लिए स्टार्ट-अप के नए अवसर खोले जाएंगे। इसके साथ ही नेतृत्व और नवाचार के गुणों को विकसित करने के लिए युवाओं को प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। धर्माणी ने कहा कि हिमाचल जैसे प्राकृतिक आपदा प्रभावित राज्य में आपदा प्रबंधन का विषय अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस दृष्टि से राज्य के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों, पॉलिटेक्निक और इंजीनियरिंग कॉलेजों में आपदा प्रबंधन विषय को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया गया है। विद्यार्थियों को आपदा से निपटने के व्यावहारिक ज्ञान और प्रशिक्षण के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे वे किसी भी आपात स्थिति में समाज के लिए सहायक बन सकें।



तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी राज्य सचिवालय में तकनीकी शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

**युवाओं को सिखाएंगे तकनीकी दक्षता, स्टार्टअप के नए अवसर मिलेंगे**

### सूक्ष्म उद्योगों-स्टार्टअप ईको सिस्टम का होगा निर्माण

**मंत्री** ने कहा कि राज्य में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को प्रोत्साहन देने के साथ-साथ स्टार्ट-अप इको सिस्टम का निर्माण किया जा रहा है। हिमुडा के साथ मिलकर प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, ताकि युवाओं को अपने विचारों को व्यवसाय में बदलने की प्रेरणा मिले। प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से युवाओं को स्टार्टअप के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है और उद्योग जगत से जुड़े संघों के साथ समन्वय स्थापित किया जा रहा है।

### आधुनिक मांगों के अनुरूप तैयार होंगे पाठ्यक्रम

**मंत्री** ने बताया कि आधुनिक समय की आवश्यकताओं को देखते हुए विभाग ने पाठ्यक्रमों को अद्यतन करने की प्रक्रिया शुरू की है। ब्यूटी एंड वेलनेस, फैशन और अन्य उभरते क्षेत्रों में युवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए देश के प्रतिष्ठित ब्रांड्स के साथ साझेदारी की गई है। इन क्षेत्रों में युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। बैठक में सचिव तकनीकी शिक्षा संदीप कदम, निदेशक अक्षय सूद और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

---

रोहडू में दलित बच्चे की आत्महत्या मामले में आया नया मोड़

# हाईकोर्ट ने अग्रिम जमानत खारिज की, अब गिरफ्तारी का रास्ता साफ

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

रोहडू उपमंडल के चर्चित दलित बालक आत्महत्या प्रकरण में प्रदेश हाईकोर्ट ने मुख्य आरोपी को मिली अग्रिम जमानत को खारिज कर दिया है। अदालत ने साफ कहा कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की धारा 18 के प्रावधानों के तहत ऐसी जमानत वैध नहीं है। जस्टिस राकेश कैंथला की अदालत में मंगलवार को सुनवाई के दौरान यह फैसला सुनाया गया। अब आरोपी की गिरफ्तारी का रास्ता खुल गया है।

यह मामला चिड़गांव थाना क्षेत्र के लिंबड़ा गांव का है, जहां 16 सितंबर को 12 वर्षीय दलित बच्चे ने आत्महत्या कर ली थी। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 107, 127(2), 115(2) और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया था, लेकिन बाद में जातिगत भेदभाव और छुआछूत के आरोप सामने आने के बाद इसमें एससी-एसटी एक्ट भी जोड़ दिया गया। अदालत ने इस आधार पर अग्रिम जमानत को अस्वीकार करते हुए कहा कि जब मामला इस विशेष अधिनियम के तहत दर्ज हो, तो आरोपी को अग्रिम जमानत नहीं दी जा सकती।

### मां के आरोपों ने हिला दिया प्रशासन

**मृतक** बालक की मां ने पुलिस को दिए बयान में आरोप लगाया था कि गांव की तीन महिलाओं ने उसके बेटे को बेरहमी से पीटकर गोशाला में बंद कर दिया था। अपमान और भय से व्यथित होकर उसने जहर खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पीड़ित पक्ष का कहना है कि बच्चा अनुसूचित जाति से संबंधित था और उसने गांव की एक महिला पुष्पा देवी के घर को छू लिया था, जिसके बाद उसके साथ यह अमानवीय व्यवहार किया गया। मामले में पहले आरोपी को हाईकोर्ट से राहत मिल गई थी, लेकिन अब अधिनियम की कठोर धाराएं जुड़ने के बाद अदालत ने इसे रद्द कर दिया है।

### गांव में बढ़ा तनाव, प्रशासन सतर्क

**इस** घटना के बाद लिंबड़ा गांव और आसपास के क्षेत्रों में तनाव का माहौल है। दलित संगठनों ने घटना की निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की है, वहीं प्रशासन ने एहतियात के तौर पर क्षेत्र में पुलिस बल तैनात किया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं समाज के लिए कलंक हैं और न्याय की दिशा में यह फैसला पीड़ित परिवार के लिए एक बड़ी उम्मीद बनकर आया है।

---

# हिमाचल को आपदा से निपटने के लिए तैयार राज्य बनाकर करेंगे पेश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

गेयटी थिएटर में आयोजित 'अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस' के राज्य स्तरीय समारोह में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि हिमाचल को आपदा से निपटने के लिए तैयार राज्य बनाना सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि आज की अधिकांश आपदाएं मानव हस्तक्षेप के कारण हो रही हैं। नियमों को ताक पर रखकर निर्माण करने और नदी-नालों के मार्गों में घर बसाने से खतरा बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने 3645 पंचायतों में आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र स्थापित किए हैं और 892 करोड़ की डिजास्टर रिस्क रिडक्शन परियोजना पर कार्य चल रहा है। साथ ही 2650 करोड़ की 'रेडी एचपी' परियोजना भी शुरू की जा रही है, जिससे आपदा प्रबंधन, आधारभूत ढांचे के पुनर्निर्माण और आजीविका सुधार में मदद मिलेगी।

अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि प्रदेश की जनता को सुरक्षित निर्माण तकनीक अपनानी होगी और युवाओं, महिलाओं व स्वयंसेवकों की सहभागिता से ही सुरक्षित हिमाचल का निर्माण संभव है। उन्होंने चार नई पहलों 'हिम कवच' मोबाइल ऐप, 'हिमाचल आपदा प्रबंधन सूचना प्रणाली', 'युवा आपदा मित्र योजना' और 'पंचायत आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र' की भी लॉन्चिंग की।



### विजेताओं और आपदा मित्रों को किया सम्मानित

**कार्यक्रम** में राज्य स्तरीय सुरक्षित निर्माण मॉडल प्रतियोगिता के विजेता स्कूलों, कॉलेजों और संस्थानों को सम्मानित किया गया। साथ ही आपदा प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी, कर्मचारी, स्वयंसेवक और संस्थाओं को भी पुरस्कार दिए गए। मणिमहेश यात्रा के दौरान अद्भुत साहस दिखाने वाले इंजीनियर शैलेश राणा को विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जबकि रेस्क्यू कार्यों में जान गंवाने वाले स्वर्गीय दिनेश कुमार और हेमराज के परिजनों को श्रद्धांजलि स्वरूप सम्मान दिया गया।

---

# मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने दिए संकेत, हिमाचल प्रदेश में तय समय पर ही होंगे पंचायत चुनाव

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश के ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने विपक्ष पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा है कि प्रदेश में पंचायत चुनाव निर्धारित समय पर ही होंगे और इन्हें टालने की कोई योजना नहीं है। उन्होंने कहा कि चुनाव 23 जनवरी से पहले करवाए जाने हैं और सरकार उसी दिशा में कार्य कर रही है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि मुख्य सचिव द्वारा जारी अधिसूचना में कहीं भी चुनाव स्थगन का उल्लेख नहीं है, लेकिन बीजेपी जनता को गुमराह करने में जुटी है।

अनिरुद्ध ने कहा कि विपक्ष को अब मुद्दे नहीं मिल रहे हैं, इसलिए वह आपदा को बहाना बनाकर राजनीति कर रहा है। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव लोकतंत्र की बुनियाद हैं और कांग्रेस सरकार इन्हें हर हाल में समय पर करवाएगी। हम जनता को भ्रमित नहीं करेंगे, बल्कि उन्हें सशक्त करेंगे।

भाजपा ने आरोप लगाया है कि प्रदेश सरकार आपदा की आड़ में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बाधित करने की कोशिश कर रही है। पार्टी नेताओं का कहना है कि पंचायत चुनावों में देरी कर जनता की आवाज़ दबाने की साजिश रची जा रही है। इस पर पलटवार करते हुए अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि भाजपा के पास अब कोई ठोस मुद्दा नहीं बचा है, इसलिए वह गलत जानकारी फैलाकर जनता को भ्रमित कर रही है।

मंत्री ने दो टूक कहा कि सरकार का एक-एक कदम लोकतांत्रिक परंपरा को सशक्त करने की दिशा में है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पंचायत चुनाव गैर-पार्टी आधार पर होते हैं और इनका पार्टी राजनीति से कोई सीधा संबंध नहीं है। इसलिए विपक्ष का यह आरोप पूरी तरह झूठा और निराधार है।

मंत्री ने संकेत दिए कि पंचायत चुनाव दिसंबर 2025 के अंत तक आयोजित किए जा सकते हैं। राज्य निर्वाचन आयोग जल्द चुनाव कार्यक्रम (रॉस्टर) जारी कर सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन इस दिशा में तैयारी कर रहे हैं और चुनाव को लेकर कोई असमंजस नहीं है।

### पुनर्निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा

**मंत्री** ने माना कि हालिया प्राकृतिक आपदा के कारण कई क्षेत्रों में सड़क, जल और संचार व्यवस्था प्रभावित हुई है, जिन्हें बहाल करने का कार्य प्राथमिकता पर चल रहा है। उन्होंने कहा कि पुनर्निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है और चुनाव प्रक्रिया में किसी तरह की बाधा नहीं आने दी जाएगी।

### झूठे प्रचार से राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश

**अनिरुद्ध** ने जनता व मीडिया से अपील की है कि वे अफवाहों से दूर रहें और केवल प्रामाणिक स्रोतों से ही जानकारी लें। उन्होंने कहा कि भाजपा झूठे प्रचार के सहारे राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रही है, लेकिन जनता सब समझती है।

---

# एसबीआई ने आपदा राहत कोष के लिए दिया 1.55 करोड़ रुपए का अंशदान



शिमला में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू को आपदा राहत कोष के लिए 1.55 करोड़ रुपए का चेक भेंट करते एसबीआई के मुख्य महाप्रबंधक कृष्ण शर्मा।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू को मंगलवार को यहां भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) चंडीगढ़ सर्कल के मुख्य महाप्रबंधक कृष्ण शर्मा ने आपदा राहत कोष के लिए 1.55 करोड़ रुपये का चेक भेंट किया।

मुख्यमंत्री ने इस पुनीत कार्य के लिए एसबीआई का आभार व्यक्त किया और लोगों से भी आपदा प्रभावितों की सहायता के लिए उदारतापूर्वक योगदान देने का आग्रह किया। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर, एसबीआई हिमाचल के डीजीएम प्रभात कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

---

# अब राज्य में मेडिकल टेस्ट कराना होगा आसान

## जल्द शुरू होगी कैशलैस हेल्थ सर्विस व्यवस्था, लाइन में लगने से मिलेगा छुटकारा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुलभ, पारदर्शी और आधुनिक बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाने की तैयारी कर ली है। उन्होंने अस्पतालों में मेडिकल टेस्टों की फीस की ऑनलाइन पेमेंट के लिए एक विशेष मोबाइल ऐप विकसित करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डिजिटल गवर्नेंस को बढ़ावा देने के तहत अब मरीजों को अस्पतालों में टेस्टों की फीस जमा करवाने के लिए लंबी कतारों में नहीं लगना पड़ेगा। इस ऐप के माध्यम से लोग घर बैठे ही टेस्टों की फीस का भुगतान कर सकेंगे और डॉक्टरों से ऑनलाइन अपॉइंटमेंट भी ले पाएंगे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि स्वास्थ्य विभाग, डिजिटल प्रौद्योगिकी एवं गवर्नेंस विभाग के साथ मिलकर एक माह के भीतर यह ऐप विकसित करे ताकि जल्द ही इसे प्रदेश के सभी प्रमुख अस्पतालों में लागू किया जा सके। इससे मरीजों को कैशलैस सुविधा मिलेगी और अस्पतालों में कार्यप्रणाली और अधिक पारदर्शी बनेगी। उन्होंने कहा कि यह कदम राज्य सरकार की 'ई-गवर्नेंस' नीति को और सशक्त बनाएगा तथा प्रदेश के लोगों को निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त होंगी।

### स्वास्थ्य ढांचे को मिलेगा नया आयाम

**बता** दें कि प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र में व्यापक सुधार की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। आने वाले वर्षों में आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और स्वास्थ्य अधोसंरचना के विस्तार पर 3,000 करोड़ रुपये से अधिक व्यय किया जाएगा। सरकार का लक्ष्य है कि लोगों को जांच या इलाज के लिए राज्य से बाहर न जाना पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में हैं और इन दोनों क्षेत्रों में कई महत्वाकांक्षी योजनाएं शुरू की गई हैं, जिनका सीधा लाभ जनता तक पहुंचेगा।

### शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का 16 से चार दिवसीय प्रवास कार्यक्रम घोषित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 16 से 19 अक्तूबर तक अपने विधानसभा क्षेत्र के चौपाल, नेरवा, रोहडू और कोट काइना में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। 16 अक्तूबर को वे चौपाल में राजकीय उच्च विद्यालय के शताब्दी समारोह एवं सांस्कृतिक सम्मेलन में मुख्य अतिथि होंगे। 17 अक्तूबर को नेरवा में बहुउद्देशीय भवन का शिलान्यास करेंगे, साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात और जनता की शिकायतें सुनेंगे। इसी दिन चौपाल में वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खद्दर के नए भवन का भी शिलान्यास होगा। 18 अक्तूबर को वे रोहडू में मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान समारोह में हिस्सा लेंगे। 19 अक्तूबर को कोट काइना में पंचायत भवन एवं सामुदायिक केंद्र का उद्घाटन करेंगे।

---

# तहसीलदार से दुर्व्यवहार करने वाले 7 आरोपी काबू करने पर जताया आभार



**प्रदेश राजस्व अधिकारी संघ ने पेन डाउन स्ट्राइक समाप्त करने की घोषणा की**

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

कुल्लू दशहरा मेले में तहसीलदार के साथ हुए दुर्व्यवहार मामले में पुलिस द्वारा सात आरोपियों को गिरफ्तार किए जाने पर हिमाचल प्रदेश राजस्व अधिकारी संघ ने सरकार और पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

संघ ने गिरफ्तारी के बाद अपनी पेन डाउन स्ट्राइक समाप्त करने की घोषणा की है, जिसके चलते मंगलवार से प्रदेशभर के सभी तहसील और उपतहसील कार्यालयों में कार्य सामान्य रूप से शुरू हो गया है। संघ के अध्यक्ष एवं तहसीलदार जुन्गा, नारायण सिंह वर्मा ने बताया कि पुलिस अन्य आरोपियों की पहचान में भी जुटी हुई है। नारायण वर्मा ने कहा कि 13 अक्तूबर को प्रदेश के सभी 130 तहसील, 80 उपतहसील और 11 जिला राजस्व कार्यालयों में कार्य ठप रहा था।

उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारी सीमित संसाधनों के बावजूद आपदा प्रबंधन, अदालत संबंधी कार्य, बीआईपी ड्यूटी और कानून व्यवस्था बनाए रखने जैसे महत्वपूर्ण दायित्व निभा रहे हैं। कुल्लू दशहरा में तहसीलदार के साथ सार्वजनिक रूप से हुई मारपीट से राजस्व अधिकारियों का मनोबल गिरा है। संघ ने सरकार से मांग की है कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए राजस्व अधिकारियों को ड्यूटी के दौरान सुरक्षा प्रदान की जाए।

---

# एचपीयू में एसएफआई ने किया धरना-प्रदर्शन



धरना-प्रदर्शन के दौरान परीक्षा नियंत्रक का प्रतीकात्मक पुतला बनाकर विरोध जताते एसएफआई कार्यकर्ता।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की इकाई ने परीक्षाओं में हो रही धांधली और ईआरपी सिस्टम की नाकामी को लेकर जोरदार धरना प्रदर्शन किया।

छात्रों ने परीक्षा नियंत्रक का प्रतीकात्मक पुतला बनाकर उसे पैसों की माला पहनाई और चंदा एकत्र कर विरोध जताया। एसएफआई का आरोप है कि विश्वविद्यालय ने परीक्षाओं को पैसा कमाने का माध्यम बना दिया है, जहां छात्रों को जानबूझकर फेल किया जा रहा है ताकि वे पुनः निरीक्षण के लिए आवेदन करें। संगठन ने कहा कि ईआरपी सिस्टम से परीक्षा परिणामों में देरी, अनियमितताएं और अतिरिक्त खर्च बढ़े हैं।

ऑफलाइन जांच में जहां एक उत्तरपुस्तिका पर 30 रुपये लगते थे, वहीं अब 80 रुपये खर्च हो रहे हैं जिससे विश्वविद्यालय पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। परिसर सचिव मुकेश ने कहा कि कुरुक्षेत्र और रोहतक विश्वविद्यालयों ने यह प्रणाली असफल पाकर बंद कर दी थी, पर हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय अब भी इसे जारी रखकर छात्रों से पैसा वसूल रहा है। ऊना कॉलेज में एक छात्र की दो उत्तरपुस्तिकाएं निकलना और रिजल्ट में बार-बार बदलाव इस प्रणाली की खामियां उजागर करते हैं।

एसएफआई ने मांग की है कि परीक्षा प्रणाली में सुधार कर ईआरपी सिस्टम को तुरंत समाप्त किया जाए, अन्यथा संगठन बड़ा आंदोलन करेगा।

---

# सीमा कॉलेज में इंटर कॉलेज शूटिंग चैंपियनशिप में खिलाड़ी दिखा रहे दमखम



सीमा कॉलेज में इंटर कॉलेज शूटिंग चैंपियनशिप का हुआ शुभारंभ।

दशमी रावत, अनंत ज्ञान

**रोहडू।** राजा वीरभद्र सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीमा में मंगलवार को दो दिवसीय पुरुष एवं महिला इंटर कॉलेज शूटिंग चैंपियनशिप का शुभारंभ बड़े उत्साह के साथ हुआ। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के पूर्व इंस्पेक्टर जनरल प्रताप पप्टा रहे, जिन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिता का औपचारिक शुरुआत की। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों से 11 कॉलेजों की टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता में 10 मीटर राइफल शूटिंग और पिस्टल शूटिंग की स्पर्धाएं आयोजित की जा रही हैं। पहले दिन प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी सटीक निशानेबाजी का परिचय दिया। आज के मुकाबले में महाविद्यालय सीमा, संजौली, पालमपुर, धर्मशाला, बैजनाथ, कोटशेरा और डीएवी कॉलेज कांगड़ा के प्रतिभागियों ने अपने दमखम और उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी का ध्यान आकर्षित किया।

---

**मंथन** | दिल्ली बुलाए गए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर और विधायक कुलदीप राठौर

# हिमाचल कांग्रेस अध्यक्ष पद का ऐलान जल्द !

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** हिमाचल कांग्रेस अध्यक्ष का जल्द ऐलान होने वाला है। एक-दो दिनों के भीतर यह घोषणा संभव है। लंबे समय से वरिष्ठ नेताओं और मंत्रियों के बीच मचा सियासी घमासान थम सकता है। इसी बीच शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर और पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कुलदीप सिंह राठौर को दिल्ली बुलाया गया है। जिससे प्रदेश कांग्रेस में नई सरगर्मी पैदा हो गई है। दोनों नेताओं के दिल्ली बुलावे को लेकर अटकलें तेज हैं कि अब अध्यक्ष पद पर जल्द फैसला हो सकता है।

जानकारी के अनुसार, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर और ठियोग क्षेत्र से विधायक कुलदीप सिंह राठौर दोनों ही अध्यक्ष पद की दौड़ में सबसे आगे बताए जा रहे हैं। राठौर पहले भी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रह चुके हैं और उनके नेतृत्व में कांग्रेस ने संगठन को मजबूती दी थी, जबकि रोहित ठाकुर को सादगी, सौम्यता और सबको साथ लेकर चलने की शैली उन्हें पसंदीदा उम्मीदवार बना रही है। सूत्रों का कहना है कि हाईकमान ने इन दोनों नामों पर गहन चर्चा चल रही है और अंतिम फैसला किसी भी वक्त हो सकता है। दिल्ली में चल रहे इस मंथन के बीच यह भी खबर है कि प्रदेश सरकार में एक मंत्री को हटाने की तैयारी है। कांग्रेस हाईकमान अब संगठन और सरकार में संतुलन साधने की कोशिश में है।

बताया जा रहा है कि संगठन को नए सिरे से ऊर्जा देने के लिए तीन नए चेहरों को मंत्रिमंडल में शामिल किया

**दिल्ली में शुरू हुआ मंथन हाईकमान के फैसले पर टिकी निगाहें**

**रोहित ठाकुर व कुलदीप राठौर के बीच कड़ी टक्कर एक मंत्री हो सकता है ड्रॉप**





### जल्द ऐलान की संभावना

**पार्टी** के भीतर यह माना जा रहा है कि अगर सब कुछ तय कार्यक्रम के अनुसार रहा तो आने वाले एक-दो दिनों में हिमाचल कांग्रेस को नया अध्यक्ष मिल जाएगा, जिससे प्रदेश में पार्टी संगठन को नई दिशा और गति मिलने की उम्मीद है।

जा सकता है। इस बीच विधानसभा के उपाध्यक्ष विनय कुमार का नाम भी अध्यक्ष पद की दौड़ में सामने आया है, हालांकि अभी उनका दावा कमजोर माना जा रहा है। राजधानी शिमला के छराबड़ा में राहुल गांधी, सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी की मौजूदगी को देखते हुए माना जा रहा है कि हिमाचल कांग्रेस अध्यक्ष पद पर फैसला इन्हीं के स्तर पर होगा। बताते हैं कि दोनों नेताओं को दिल्ली बुलाना इस बात का संकेत है कि अब सहमति लगभग बन चुकी है और केवल औपचारिक घोषणा बाकी है।

---

# झाकड़ी में ग्रामीण विकास महिला सशक्तिकरण पर जोर



आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान

**शिमला।** रामपुर विधानसभा क्षेत्र के झाकड़ी में मंगलवार को भाजपा मण्डल सराहन द्वारा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान विषय पर एक दिवसीय प्रेरक कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश प्रवक्ता राकेश डोगरा विशेष रूप से पहुंचे। साथ ही भाजपा के रामपुर विधानसभा प्रत्याशी कौल सिंह नेगी सहित कई गणमान्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यशाला में डोगरा ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत केवल सरकारी नीति नहीं है, बल्कि यह देश के हर व्यक्ति को आर्थिक, सामाजिक और मानसिक रूप से समर्थ बनाने का आंदोलन है। उन्होंने स्थानीय कुटीर उद्योग, जैविक खेती, महिला स्वावलंबन और वोकल फॉर लोकल जैसे अभियानों को आत्मनिर्भरता की कुंजी बताया। कौल सिंह ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण भारत, गांवों के किसान और महिला शक्ति आत्मनिर्भर भारत का मजबूत आधार हैं। उन्होंने कहा कि गांवों का सतत विकास हर हाथ को काम और खुद का रोजगार आत्मनिर्भरता की ओर महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर संगठन के कई पदाधिकारी, बृज लाल, नीना शर्मा, कुलवीर खुंद, रूपेश्वर सिंह, गोपाल बंसल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यशाला में सभी ने मिलकर आत्मनिर्भर भारत के इस संकल्प को अपनाने का संकल्प लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### विद्यार्थियों से किया नशे से दूर रहने का आह्वान

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** विश्वकर्मा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान लंबागांव में स्वास्थ्य विभाग की ओर से तंबाकू के दुष्प्रभावों पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विकास खंड लंबागांव के अधिकारी सिकंदर सिंह मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को तंबाकू, गुटखा और सिगरेट जैसे नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भी विद्यार्थियों को तंबाकू से होने वाले हानिकारक प्रभावों के बारे में जानकारी दी और नशा मुक्त समाज का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने तंबाकू मुक्त जीवन जीने की शपथ ली।

### वंशिका राणा, रिया चौधरी और अंशिका प्रथम



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में मंगलवार को वाणिज्य विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. नीतिका शर्मा ने महाविद्यालय में ग्राम हाट का आयोजन करवाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह ने ग्राम हाट का शुभारंभ किया। छात्र- छात्राओं के 27 समूहों ने लगभग 60 उत्पादों की प्रदर्शनी महाविद्यालय परिसर में लगाई, जिसमें हस्तनिर्मित आचार, क्षेत्रीय व पौष्टीक व्यंजन, हाथ से बने ऊनी सामान, दीप, दीप स्टैंड, मोमबत्ती आदि उपलब्ध रहे। ग्राम हाट में प्राध्यापकों, विद्यार्थियों और आस-पास के क्षेत्रीय निवासियों ने खरीददारी की। विद्यार्थियों ने अपने बनाएं हुए उत्पादों की निर्माण प्रक्रिया, मूल्य और विशेषताओं को ग्राहकों को बताया। इसमें वंशिका राणा, रिया चौधरी और अंशिका प्रथम, राहुल अवस्थी, पायल और शुभम द्वितीय, सुहानी, सोनाक्षी और देवांशी और वनीत तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय की प्राचार्या ने विजेताओं को बधाई दी।

### छात्रों को आपदाओं से बचाव के तरीके बताए

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** जकीय महाविद्यालय रिड़कमार में अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस के अवसर पर आपदा प्रबंधन समिति द्वारा समर्थ दिवस के तहत एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को विभिन्न आपदाओं से निपटने के लिए तैयार करना था। कार्यकारी प्राचार्य प्रो. मनोज कुमार ने कहा कि आपदा से पहले से तैयार रहना आवश्यक है ताकि हम सुरक्षित रह सकें। नोडल अधिकारी प्रो. हाकम चंद ने छात्रों को आपदाओं के कारण और बचाव के तरीकों की जानकारी दी। इस दौरान जानकारीपूर्ण पैम्फलेट वितरित किए गए और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। अंत में सभी ने आपदा के समय सतर्क रहने और सामुदायिक सुरक्षा में योगदान देने की शपथ ली। प्रो. भूपिंदर और डॉ. आशा मिश्रा ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। यह कार्यक्रम आपदा प्रबंधन के प्रति छात्रों को जागरूक करने में सफल रहा। कार्यक्रम के अंत में, सभी छात्रों और स्टाफ सदस्यों ने सामूहिक रूप से आपदा के समय सतर्क रहने और सामुदायिक सुरक्षा में योगदान देने की शपथ ली।

### बच्चों को दी यातायात नियमों की जानकारी

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** पुलिस थाना लंबागांव के प्रभारी कुलदीप सिंह की टीम ने सोमवार को ऐम एकेडमी जयसिंहपुर के बच्चों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी। एसएचओ ने बच्चों को बिना लाइसेंस, बिना हलमेट के दो पहिया वाहन न चलाना, बिना सीट बेल्ट के गाड़ी नहीं चलाना, नशा करके ड्राइव नही करना व आजकल हो रहे फ्रॉड के बारे में बच्चों की जानकारी दी। इस मौके पर पुलिस थाना लंबागांव की टीम व स्कूल प्रबंधक राकेश स्रोच आदि मौजूद रहे।

# धर्मशाला में पेंशनर्स ने सरकार के खिलाफ बुलंद की आवाज

## पेंशनर्स संघों ने किया धरना-प्रदर्शन, प्रशासन के माध्यम से सरकार को भेजा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**प्रदेशभर** के पेंशनर्स लगातार अपनी मांगों को सरकार के समक्ष उठा रहे हैं, लेकिन सरकार लगातार मांगों को अनदेखा कर रही है। ऐसे में पेंशनर्स को मजबूरन आंदोलन की राह पर चलना पड़ा है। इसी कड़ी में मंगलवार को प्रदेश के विभिन्न पेंशनर्स संघों ने नवगठित पेंशनर्स ज्वॉइंट फ्रंट के बैनर तले धर्मशाला में धरना-प्रदर्शन व रैली उपरांत जिला प्रशासन के माध्यम से प्रदेश सरकार को ज्ञापन भेजा गया। पेंशनर्स ज्वॉइंट फ्रंट के प्रदेश प्रवक्ता कल्याण भंडारी ने मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि जनवरी 2016 से लेकर जनवरी 2022 के दौरान सेवानिवृत्त हुए पेंशनर्स का लाखों रुपए का एरियर सरकार के पास लंबित है। सरकार पांच प्रकार के भुगतान पर कुंडली मारकर बैठी है।



धर्मशाला में मांगों को लेकर प्रदेश सरकार के खिलाफ रैली निकालते पेंशनर्स।

### मृतक पेंशनर्स के आश्रितों की टकटकी

**भंडारी** ने कहा कि कई पेंशनर्स जिनका निधन हो गया है, उनके आश्रित भी सरकार की ओर से देय लाभ की आस में टकटकी लगाए बैठे हैं। धरना-प्रदर्शन, रैली के माध्यम से हम अपनी मांगों को सरकार के समक्ष पहुंचाना चाहते हैं, जिससे सरकार, पेंशनर्स को उनके हक दे।

### भंडारी बोले- एक पेंशनर का दस लाख सरकार के पास

**भंडारी** ने कहा कि एक आकलन के अनुसार एक पेंशनर का करीब दस लाख रुपए सरकार के पास पड़ा है। वर्ष जनवरी 2016 से जनवरी 2022 के दौरान लगभग 43 हजार कर्मी रिटायर हुए, ऐसे में प्रति कर्मी 10 लाख रुपए के हिसाब से पेंशनर्स का करोड़ों रुपए सरकार के पास है। प्रदेश की वित्तीय स्थिति ठीक न होने के चलते प्रदेश सरकार, पेंशनर्स को करोड़ों रुपए के लंबित भुगतान करने में सक्षम नहीं है, लेकिन हमारी मांग है कि उपरोक्त अवधि के बीच रिटायर हुए पेंशनर्स को थोड़ा-थोड़ा करके भुगतान करने की दिशा में सरकार आगे बढ़े। पेंशनर्स के करोड़ों रुपए के मेडिकल बिल सरकार के पास लंबित पड़े हुए हैं।

# अधिसूचना वापस न हुई तो सड़कों पर उतरेंगे ग्राम रोजगार सेवक

## अठारह वर्ष सेवाकाल के बावजूद नहीं बनी स्थायी नीति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**ग्रामीण** विकास विभाग द्वारा हाल ही में जारी अधिसूचना का ग्राम रोजगार सेवक संघ ने विरोध जताया है। संघ ने चेताया है कि इस अधिसूचना को वापिस नहीं लिया गया, तो उन्हें परिवार सहित सड़कों पर उतरने को मजबूर होना पड़ेगा।

ग्राम रोजगार सेवक संघ के जिलाध्यक्ष कांगड़ा जसविंद्र अंगारिया ने कहा कि जो अधिसूचना ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 8 सितंबर 2025 को स्टैंड्रडाइजड कांट्रेक्ट एग्रीमेंट ग्रामीण विकास विभाग में मनरेगा के तहत रखे समस्त कमर्चारी वर्ग ग्राम रोजगार सेवक, कंप्यूटर ऑपरेटर, तकनीकी सहायक, कनिष्ठ लेखापाल के साथ होना है, उसका हम विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि मनरेगा के अंतर्गत समस्त श्रेणियों को 17 से 18 वर्ष कार्य करते हो गया है। इससे पहले ग्राम रोजगार सेवकों की श्रेणी को 2022 में पे स्केल 2019 में रेगुलर स्केल, 2016 में दैनिक भोगी व 2015 में फिक्स वेतन पर किया गया था और अब यह तुगलकी फरमान जारी कर उन्हें एग्रीमेंट करने पर मजबूर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अधिसूचना के अनुसार, कल को मनरेगा बंद होती है तो समस्त कर्मचारियों को बाहर कर दिया जाएगा। इतने वर्ष सेवा देने के बाद ग्राम रोजगार सेवकों को स्थायी नीति में लाया जाना चाहिए था। पिछले एक वर्ष में संघ अपनी मांगों से संबंधित लगभग 70 फाइलें विभाग व सरकार को दे चुका है, इसके बावजूद मांगों को मानने के बजाय ऐसे लेटर निकालकर समस्त श्रेणी को अपने हक से विमुख किया जा रहा है। संघ ने कड़े शब्दों में विरोध व्यक्त किया है अगर इस अधिसूचना को जल्दी ही वापस नही लिया गया तो मजबूर होकर समस्त श्रेणी को सड़कों पर परिवार सहित उतरने पर मजबूर होना पड़ेगा।

**चिंताः कल मनरेगा बंद हुई तो बाहर कर दिए जाएंगे सभी कर्मचारी**

### आत्मनिर्भर भारत अभियान पर भाजपा की विशेष बैठक, संगठन सशक्तिकरण पर दिया बल


आलमपुर, लंबागांव और पंचरुखी में विशेष बैठक का आयोजन किया गया।

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

'**आत्मनिर्भर** भारत' अभियान के तहत जयसिंहपुर भाजपा की ओर से आलमपुर, लंबागांव और पंचरुखी में विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं, बूथ अध्यक्षों, पालकों, बीएलए और पदाधिकारियों ने भाग लिया। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विनय शर्मा ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया आत्मनिर्भर भारत अभियान देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से इस संदेश को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। पूर्व विधायक रविंद्र धीमान ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत केवल योजना नहीं, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण की संकल्पना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी देने और उन्हें लाभान्वित करने में सहयोग करने का आग्रह किया। बैठक में आलमपुर मंडल अध्यक्ष हनुमंत शर्मा, जयसिंहपुर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र राणा, पंचरुखी अध्यक्षा ऊषा राणा व अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### फतेहपुर में भाजपा की जीत को लेकर वरिष्ठ नेता एकजुट, 19 साल से सूखा, क्या अब बदलेंगे समीकरण?

# फिर बुलंद हुई 'धरती पुत्र' की आवाज

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

**फतेहपुर** विधानसभा क्षेत्र की सियासत एक बार फिर गरमाने लगी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता अब आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर सक्रिय हो चुके हैं। पार्टी के भीतर धरती पुत्र यानी स्थानीय उम्मीदवार की मांग एक बार फिर तेज हो गई है।

गौरतलब है कि फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा को पिछले 19 वर्षों से जीत नसीब नहीं हुई है। पूर्व सांसद एवं पूर्व मंत्री डॉ. राजन सुशांत के बाद पार्टी अब तक इस सीट पर विजय दर्ज नहीं करा पाई है। हर चुनाव में स्थानीय कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने धरती पुत्र उम्मीदवार की मांग उठाई, लेकिन यह आवाज हर बार संगठनात्मक राजनीति में दबती रही।


फतेहपुर के कई भाजपा नेताओं की महत्वपूर्ण बैठक हुई।

### निगाहें भाजपा नेतृत्व पर टिकी

**अब** निगाहें भाजपा नेतृत्व पर टिकी हैं कि वह 2027 के विधानसभा चुनावों में किस पर दांव लगाती है। इतना तो तय है कि फतेहपुर की राजनीति में धरती पुत्र की आवाज इस बार पहले से कहीं ज़्यादा बुलंद सुनाई दे रही है।

### मदन राणा के घर पर हुई दिग्गज नेताओं की बैठक

**अब** एक बार फिर फतेहपुर के अंदर से यह आवाज बुलंद हो रही है। सूत्रों के अनुसार, भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने दो वर्ष पूर्व ही आगामी 2027 विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए रणनीति तैयार करनी शुरू कर दी थी। इसी क्रम में हाल ही में भारतीय मजदूर संघ के प्रदेशाध्यक्ष मदन राणा के आवास पर फतेहपुर के कई दिग्गज भाजपा नेताओं की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, बूथ स्तर तक नेटवर्क सशक्त करने और संभावित उम्मीदवारों को लेकर चर्चा हुई। बैठक के बाद राजनीतिक हलकों में कयासों का दौर शुरू हो गया है। पार्टी कार्यकर्ताओं का मानना है कि अब समय आ गया है कि फतेहपुर से धरती पुत्र उम्मीदवार को आगे लाया जाए, ताकि जनता की भावनाओं का सम्मान हो सके। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि भाजपा यदि इस बार जनता की भावना को समझकर स्थानीय उम्मीदवार पर भरोसा जताती है, तो फतेहपुर में पार्टी की वापसी तय मानी जा सकती है। लेकिन यदि यह मांग अनसुनी रह गई, तो कांग्रेस एक बार फिर लाभ ले सकती है।

# महाराणा प्रताप स्कूल की प्राचार्या 'शिक्षा पद्म सम्मान' से सम्मानित

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए महाराणा प्रताप इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल धरमगिरी पठियार की प्राचार्या रोजी मनकोटिया को आईपा ऑल इंडिया प्रिंसिपल एसोसिएशन (आईपा) ने 'शिक्षा पद्म सम्मान' से सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और शिक्षा में नवाचारपूर्ण प्रयासों के लिए प्रदान किया गया। विद्यालय के एमडी कुलदीप ठाकुर और मैनेजर सुभाष पठानिया ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि मनकोटिया का यह सम्मान पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व की बात है।



आईपा ऑल इंडिया प्रिंसिपल एसोसिएशन ने किया सम्मानित।

### बैजनाथ कॉलेज में केंद्रीय छात्र परिषद को दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पंडित संतराम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में केंद्रीय छात्र परिषद 2025-26 का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार कौंडल ने सभी सदस्यों को उनके कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने और महाविद्यालय की उन्नति में सक्रिय योगदान देने की शपथ दिलाई। उन्होंने छात्र परिषद को नेतृत्व, जिम्मेदारी और अनुशासन का प्रतीक बताया। कार्यकारिणी सदस्यों काजल (अध्यक्ष), स्नेहा राणा (उपाध्यक्ष), कृतिका ठाकुर (महासचिव) और स्मृति ठाकुर (संयुक्त सचिव) ने शपथ ग्रहण की। कक्षा प्रतिनिधियों और गतिविधि प्रतिनिधियों को भी कर्तव्य और निष्ठा की शपथ दिलाई गई। प्राचार्य ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि सच्चा नेतृत्व वह है जो दूसरों को साथ लेकर चले।

### किन्नर समुदाय को शादी के लिए 3100 व नवजात शिशु के जन्म पर 2100 राशि तय

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञारन, डरोह।** उपमंडल अधिकारी (नागरिक) धीरा सलीम आजम द्वारा पंचायतों के आग्रह पर थुरल, बलोह, धम्मन लाहड़, भ्रान्ता, कोना, बटाहन इत्यादि पंचायतों में किन्नर समुदाय की बधाई राशि निर्धारित की है। विभिन्न पंचायतों द्वारा उपमंडलाधिकारी धीरा सलीम आजम से विशेष आग्रह किया था कि उनकी पंचायतों में किन्नर समुदाय के सदस्य विवाह शादियों एवं बच्चों के नवजात शिशु के जन्म अवसर पर बधाई देने के लिए प्रचलित प्रचलन का निर्वाहन करते आए हैं।

किन्नर लोगों से मनमाने तरीके से बधाई राशि ले जाते हैं। इसके मद्देनजर उपमंडल धीरा की पंचायतों ने प्रस्ताव पारित कर शादियों में 3100 व नवजात शिशु का जन्म होने पर 2100 बधाई राशि निर्धारित की है। अधोहस्ताक्षरी से निवेदन इस बारे आदेश जारी करने हेतु निवेदन किया गया था। पंचायतों के आग्रह पर धीरा उपमंडल अधिकारी द्वारा इन पंचायतों में 3100 शादियों पर व 2100 जन्म के अवसर पर किन्नर समुदाय को राशि प्रदान करने के आदेश पारित किए हैं। इसकी एक प्रतिलिपि विकास खंड अधिकारी सुलह स्थित भेड़ूमहादेव को आगामी कार्रवाई व सूचनार्थ प्रेषित है।

### रेड रिबन क्लब को 'निक्षय मित्र' अभियान में जिलास्तरीय सम्मान


रेड रिबन क्लब ने निक्षय मित्र स्वयंसेवक बनाए जाने के अभियान में किया सराहनीय कार्य।

**नरेंद्र डोगरा, अनंत ज्ञान**

**जयसिंहपुर।** कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में रेड रिबन क्लब द्वारा निक्षय मित्र स्वयंसेवक बनाए जाने के अभियान में सराहनीय कार्य किया गया। क्लब द्वारा सर्वाधिक संख्या में स्वयंसेवकों का नामांकन किया गया, जिसके आधार पर महाविद्यालय को जिला कांगड़ा के सभी महाविद्यालयों में शीर्ष पांच रेड रिबन क्लबों में स्थान प्राप्त हुआ। निक्षय मित्र योजना के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति या संस्था कम से कम एक वर्ष और अधिकतम तीन वर्ष की अवधि के लिए किसी गांव, वार्ड, पंचायत, ब्लॉक या जिले के टीबी रोगियों को गोद लेकर उनकी सहायता कर सकता है। इस पहल का उद्देश्य टीबी रोगियों को भोजन, पोषण तथा आजीविका के स्तर पर आवश्यक सहयोग प्रदान करना है।

यह उपलब्धि डीसी हेमराज बैरवा की अध्यक्षता में आयोजित सेक्टोरल रिव्यू मीटिंग के दौरान घोषित की गई, जहां रेड रिबन क्लबों की गतिविधियों की समीक्षा की गई। रेड रिबन क्लब की संयोजक प्रो. किरण शर्मा ने इस बैठक में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया तथा इस उत्कृष्ट एवं समर्पित कार्य के लिए डीसी बैरवा द्वारा सम्मानित किया गया, जो जयसिंहपुर महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। इस उत्कृट प्रदर्शन पर महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय प्रो. अरुण चंद्र ने रेड रिबन क्लब के सभी सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### प्रतिमा अनावरण की खुशी पर एक महान नेता को संकीर्ण राजनीति में समेटा गया : शांता

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने शिमला के रिज मैदान पर स्व. वीरभद्र सिंह की प्रतिमा के अनावरण पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें प्रतिमा अनावरण की खुशी है, लेकिन कार्यक्रम की आयोजन शैली से उन्हें गहरा दुख भी पहुंचा है। शांता ने कहा कि वीरभद्र सिंह केवल कांग्रेस के ही नहीं, बल्कि पूरे हिमाचल के नेता थे।

छह बार मुख्यमंत्री रहे वीरभद्र सिंह ने प्रदेश के निर्माण और विकास में अमूल्य योगदान दिया। ऐसे महान नेता की प्रतिमा के अनावरण में अन्य राजनीतिक दलों को आमंत्रित न कर कांग्रेस ने उन्हें एक पार्टी का नेता बना दिया, जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

उन्होंने अपने और वीरभद्र सिंह के पुराने संबंधों को साझा करते हुए कहा कि जब पालमपुर में विवेकानंद ट्रस्ट अस्पताल के लिए भूमि पर संकट आया, तब वीरभद्र सिंह ने व्यक्तिगत रूप से आश्वासन दिया था कि वह भूमि किसी और को नहीं दी जाएगी। इसी तरह, आपातकाल के दौरान उनकी धर्मपत्नी के तबादले की भी वीरभद्र सिंह ने सहानुभूतिपूर्वक सहायता की थी। शांता कुमार ने कहा कि वीरभद्र सिंह एक ऊंचे आदर्शों वाले नेता थे और आज की राजनीति में उनके जैसे चरित्र की कमी खलती है। अंत में उन्होंने कांग्रेस से मांग की कि वह अपनी भूल स्वीकार कर, पूरे प्रदेश से क्षमा मांगे- अन्यथा इतिहास उन्हें माफ नहीं करेगा।

**पहल** हर बच्चे के चेहरे पर मुस्कान, विधायक केवल सिंह पठानिया की अनोखी पहल

# शाहपुर में बच्चों को मिले बैग उपहार

**कोहली, अनंत ज्ञान**

**शाहपुर।** शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया जहां एक ओर शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास की नई राहें खोल रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर समाजसेवा और जनकल्याण के क्षेत्र में भी वह एक मिसाल कायम कर रहे हैं। जनसेवा की भावना से प्रेरित होकर उन्होंने शाहपुर वेलफेयर सोसायटी का गठन किया है, जिसके माध्यम से अब तक अनेक जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक व सामाजिक सहायता प्रदान की जा चुकी है।

यह सोसाइटी क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों के लिए एक उम्मीद की किरण बनकर उभरी है। इसी कड़ी में विधायक केवल सिंह पठानिया ने शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के सर्वांगीण विकास और प्रोत्साहन के लिए एक सराहनीय पहल शुरू की है। उन्होंने बच्चों को पहले अपनी ओर से स्वेटर भेंट किए, उसके बाद ट्रैक सूट और जूते वितरित किए और अब वे शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को स्कूल बैग उपहारस्वरूप प्रदान कर रहे हैं। यह वितरण कार्य मुख्य रूप से प्री-नर्सरी से लेकर पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को केंद्रित है। अब तक लगभग हर सरकारी प्राथमिक विद्यालय में यह वितरण पूर्ण हो चुका है। बच्चों के चेहरों पर इन बैगों को पाकर जो प्रसन्नता, आत्मविश्वास और मासूम मुस्कान झलकती है, वह इस पहल की वास्तविक सफलता का प्रमाण है। विधायक पठानिया ने कहा कि बच्चे राष्ट्र का भविष्य हैं। उन्हें बेहतर शिक्षा, संसाधन और आत्मविश्वास देना हम सबका दायित्व है। यदि एक बच्चे के चेहरे पर मुस्कान लाने में हमारा छोटा-सा योगदान भी हो सके, तो यही सबसे बड़ी उपलब्धि है। विधायक केवल सिंह पठानिया जिस संवेदनशीलता, आत्मीयता और समर्पण के साथ जनसेवा के कार्य कर रहे हैं, वह उन्हें एक विकासशील सोच वाले और मानवीय मूल्यों से प्रेरित जनप्रतिनिधि के रूप में स्थापित करता है।


उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने किया है शाहपुर वेलफेयर सोसायटी का गठन।

### आपदा न्यूनीकरण एवं रणनीतियों पर 3 दिवसीय कार्यशाला आज से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयू), जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, कांगड़ा के सहयोग से और एस्टन विश्वविद्यालय, यूनाइटेड किंगडम और नेशनल डोंग एचडब्ल्यूए विश्वविद्यालय, ताइवान के साथ तकनीकी साझेदारी में 15 से 17 अक्तूबर तक धर्मशाला के डी एबोड चोला में आपदा न्यूनीकरण एवं रणनीतियां: जोखिम से लचीलेपन तक और प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं के विरुद्ध तैयारी को सुदृढ़ बनाना विषय पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन कर रहा है। कार्यशाला का उद्देश्य भारत और विदेश के विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं, नीति निर्माताओं और व्यवसायियों को आपदा तैयारी, जोखिम न्यूनीकरण और सतत लचीलापन निर्माण की रणनीतियों पर विचार-विमर्श के लिए एक साथ लाना है। चर्चाएं भूस्खलन और बाढ़ आपदाओं, आपदा के रूप में अपशिष्ट, जंगल की आग और जैव विविधता हानि, और परमाणु, रासायनिक और जैविक (एनबीसी) आपदाओं पर केंद्रित होंगी।

# प्रताप वर्ल्ड स्कूल के दो छात्रों का राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए चयन


इंदौरा के प्रताप वर्ल्ड स्कूल की प्रिंसिपल रेणु परमार और एमडी डॉ. रिचा महाजन ने दोनों खिलाड़ियों को दी बधाई।

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** इंदौरा के प्रताप वर्ल्ड स्कूल के दो होनहार छात्रों ने जिला स्तरीय अंडर-14 कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होने का गौरव प्राप्त किया है।

स्कूल की प्रिंसिपल रेणु परमार और एमडी डॉ. रिचा महाजन ने बताया कि प्रतियोगिता देहरा में आयोजित हुई थी, जिसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। रूद्र प्रताप सिंह ने 52 किलोग्राम वर्ग में और विनायक ने 75 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया है। वहीं, नक्ष (62 किग्रा) और अमनदीप (35 किग्रा) ने रजत पदक प्राप्त किए। इसके अलावा जुडो प्रतियोगिता में कमल प्रीत ने कांस्य पदक हासिल किया। इस प्रदर्शन के आधार पर रूद्र प्रताप सिंह और विनायक का चयन राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए हुआ है। प्रिंसिपल रेणु परमार ने इस उपलब्धि को विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम बताया। विद्यालय परिवार ने दोनों चयनित छात्रों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# टेट परीक्षा : दस विषयों में 38,883 ने किया आवेदन

## शिक्षा बोर्ड ने बिना शुल्क भेजे 2,312 आवेदन किए रद्द

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**हिमाचल** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा नवंबर-2025 में आयोजित की जाने वाली शिक्षक पात्रता (टेट) परीक्षाओं के लिए कुल 38,883 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए हैं।

शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि 10 सितंबर से 8 अक्तूबर, 2025 तक (विलंब शुल्क सहित) आवेदन आमंत्रित किए गए थे।

इनमें से 36,571 अभ्यर्थियों ने शुल्क सहित आवेदन पूर्ण किया है, जबकि 2,312 अभ्यर्थियों ने शुल्क जमा नहीं करवाया, जिसके चलते उनके आवेदन रद्द कर दिए गए हैं।

### शुल्क जमा करवाने संबंधी दस्तावेज 18 तक करें प्रस्तुत

**डॉ.** राजेश शर्मा ने बताया कि रद्द किए गए आवेदनों की सूची बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। जिन अभ्यर्थियों ने निर्धारित तिथि में शुल्क जमा करवाया है, लेकिन उनका नाम रिजेक्शन लिस्ट में है, वे अपने शुल्क जमा करवाने के दस्तावेज 17 अक्तूबर तक बोर्ड कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। दस्तावेजों की पुष्टि के बाद ही ऐसे अभ्यर्थियों को रोल नंबर जारी किए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि 17 अक्तूबर के बाद किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी बोर्ड कार्यालय के दूरभाष नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

### टीजीटी आर्ट्स में सबसे अधिक 12026 आवेदन

**इस** बार 10 विषयों की टेट परीक्षा के लिए जेबीटी विषय में 8346, पंजाबी टेट में 88, स्पेशल एजुकेटर (छठी से 12वीं) में 184, स्पेशल एजुकेटर (प्री प्राइमरी से 5वीं) में 739, टीजीटी आर्ट्स 12026, टीजीटी हिंदी में 2422, टीजीटी मेडिकल में 4747, टीजीटी नॉन मेडिकल में 6346, संस्कृत टेट में 1662 और उर्दू टेट में 11 अभ्यर्थी शामिल हैं।

## डीएलएड सीईटी-2025 की चौथे चरण की काउंसलिंग 18 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी दी कि डीएलएड सीईटी-2025 की मेरिट के आधार पर सत्र 2025-27 के लिए निजी शिक्षण संस्थानों में बची 699 सीटों के लिए चौथे चरण की काउंसिलिंग का आयोजन 18 अक्तूबर को प्रात: 10 बजे से बोर्ड मुख्यालय धर्मशाला में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बोर्ड प्रबबंधन ने 1747 के करीब अभ्यर्थियों को इस चौथे चरण की काउंसिलिंग के लिए शार्ट लिस्ट किया है। चयनित अभ्यर्थियों की सूची बोर्ड वेबसाइट पर उपलब्ध है, जबकि श्रेणीवार आरक्षित सीटों की सूची 16 अक्तूबर तक प्रकाशित कर दी जाएगी। अभ्यर्थियों को अपने शैक्षणिक व श्रेणी प्रमाण पत्रों की मूल व सत्यापित प्रतियों सहित उपस्थित होना होगा। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष संख्या पर संपर्क किया जा सकता है।

# फेस्टिवल सीजन में घर वापसी होगी आसान एचआरटीसी कल से चलाएगा स्पेशल बसें

## दिल्ली-चंडीगढ़ से 16 से 19 अक्तूबर तक चलेंगी विशेष बसें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**फेस्टिवल** सीजन दिवाली, भैयादूज सहित अन्य पर्व में नौकरी-पेशा लोगों को अपने घर लौटने व वापसी को सुगम बनाने के लिए हिमाचल पथ परिवहन निगम एचआरटीसी ने स्पेशल बसें चलाने की तैयारी शुरू कर दी है।

इसके लिए दिल्ली व चंडीगढ़ से 16 अक्तूबर से 17, 18 व 19 अक्तूबर तक शाम पांच बजे से रात 12 बजे तक विशेष बसें चलाई जाएंगी। दिल्ली व चंडीगढ़ से दो-दो स्पेशल बसों सहित कुल पांच-पांच बॉल्वो बसें दौड़ेंगी, जबकि अन्य एक्सट्रा ओरडनरी, डीलक्स, सेमी-डिलक्स व ओडनरी बसों को ऑन डिमांड दर्जनों रूट चलाए जाएंगे। इसके लिए एचआरटीसी के ऑनलाइन बुकिंग होने की स्थिति पर बसों की संख्या को लगातार बढ़ाया जाएगा। इसके साथ ही बद्दी व हरिद्वार से निगम की ओर से स्पेशल बसें चलाई जाएंगी, जो कि डिमांड अनुरूप उपलब्ध होंगी। स्पेशल बसें 16 से 19 अक्तूबर तक ऑन डिमांड चलाई जाएंगी। यही नहीं कांगड़ा जिले के लोग सोलन, सिरमौर, बद्दी बरोटीवाला, नालागढ़ में नौकरी करते हैं, उनके लिए भी फेस्टिवल सीजन में स्पेशल बसों की व्यवस्था निगम की ओर से की जाएंगी। इससे घरों से बाहर रहकर रोजगार कमा रहे लोग भी फेस्टिवल सीजन में घर आकर अपने परिजनों के साथ त्योहार मना सकें।

> **हर** वर्ष की तरह इस बार भी दीपावली पर दिल्ली, हरिद्वार, चंडीगढ़ से स्पेशल बसों का संचालन 16 से 19 अक्तूबर देर शाम 12 बजे तक किया जाएगा। दिल्ली, चंडीगढ़ से स्पेशल बॉल्वो बसों संग बद्दी, सिरमौर, हरियाणा व हरिद्वार उत्तराखंड से डिमांड आती है, तो ऑन डिमांड बसें मुहैया करवाई जाएंगी।
> **-पंकज चड्डा, डीएम, एचआरटीसी डिवीजन धर्मशाला।**

# प्रदेश में पहली से छठी तक के बच्चे पढ़ेंगे सीबीएसई लेवल की पुस्तकें

## अगले वर्ष शिक्षा बोर्ड और एनसीईआरटी की पाठ्य पुस्तकों में नहीं होगा कोई फर्क

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** हिमाचल में पहली से छठी तक के बच्चे सीबीएसई लेवल की पुस्तकें पढ़ेंगे। अगले वर्ष आने वाली प्रदेश शिक्षा बोर्ड और एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों में कोई फर्क नहीं होगा।

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने एनसीईआरटी के साथ एमओयू हस्ताक्षरित किया है। ऐसे में यह कहना गलत न होगा कि नेशनल लेवल पर सीबीएसई का बच्चा जो पाठ्यपुस्तकें पढ़ रहा है, उसी तरह तरह की पाठ्यपुस्तकें शिक्षा बोर्ड भी पढ़ेगा। बोर्ड के सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि पहली, दूसरी व तीसरी कक्षा की पाठ्यपुस्तकें आ रही हैं, जो कि बिलकुल नई हैं तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप हैं। एनसीईआरटी के साथ बोर्ड ने एक एमओयू किया है। एनसीईआरटी की जो नई पाठ्यपुस्तकें हैं, वही पुस्तकें बोर्ड भी छापता है। सीबीएसई के सभी स्कूलों में यही पाठ्यपुस्तकें पढ़ाई जाती हैं। बोर्ड सचिव ने बताया कि इस वर्ष एनसीईआरटी ने चौथी, पांचवीं व छठी कक्षा के लिए नई पाठ्यपुस्तकें लाई हैं। बोर्ड की जो पाठ्यपुस्तकें वर्ष 2026 में आएंगी, वे एनसीईआरटी जैसी होंगी, उनमें कोई फर्क नहीं होगा। बोर्ड सचिव ने बताया कि पहली से लेकर छठी कक्षा तक बोर्ड की पाठ्यपुस्तकें अब बिलकुल नई हैं। नेशनल लेवल पर सीबीएसई का बच्चा जो पाठ्यपुस्तकें पढ़ रहा है, उसी तरह तरह की पाठ्यपुस्तकें हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड भी पढ़ेगा।

> **एनसीईआरटी के साथ हिमाचल शिक्षा बोर्ड का है एमओयू**

# क्रसना लैब स्टाफ को दो माह से नहीं मिला वेतन, आधे घंटे तक बंद रखा काम

## लैब कर्मी बोले, सरकार को जगाने के लिए नहीं किया काम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



जोनल अस्पताल धर्मशाला में लोगों को करना पड़ा दिक्कतों का सामना।

**जोनल** अस्पताल धर्मशाला स्थित क्रसना लैब में मंगलवार को करीब आधा घंटा मरीजों के टेस्ट व अन्य परीक्षण कार्य ठप रहे। तीन माह से वेतन न मिलने से गुस्साए लैब स्टाफ ने आधे घंटे तक काम नहीं किया, जिसके चलते लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

क्रसना लैब इंचार्ज पंकज कुमार ने बताया कि लैब स्टाफ को कंपनी की ओर से तीन माह से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है, जिसके चलते लैब कर्मियों को परिवार का पालन पोषण करना मुश्किल हो गया है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार की ओर से अस्पताल में मेडिकल टेस्ट सुविधा उपलब्ध करवाने की एवज में क्रसना कंपनी को भुगतान नहीं किया गया है, जो कि सौ करोड़ के लगभग है, जिसके चलते कंपनी द्वारा स्टाफ को समय पर भुगतान नहीं किया जा रहा है। सरकार द्वारा कंपनी को भुगतान न करने के चलते पेश आ रही वेतन संबंधी समस्या के समाधान के लिए लैब स्टाफ ने थोड़े समय के लिए काम ठप रखा है, जिससे कि सरकार जागे और कंपनी को लंबित भुगतान करे और स्टाफ को भी समय पर वेतन का भुगतान हो सके। गौरतलब है कि जोनल अस्पताल धर्मशाला में स्थित क्रसना लैब में 13 कर्मियों का स्टाफ तैनात है। पंकज कुमार ने बताया कि पहले भी कंपनी ने कर्मियों का वेतन रोका था, जिसका बाद में भुगतान कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि तीन माह से लंबित वेतन के संबंध में कंपनी अधिकारियों का कहना है कि सरकार की ओर से पैसा न आने की वजह से वेतन देने में विलंब हो रहा है। इस दौरान कई मरीजों को परेशानी झेलनी पड़ी, जो मरीज टेस्ट करवाने आए थे और जिन्होंने टेस्ट रिपोर्ट लेनी थी, उन्हें इंतजार करने को मजबूर होना पड़ा। अस्पताल में टेस्ट करवाने पहुंची सुमन ने बताया कि उन्हें चेकअप के बाद डाक्टर ने टेस्ट लिखे थे, लेकिन क्रसना लैब पहुंचने पर पता चला कि लैब स्टाफ हड़ताल पर है, जिन्हें तीन माह से वेतन नहीं मिला है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि कंपनी की लंबित राशि का भुगतान जल्द करे, जिससे कि कंपनी लैब स्टाफ को लंबित वेतन की अदायगी कर सके।

## हैप्पी बर्थडे



परागपुर के आशुतोष गर्ग को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## विधायक किशोरी लाल साडा चेयरमैन नियुक्त क्षेत्र में खुशी की लहर

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** प्रदेश सरकार द्वारा बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के विधायक किशोरी लाल को साडा (विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण) का चेयरमैन नियुक्त किए जाने पर पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। इस नियुक्ति को क्षेत्रीय विकास के लिए एक महत्वपूर्ण और सकारात्मक कदम माना जा रहा है। विधायक किशोरी लाल को चेयरमैन बनाए जाने पर बैजनाथ ब्लॉक कांग्रेस के मुख्य सलाहकार अनुराग शर्मा, देहरा विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी रविंद्र बिट्ठू, वरिंदर जमवाल, रविंद्र राव, शैलभ अवस्थी, शशि राणा, मिलाप राणा, कुलदीप सोनी, महेंद्र डोरी, सचिन शर्मा, मंदिर ट्रस्टी मनीष शर्मा सहित अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का आभार जताया। राजनीतिक हलकों में भी इस नियुक्ति को लेकर चर्चा तेज हो गई है। किशोरी लाल को मुख्यमंत्री के विश्वस्त नेताओं में माना जाता है। पूर्व में उन्हें मुख्य संसदीय सचिव की जिम्मेदारी भी सौंपी गई थी, जिसे न्यायालय के आदेश पर छोड़ना पड़ा था। अब साडा जैसे अहम विभाग का अध्यक्ष बनाकर मुख्यमंत्री ने उनके प्रति विश्वास और समर्थन फिर से जाहिर किया है। क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि इस नियुक्ति के बाद बैजनाथ में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी और क्षेत्र प्रगति की ओर अग्रसर होगा।



## न्यूज ब्रीफ

### सिर में चोट लगने से तिब्बती की मौत

**अनंत ज्ञान, मैक्लोडगंज।** पुलिस थाना मैक्लोडगंज के तहत तिब्बती मूल के व्यक्ति की सिर पर चोट लगने से मौत हो गई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव मृतक के परिचितों को सौंप दिया है। मृतक की पहचान ग्वालटेन दोर्जे उम्र करीब 49 साल के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दोर्जे के परिवार में कोई नहीं था, जबकि वह लंबे समय से क्षेत्र के तहत आती एक मोनेस्टरी में रहता था। पुलिस को इस मामले में बीत रात करीब 11 बजे के बाद किसी ने फोन के माध्यम से सूचित कर उपरोक्त व्यक्ति के सड़क पर गिरा है। पुलिस द्वारा उसे जोनल अस्पताल धर्मशाला ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृतक घोषित कर दिया। मामले की पुष्टि एएसपी बीर बहादुर सिंह ने की है।

### जंडपुर स्कूल की तीन छात्राएं खेलेंगी स्टेट

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** अंडर-14 जिला स्तरीय बालिका टूर्नामेंट का आयोजन जवाली के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भरमाड़ में किया गया। इसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जंडपुर की आठ छात्रों ने इस टूर्नामेंट में भाग लिया है। वॉलीबाल में जंडपुर की खिलाड़ी छात्राओं ने उम्दा प्रदर्शन कर वॉलीबाल की ट्रॉफी अपने नाम की। वहीं, तीन खिलाड़ी छात्राएं शनाया, अमृता व स्वाति का चयन राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। उपप्रधानाचार्य यशपाल ने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए बच्चों को बधाई दी। वहीं, शारीरिक शिक्षक सुरेश कुमार ने भी शुभकामनाएं दी।

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सौजन्य से सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कलाकारों ने जोंटा और नागनी पंचायतों में गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूक किया। कलाकारों ने बताया कि घर निर्माण से पहले स्थान की जांच और विशेषज्ञ से परामर्श जरूरी है। मकान ऐसी जगह बनाएं जहां ढलान 30 से 40 मीटर से अधिक न हो और नदी-नालों से कम से कम 500 मीटर की दूरी बनी रहे। भूकंप जैसी आपदाओं के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर पंचायत प्रधान रमना देवी सहित स्थानीय लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने लोगों में आपदा के प्रति सजगता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर जोंटा पंचायत की प्रधान रमना देवी तथा नगानी पंचायत की प्रधान सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### अभय खेलेगा राज्यस्तरीय चैस प्रतियोगिता में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल (ब्वॉयज) धर्मशाला में जिलास्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलास्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में 35 टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता के अंडर-19 ब्वॉयज में लौरिएट ग्लोबल स्कूल कथोग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के होनहार छात्र अभय धीमान का चयन राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। स्कूल प्रबंध निदेशक डॉ. रणसिंह, कैंपस डायरेक्टर डॉ. एम. आशावत, प्रधानाचार्य अंकिता शर्मा ने सभी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### जालग में वॉलीबाल प्रतियोगिता शुरू

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** जालग पंचायत में भारतीय क्षेत्रीय सीमा सुरक्षाबल शहीद एएसआई मोहन सिंह मेमोरियल वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। कुलदीप ठाकुर चेयरमैन हिमाचल राजपूत सभा तथा विशेष अतिथि अशोक पटियाल बतौर मुख्य अतिथि रहे। वॉलीबाल प्रतियोगिता के विजेता को 35000 रुपए ट्रॉफी उपविजेता को 25000 रुपए ट्रॉफी सीरीज बेस्ट खिलाड़ी 2100 बेस्ट सेंटर 1100 बेस्ट अटैकर 1100 बेस्ट खिलाड़ी 1100 इनाम बाटे जाएंगे। इस वॉलीबाल प्रतियोगिता का समापन में मंत्री यादविंदर गोमा द्वारा किया जाएगा।

### नगरोटा सूरियां स्कूल बना ओवरऑल चैंपियन



**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** पीएम श्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नगरोटा सूरियां ने अंडर-19 भारोत्तोलन (वेटलिफ्टिंग) प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिला कांगड़ा का ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने धर्मशाला में 10 से 13 अक्तूबर तक आयोजित भारोत्तोलन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई पदक जीतकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्रा वर्ग में खुशी, तन्वी और अर्शील ने स्वर्ण पदक जीता और उनका चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। आंचल ने रजत पदक तथा अक्षरा और मुस्कान ने कांस्य पदक अपने नाम किया। लड़कों के वर्ग में अनुराग ने स्वर्ण पदक हासिल कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान पक्का किया, जबकि कार्तिक ने रजत पदक और केशव ने कांस्य पदक जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य हरभजन व एसएमसी के प्रधान सतीश मेहरा ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी है।

## भाजपा किसान मोर्चा देहरा की नई कार्यकारिणी गठित

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा संगठनात्मक जिला देहरा की नई कार्यकारिणी की घोषणा अध्यक्ष राज कुमार खरियाल ने की। यह गठन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, महामंत्री सिद्धार्थन व किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष संजीव देष्टा से विचार-विमर्श के बाद किया गया। राजीव कुमार, देवेंद्र सिंह, मनमोहन सिंह और राजेंद्र शर्मा उपाध्यक्ष, जबकि पंजाब सिंह व अनिल कुमार महामंत्री बनाए गए। सतवीर सिंह, बलदेव सिंह, राजेंद्र कुमार, नरेश चंद और भाग सिंह सचिव नियुक्त हुए। सुखचैन सिंह कोषाध्यक्ष, उर्मिला देवी सोशल मीडिया संयोजक, शमशेर सिंह आईटी संयोजक और प्रदीप राणा मीडिया प्रभारी होंगे।

## स्प्रिंग डेल स्कूल के स्टूडेंट्स का हुआ राज्यस्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में चयन



हर्षिता, आरब, सूर्य प्रताप तथा दिव्यांश राज्यस्तरीय चैंपियनशिप प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए।

**अनंत ज्ञान, जवाली**

**जिला** स्तरीय ताइक्कांडो चैंपियनशिप अंडर-14 का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला देहरा तथा अंडर-19 प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धर्मशाला में हुआ। इन आयोजनों में स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जवाली के छात्र-छात्राओं ने भी लिया।

अंडर-14 चैंपियनशिप प्रतियोगिता में चार छात्रों हर्षिता, आरब, सूर्य प्रताप तथा दिव्यांश राज्य स्तरीय चैंपियनशिप प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए, जो मंडी में होगी। अंडर-19 में दसवीं कक्षा के छात्र ईशान का राज्य स्तरीय ताइक्कांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता में चयन हुआ। इस जिला स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में ईशान ने स्वर्ण पदक, त्रिशूलीन सिंह निरयाल ने रजत पदक तथा वंश, अर्षिता और सौरव ने कांस्य पदक हासिल किए। बच्चों ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपनी स्कूल की मैनेजमेंट, प्रधानाचार्य तथा अपने कोच भानु प्रताप को दिया। प्रधानाचार्य डॉक्टर राजीव सिंह निरयाल ने बताया कि यह बहुत बड़ी उपलब्धि है कि जवाली के स्प्रिंग डेल कान्वेंट स्कूल के छात्र-छात्राओं ने स्कूल का प्रतिनिधित्व कर इस खेल के प्रति अपनी प्रतिभा दिखाई और जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए। स्कूल पहुंचने पर प्रधानाचार्य डॉक्टर राजीव सिंह निरयाल, अध्यक्ष डॉक्टर राजेंद्र, एमडी पवन चौधरी तथा अन्य कमिटी सदस्यों ने बच्चों को बधाई दी।

## पालमपुर में 'संवाद से संचार सबके लिए विज्ञान' का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** राष्ट्रीय विज्ञान संचार एवं नीति अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-निस्परर), नई दिल्ली ने सीएसआईआर-हिमालयजैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान पालमपुर के सहयोग से सीएसआईआर-आईएचबीटी, पालमपुर में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला, संवाद से संचार: सबके लिए विज्ञान का शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम विज्ञान प्रसार और समावेशी संचार के लिए नई रणनीतियों की खोज के लिए अग्रणी वैज्ञानिकों, संचारकों और नवप्रवर्तकों को एक साथ लाता है। उद्घाटन सत्र में प्रतिष्ठित वक्ताओं ने अपने गहन विचार प्रस्तुत किए। सीएसआईआर-निस्पतर की निदेशक डॉ. गीतावाणी रायसम ने अपने स्वागत भाषण में विद्यार्थियों और हितधारकों को भारत भर में हो रहे वैज्ञानिक अनुसंधान की व्यापकता के बारे में जानकारी देने के महत्व पर जोर दिया। वैज्ञानिकों की भूमिका पर जोर दिया और पालमपुर जैसे दूरस्थ क्षेत्रों के अनुसंधान को मान्यता दी। सीएसआईआर-निस्पार के लोकप्रिय विज्ञान प्रभाग के मुख्य वैज्ञानिक एवं प्रमुख चंद्रभूषण सिंह ने एक सहयोगी विज्ञान समुदाय के निर्माण के कार्यशाला के लक्ष्य पर प्रकाश डाला। मुख्यअतिथि प्रो. केजी सुरेश, निदेशक, इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली ने दोतरफा संचार के माध्यम से वैज्ञानिक सोच विकसित करने और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभागों से परे शासन के सभी पहलुओं में विज्ञान संचार को एकीकृत करने के महत्व पर प्रकाश डाला।

## जिला कांगड़ा प्राथमिक शिक्षक संघ ने क्लस्टर प्रणाली का किया विरोध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला कांगड़ा की वर्चुअल बैठक जिले के 23 खंडों के प्रतिनिधियों के साथ संपन्न हुई, जिसमें शिक्षा विभाग द्वारा लागू की गई क्लस्टर प्रणाली का एक स्वर में विरोध किया गया। संघ पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि विभाग प्रधानाचार्यों को निरीक्षण की शक्तियां देकर केंद्र मुख्य शिक्षकों और खंड प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारियों के अधिकारों को कमजोर कर रहा है। 23 सितंबर 2025 के दिशा-निर्देशों के तहत निरीक्षण की जिम्मेदारी केवल प्रधानाचार्यों को दी गई है, जिसका दुरुपयोग हो रहा है। क्लस्टर प्रमुख 2-5 शिक्षकों के साथ बार-बार प्राथमिक विद्यालयों में निरीक्षण के नाम पर पहुंच रहे हैं, जिससे स्कूलों का शैक्षणिक कार्य प्रभावित हो रहा है। प्राथमिक स्कूलों में सीमित स्टाफ के चलते इतने निरीक्षण अधिकारियों का अचानक पहुंचना व्यवहारिक रूप से संभव नहीं है। संघ ने मांग की है कि शिक्षा उपनिदेशक प्रारंभिक एवं उच्च शिक्षा उपनिदेशक इस पर शीघ्र संज्ञान लें।

# आर्ट्स विषय के कम्पीटेंसी बेस्ड प्रश्नपत्रों की कमियों को दूर करने की पहल

## प्रदेश के सौ आर्ट्स शिक्षकों के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला का आगाज



शिक्षा बोर्ड मुख्यालय में प्रदेश के सौ आर्ट्स शिक्षकों के लिए कार्यशाला का आगाज हुआ।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**हिमाचल** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से आर्ट्स विषय के कम्पीटेंसी बेस्ड प्रश्नपत्रों की सामने आई कमियों को दूर करने की पहल की गई है। इसी कड़ी में बोर्ड मुख्यालय धर्मशाला में प्रदेशभर के सौ आर्ट्स शिक्षकों के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला का आगाज हुआ।

इस कार्यशाला में आर्ट्स शिक्षकों को परख और एनसीईआरटी के विशेषज्ञ, कम्पीटेंसी बेस्ड प्रश्नपत्रों में सामने आई कमियों को दूर करने के टिप्स देंगे। गौरतलब है कि शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं में इस वर्ष पहली बार कम्पीटेंसी बेस्ड प्रश्न पत्र लागू किए गए थे, इन प्रश्नपत्रों का विश्लेषण एक प्रोफेशनल एजेंसी से करवाया गया। विश्लेषण में पाया गया कि आर्ट्स विषयों के पेपर्स में अभी भी कई खामियां मौजूद थीं, जबकि कॉमर्स, साइंस और अन्य विषयों के प्रश्न पत्र अपेक्षित स्तर के पाए गए। इसी कमी को दूर करने के लिए बोर्ड ने आर्ट्स विषयों पर केंद्रित तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया है। प्रशिक्षण के लिए दिल्ली और 'परख' जैसी संस्थाओं से विशेषज्ञों को भी आमंत्रित किया गया है।

### जिलास्तर पर चलाए जा रहे शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम : डॉ. विशाल



शिक्षा बोर्ड के सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि इस वर्कशॉप का उद्देश्य आर्ट्स विषयों के प्रश्नपत्रों को कम्पीटेंसी बेस्ड पैटर्न के अनुरूप मजबूत बनाना है। जब तक प्रश्नपत्रों में 50 प्रतिशत तक कम्पीटेंसी बेस्ड प्रश्न शामिल नहीं हो जाते, तब तक इस तरह की ट्रेनिंग लगातार जारी रहेगी। विभाग द्वारा जिलास्तर पर लगातार शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। कांगड़ा जिले में हाल ही में एक महीने तक रोजाना शिक्षकों की ट्रेनिंग करवाई गई है। बोर्ड के पास 70 से 100 तक अपने मास्टर ट्रेनर भी उपलब्ध हैं, जो अलग-अलग ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से ट्रेनिंग दे रहे हैं।

# स्व. जीएस बाली की चौथी पुण्यतिथि पर सैकड़ों लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**



लोगों ने मजदूर कुटिया में विकास पुरुष स्व. जीएस बाली को श्रद्धांजलि दी।

**हिमाचल** प्रदेश की राजनीति में अपनी कार्य निष्ठा के लिए समर्पित जन-जन के नायक नगरोटा बगवां और हिमाचल प्रदेश के लोगों के दिलों में अपने कार्यों से अपने आप को विकास पुरुष के नाम से स्थापित होने वाले नेता विकास पुरुष स्व. जीएस बाली की चौथी पुण्यतिथि मजदूर कुटिया में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में हजारों लोगों ने शिरकत की। इस अवसर पर उनके पुत्र हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आरएस बाली ने अपने स्वर्गीय पिताजी के लिए विधिवत पूजा-अर्चना की।

मजदूर कुटिया में विकास पुरुष स्व. जीएस बाली को श्रद्धांजलि देने के लिए उनके चाहने वाले बड़ी संख्या में पहुंचे। स्वर्गीय जीएस बाली 1998 में उन्होंने एक ऐसी विधानसभा क्षेत्र की भाग दौड़ अपने हाथ में संभाली जिसे पिछड़ा हुआ और चंगर क्षेत्र माना जाता था, उन्होंने इस चंगर और पिछड़े क्षेत्र को प्रदेश का अग्रणी विधानसभा क्षेत्र बनाया। उन्होंने अपने पूरे विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया, लोगों के लिए घर-घर पानी बिजली स्वास्थ्य सिंचाई जैसी सुविधाएं पहुंचाई, उन्होंने नगरोटा विधानसभा क्षेत्र को शिक्षा के हब के रूप में स्थापित किया आज ऐसा कोई शिक्षण संस्थान नहीं रहा जो नगरोटा विधानसभा क्षेत्र में न हो। उन्होंने नगरोटा विधानसभा में बस डिपो स्थापित किया। उनके पुत्र आरएस बाली ने उनको याद करते हुए कहा उन्होंने राजनीति में कदम आपने पिता के कार्यों को पूरा करने के लिए ही रखा है। पिता द्वारा बताए हुए पदचिन्हों पर चलते हुए नगरोटा विधानसभा क्षेत्र को उनकी सोच के अनुसार प्रदेश के साथ देश का आधुनिक विधानसभा क्षेत्र बनाना जो कि सभी विधानसभाओं के समक्ष एक उदाहरण प्रस्तुत करें और इस कार्य को पूरा करने के लिए वह प्रयासरत रहेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### नागरिक अस्पताल में करवाया शांति पाठ व हवन



**अनंत ज्ञान, बरठीं।** अस्पताल प्रशासन व लोगों के सौजन्य से नागरिक अस्पताल बरठीं में हवन-पाठ का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि हवन का आयोजन यूं तो प्रतिवर्ष किया जाता है, लेकिन अभी की हवन व्यवस्था का औचित्य नया वर्ष तो है ही साथ ही हॉल ही में बस दुर्घटना में अपनी जान गंवा चुके क्षेत्र के 16 लोगों की आत्मिक शांति के लिए है। मेडिकल ऑफिसर वैभव वशिष्ठ, सपना कुमारी, डॉ. आदित्य, फार्मासिस्ट प्यारे लाल सोनी आदि ने बताया कि सड़क बस हादसे में जान गंवा चुके लोगों की पार्थिव देह को अस्पताल में रात भर रखा गया था। अस्पताल में भर्ती लोगों के मन में भी डर का माहौल बन रहा था और लोग भी अस्पताल के भीतर आत्मिक शांति तथा पर्यावरण शुद्धि की मांग कर रहे थे। इसी के चलते स्थानीय लोगों व व्यापारी वर्ग के सहयोग से अस्पताल परिसर में शांति पाठ व हवन का आयोजन किया गया है।

### पेंशनर्स 17 को शहीदी पार्क बिलासपुर में निकालेंगे रैली

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति जिला बिलासपुर की ओर से 17 अक्टूबर को शहीदी पार्क बिलासपुर में एक विशाल रैली आयोजित की जाएगी। यह जानकारी समिति के वरिष्ठ उपप्रधान अमरनाथ धीमान ने दी। उन्होंने कहा कि यह रैली पेंशनरों की एकजुटता का प्रतीक होगी और सरकार को उनके लंबित वित्तीय लाभ, 16 प्रतिशत डीए, डीए एरियर, चिकित्सा बिलों के भुगतान जैसी मांगों की ओर ध्यान दिलाने के लिए आयोजित की जा रही है। धीमान ने सभी पेंशनरों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर एकता का परिचय दें। रैली प्रातः 10 बजे लक्ष्मी नारायण मंदिर से आरंभ होकर 11 बजे शहीदी पार्क पहुंचेगी, जहां से ज्ञापन मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को भेजा जाएगा।

### बलोही स्कूल में बच्चों को मिली मुफ्त शिक्षण सामग्री

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला बलोही, शिक्षा खंड घुमारवीं द्वितीय, जिला बिलासपुर में हमीरपुर की सामाजिक संस्था सर्व और स्कूल के अध्यापक महेंद्र सिंह चंदेल के संयुक्त प्रयास से विद्यार्थियों को मुफ्त शिक्षण सामग्री वितरित की गई। इस पहल के अंतर्गत गरीब, प्रवासी और नवप्रवेशित छात्रों को स्कूल बैग, कॉपियां, पेंसिलें व अन्य सहायक सामग्री प्रदान की गई। सर्व संस्था को इंस्पेक्टर मनीष शर्मा (सेवारत, जिला कांगड़ा) और उनके सहयोगी युवा विभिन्न क्षेत्रों से मिलकर संचालित करते हैं। यह संस्था विगत तीन वर्षों से बलोही स्कूल में जरूरतमंद बच्चों को सहायता प्रदान कर रही है। स्कूल प्रशासन और एसएमसी ने संस्था का आभार व्यक्त करते हुए आशा जताई कि यह सहयोग भविष्य में भी ऐसे ही जारी रहेगा।

### बजौरा स्कूल में एसएमसी की हुई बैठक

**अनंत ज्ञान, स्वारघाट।** राजकीय माध्यमिक पाठशाला बजौरा में विद्यालय प्रबंधन समिति की मासिक बैठक प्रधान पवन कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें हाल ही में संपन्न हुए एसए1 परीक्षा के परीक्षा परिणाम पर विस्तृत चर्चा की गई तथा विभाग द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों की सफलता पर विस्तृत चर्चा की गई। जिसमें एक पेड़ मां के नाम, एक भारत श्रेष्ठ भारत, इंस्पायर अवार्ड का पंजीकरण, स्वच्छता पखवाड़ा तथा विकसित भारत आदि कार्यों की सराहना की गई। इस बैठक में समिति सदस्य बीना देवी, रीना देवी, पूजा देवी, सीमा देवी, बीरी सिंह, उपमा देवी, सुनील कुमार, सुरेश कुमार, मीरा देवी, प्रोमिला देवी, रोशनी देवी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### मजारी स्कूल में भूकंप से बचाव पर की मॉक ड्रिल

**अनंत ज्ञान, नैना देवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मजारी में अंतरराष्ट्रीय डिजास्टर रिस्क रिडक्शन डे पर भूकंप सुरक्षा को लेकर मॉक ड्रिल आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय आपदा प्रबंधन प्रभारी राजेश कुमार की देखरेख में हुआ। ड्रिल की शुरुआत तीन हूटर बजाकर की गई, जिससे आपदा की स्थिति का संकेत दिया गया। प्रशिक्षित स्वरूप विद्यार्थियों और शिक्षकों ने 'ड्रॉप, कवर और होल्ड' के अनुसार टेबल व डेस्क के नीचे सुरक्षित स्थान लिया। दूसरे हूटर पर छात्र-छात्राएं सिर पर बैग रखकर निर्धारित मार्ग से खुले मैदान में पहुंचे। प्रत्येक कक्षा की उपस्थिति जांच कर मिसिंग छात्रों की सूची रेस्क्यू टीम को सौंपी गई, जिन्होंने खोज व बचाव कार्य किया। घायल विद्यार्थियों को मेडिकल टीम के हवाले किया गया और गंभीर रूप से घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल भेजने की प्रक्रिया भी समझाई गई। प्रधानाचार्य सुरजीत ठाकुर ने कहा कि प्राकृतिक आपदाएं रोकी नहीं जा सकतीं, लेकिन सतर्कता और प्रशिक्षण से जान-माल का नुकसान कम किया जा सकता है। उन्होंने छात्रों को स्थानीय प्रशासन, अस्पताल और आपदा प्रबंधन टीम के संपर्क नंबर याद रखने की सलाह दी। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक व स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### बीडीटीएस ने वितरित किए दिवाली उपहार



**अनंत ज्ञान, बरमाणा।** बरमाणा सीमेंट फैक्टरी से ढुलाई का कार्य संभाल रही बिलासपुर डिस्ट्रीब्यूशन ट्रक ऑपरेटर्स सोसायटी (बीडीटीएस) ने दिवाली उपहार वितरण के चार चरण पूरे किए। महासचिव सुरेंद्र चौधरी के अनुसार, स्वारघाट, बिलासपुर, घुमारवीं और बरमाणा में ट्रांसपोर्टरों को चेक और कांसे की थालियां प्रदान की गईं। अब तक कुल 5.39 करोड़ रुपए के चेक वितरित किए जा चुके हैं। कार्यक्रम में बीडीटीएस के कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। बीडीटीएस ने हाल ही में मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 15 लाख रुपए दान किए और बरठीं बस दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को सहायता देने का निर्णय लिया। दिवाली के बाद भी उपहार वितरण जारी रहेगा।

### दिव्यांगों द्वारा बनाए दीये-मोमबत्तियों की बिक्री शुरू

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** दीपावली के शुभ अवसर पर झंडूता बाजार में चेतना संस्था की एक सराहनीय पहल सामने आई है। संस्था ने दिव्यांग बच्चों को दीये, मोमबत्तियां और अन्य सामग्री बनाने का प्रशिक्षण दिया है, जिससे वे अब अपनी बनाई वस्तुएं बाजार में बेच रहे हैं। यह कदम बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी प्रतिभा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण है। बाजार के प्रधान प्रशांत शर्मा ने कहा, 'यह पहल दिव्यांग बच्चों के लिए बेहद जरूरी है। वे अपनी मेहनत से बनाई चीजें बेचकर आत्मसम्मान और आत्मविश्वास हासिल कर रहे हैं।' उन्होंने स्थानीय जनता से अपील की कि वे इन बच्चों से अधिक से अधिक सामान खरीदें और उनका हौसला बढ़ाएं। इस पहल से न केवल बच्चों का मनोबल बढ़ेगा, बल्कि समाज में उनकी सहभागिता भी बढ़ेगी, जो एक सकारात्मक बदलाव की दिशा में कदम है।

### बिलासपुर कॉलेज के कैडेट्स ने राष्ट्रीय मंच पर बिखेरी चमक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के तीन एनसीसी कैडेट्स ने एनसीसी अकादमी मलोट, पंजाब में आयोजित 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' राष्ट्रीय शिविर में भाग लेकर महाविद्यालय और जिले को गौरवान्वित किया। शिमला समूह के कुल 22 कैडेट्स में से सीनियर अंडर ऑफिसर चंदन कौंडल, अंडर ऑफिसर सक्षम और सीक्यूएम सार्जेंट मनीषा देवी शामिल थे। चंदन कौंडल ने नुक्कड़ नाटक, पहाड़ी नाटी और झांकी में नेतृत्व करते हुए शानदार प्रस्तुति दी। सक्षम ने नुक्कड़ नाटक में उत्कृष्ट अभिनय, रस्साकशी में रजत पदक और गार्ड माउंटिंग में स्वर्ण पदक जीतकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। मनीषा देवी ने नाटी, चित्रकला, और टैबुलेक्स में सराहनीय योगदान दिया। कैडेट्स का मार्गदर्शन एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉ. जयचंद ने किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने तीनों कैडेट्स को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय है और अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा भी।

### निमावाली में वृत स्तरीय पोषण माह का आयोजन

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी।** पंचायत मंडयाली के गांव निमावाली में आज वृत स्तरीय पोषण माह का आयोजन किया गया। यह अभियान भारत सरकार के पोषण कार्यक्रम के अंतर्गत 16 सितंबर से 17 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है। यूनिसेफ भारत इसे डिजिटल माध्यम से बढ़ावा दे रहा है ताकि हर बच्चे को स्वस्थ जीवन की मजबूत शुरुआत मिल सके। कार्यक्रम में मोटापा नियंत्रण, नमक-चीनी-तेल की कम खपत, प्रारंभिक बाल्यावस्था की देखभाल, बाल आहार, पुरुष सहभागिता और स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करने पर विशेष जोर दिया गया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने इसमें अहम भूमिका निभाई। गर्भवती महिलाएं, किशोरियां और बच्चे इस आयोजन में शामिल हुए। साथ ही बेटी है अनमोल, मुख्यमंत्री कन्यादान, सुख आश्रय और वात्सल्य योजनाओं की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सुपरवाइजर दिलीप पोसवाल, सीएचओ पल्लवी और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। यह पहल स्वस्थ और सुपोषित भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# बिलासपुर में पेंशनर्स का फूटा गुस्सा

## बोले–अब होगी आर-पार की लड़ाई, जल्द नहीं मिला हल तो शिमला में घेराव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

प्रदेश सरकार द्वारा लंबे समय से लंबित मांगों को अनदेखा किए जाने से नाराज पेंशनर्स का गुस्सा मंगलवार को फूट पड़ा। पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन बिलासपुर के बैनर तले जिलाभर से सैकड़ों सेवानिवृत्त कर्मचारी शहर के मुख्यालय में एकत्र हुए और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि सरकार बार–बार मीठे वादे कर रही है, लेकिन जमीन पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा।

धरने में उपस्थित पेंशनर्स को संबोधित करते हुए अध्यक्ष जगदीश दिनेश ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा 5 अक्तूबर 2023 को पेंशनर्स की समस्याओं के समाधान के लिए ज्वाइंट कंसल्टेटिव कमेटी गठित करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बावजूद न तो बैठक बुलाई गई और न ही किसी निर्णय पर अमल हुआ। इससे राज्यभर के हजारों पेंशनर्स में गहरा रोष है। उन्होंने कहा कि सरकार की लापरवाही का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उन्हें हर महीने की पहली तारीख़ की बजाय 10 तारीख को पेंशन प्राप्त करनी पड़ती है, जिससे आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। वृद्ध पेंशनर्स को दवाई, बिजली–पानी और अन्य जरूरतों के खर्च पूरे करने में मुश्किलें आ रही हैं।

संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि विशेषकर एक जनवरी 2016 से 31 जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत्त हुए कर्मचारी सबसे अधिक प्रभावित हैं, जिनकी पेंशन और एरियर संबंधी फाइलें महीनों से विभागीय दफ्तरों में लंबित पड़ी हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की यह नीति न केवल अन्यायपूर्ण है, बल्कि वरिष्ठ नागरिकों के साथ असंवेदनशील व्यवहार का उदाहरण भी है।



जिला मुख्यालय बिलासपुर में धरने पर बैठे पेंशनर्स ने सरकार के खिलाफ की जमकर नारेबाजी।

पेंशनर्स ने प्रदर्शन के दौरान मुख्यमंत्री को एसडीएम बिलासपुर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा और चेतावनी दी कि यदि उनकी जायज़ मांगों को तुरंत पूरा नहीं किया गया तो आंदोलन को और अधिक उग्र किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ बिलासपुर की आवाज नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के पेंशनर्स की पुकार है।

प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने स्पष्ट कहा कि अगर सरकार ने जल्द निर्णय नहीं लिया तो प्रदेशभर के पेंशनर्स राजधानी शिमला में विशाल रैली कर सरकार को घेरेंगे।

# घुमारवीं में मिठाइयों व दुग्ध उत्पादों के लिए 16 सैंपल

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



दुकान में मिठाइयों की जांच करते अधिकारी।

त्योहारी सीजन के दौरान मिलावटखोरी पर रोक लगाने और लोगों को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग, बिलासपुर द्वारा उपमंडल घुमारवीं क्षेत्र में विभिन्न मिठाई और खाद्य पदार्थ विक्रेताओं की दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया।

इस दौरान विभाग की टीम ने कुल 16 सैंपल जांच हेतु एकत्रित किए, जिनमें बेसन बर्फी, मोटिचूर लड्डू, 5 प्रकार की चॉकलेट्स, नारियल बर्फी, 3 गुलाबजामुन, एक रसगुल्ला, घी, दूध, सोनपपड़ी तथा ड्राईफ्रूट्स शामिल हैं।

यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा अधिकारी केएस ठाकुर के नेतृत्व में की गई। निरीक्षण के दौरान मिठाइयों की स्वच्छता, भंडारण और निर्माण प्रक्रिया का भी निरीक्षण किया गया। सहायक आयुक्त (खाद्य सुरक्षा) महेश कश्यप ने जानकारी दी कि सभी सैंपलों को जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया है। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद यदि किसी सैंपल में मिलावट पाई जाती है, तो संबंधित विक्रेताओं के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि विभाग का यह अभियान लगातार जारी रहेगा और आने वाले दिनों में कुठेड़ा, झंडूत्ता एवं बरठीं क्षेत्रों में भी दूध, घी, पनीर और मिठाइयों के सैंपल लिए जाएंगे। महेश कश्यप ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि निरीक्षण के दौरान कोई खाद्य पदार्थ मौके पर ही खराब पाया जाता है, तो उसे तुरंत नष्ट कर दिया जाएगा, ताकि उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य पर कोई विपरीत प्रभाव न पड़े।

# त्योहारी सीजन में सक्रिय हैं साइबर ठग, रहें सावधान : एसपी धवल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



त्योहारों के इस मौसम में जहां लोग ऑनलाइन खरीददारी और डिजिटल लेन–देन में व्यस्त हैं, वहीं साइबर ठगों ने भी अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। जिला बिलासपुर के पुलिस अधीक्षक संदीप धवल ने नागरिकों को चेतावनी दी है कि साइबर अपराधी इस समय विभिन्न बंपर ऑफर, धमाका ऑफर और फेस्टिव बोनस के नाम पर लोगों के मोबाइल फोन हैक करने की साजिश रच रहे हैं।

एसपी धवल ने बताया कि ठग व्हाट्सएप या अन्य सोशल मीडिया माध्यमों से .apk फाइलें जैसे Bumperoffer.apk, PMKISAN.apk, SBIYonoUP-DATE.apk, RTO.apk, Customer-care.apk, RTOChallan.apk, Vahanchalan.apk, Invitationcard.apk, SBIcard.apk भेजकर यूजर्स को क्लिक करने के लिए उकसाते हैं।

उन्होंने कहा कि जैसे ही कोई व्यक्ति ऐसी लिंक पर क्लिक करता है या फाइल इंस्टॉल करता है, उसके मोबाइल का पूरा एक्सेस ठगों को मिल जाता है, जिससे व्यक्तिगत जानकारी, बैंकिंग डेटा, गैलरी और व्हाट्सएप संदेश तक सुरक्षित नहीं रहते। एसपी धवल ने नागरिकों से अपील की है कि वे अज्ञात लिंक या फाइल पर क्लिक न करें और किसी भी संदिग्ध एप्लिकेशन को डाउनलोड न करें। यदि किसी के साथ साइबर ठगी या धोखाधड़ी होती है तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें या www.cyber-crime.gov.in वेबसाइट पर शिकायत दर्ज करवाएं। बैंकिंग ऐप्स केवल आधिकारिक प्ले स्टोर/एप्प स्टोर से ही डाउनलोड करें। क्लिक करने से पहले सोचें– यही साइबर सुरक्षा की पहली शर्त है।

# मेले हमारी संस्कृति और भाईचारे के प्रतीक : रामलाल ठाकुर

**अनंत ज्ञान, नम्होल।** पारंपरिक पशु मंडी एवं किसान मेला नम्होल में सिया राम जनविकास समिति नम्होल और पशु मंडी एवं किसान समिति नम्होल के सौजन्य से भव्य महावीर हनुमान दंगल का आयोजन किया गया। इस अवसर संयोजक पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर और कांग्रेस महासचिव विकास ठाकुर विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। दंगल का शुभारंभ हनुमान मंदिर में पूजा–अर्चना से किया गया। इसके बाद शोभायात्रा मेला ग्राउंड होते हुए दंगल तक पहुंची।

कुश्तियों की शुरुआत होते ही माहौल जोश और उत्साह से भर गया। पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के नामी पहलवानों ने अखाड़े में अपने दांव–पेंच दिखाकर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। मेले में छोटी माली के विजेता को 11 हजार और उपविजेता को 9 हजार दिए गए और बड़ी माली के विजेता को 21 हजार और उपविजेता को 17 हजार से पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर ने सम्मानित किया।

इस मौके पर रामलाल ठाकुर ने कहा कि इस तरह के पारंपरिक आयोजन हमारी संस्कृति और भाईचारे के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि यदि ऐसे दंगल और मेले नियमित रूप से आयोजित किए जाएं तो युवा पीढ़ी नशे जैसी बुराइयों से दूर रहेगी और अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक सशक्त मंच प्राप्त करेगी। विकास ठाकुर ने भी आयोजन समिति को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम ग्रामीण खेल संस्कृति को जीवंत बनाए रखते हैं और युवाओं को प्रेरित करते हैं।

# बिलासपुर में छात्रा खेल महाकुंभ का आगाज

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, बिलासपुर**



दीप प्रज्वलित कर खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ करते पूर्व विधायक बंबर ठाकुर।

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बिलासपुर में राज्य स्तरीय अंडर–19 छात्रा खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने शिरकत की। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और छात्राओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

उद्घाटन का आरंभ छात्राओं के मार्च पास्ट से हुआ, जिसमें विभिन्न जिलों की टीमों ने अनुशासन और उत्साह का प्रदर्शन किया। मुख्यातिथि ने सलामी लेकर ध्वजारोहण किया और प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन किया। बंबर ठाकुर ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना के विकास में भी सहायक हैं। उन्होंने छात्राओं को खेल को जीवनशैली का हिस्सा बनाने की प्रेरणा दी और सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर शिक्षा विभाग के अधिकारी, खेल प्रशिक्षक, अध्यापकगण, अभिभावक और छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने भी दर्शकों का मन मोह लिया। आयोजन समिति ने बताया कि यह प्रतियोगिता दो दिवसीय होगी और समापन अवसर पर विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। इससे उभरती हुई प्रतिभाओं को राज्य स्तर पर आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।

# पनौल–सेर सड़क पर 15 नवंबर तक यातायात रहेगा बाधित

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

पनौल से सेर तक चल रहे सड़क निर्माण कार्य में इस बार आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जा रहा है, जिससे सड़क की मजबूती और टिकाऊपन पहले से कहीं बेहतर हो सके। निर्माण कार्य में मिट्टी को मजबूत बनाने के लिए एक नई विधि अपनाई गई है, जिसमें आरबीआई ग्रेड–81 नामक मिश्रण को साधारण सीमेंट के साथ मिलाया गया है।

इस मिश्रण को सड़क की मिट्टी और पत्थरों के साथ बराबर मिलाकर दबाया जा रहा है, ताकि सड़क की नींव अधिक मजबूत और स्थायी बने। यह पूरी प्रक्रिया सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार की जा रही है। सड़क की परत तैयार होने के बाद उसे कुछ समय तक नम रखा जाना आवश्यक होता है, जिससे उसे पूरी मजबूती और भार वहन क्षमता मिल सके। निर्माण एजेंसी ने बताया कि सड़क की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए इसे 15 नवंबर तक पूरी तरह यातायात के लिए बंद रखा गया है।

इस दौरान किसी भी प्रकार के वाहनों की आवाजाही सड़क की सतह को नुकसान पहुंचा सकती है। यदि इस अवधि में सड़क पर वाहन चलाए गएए तो उसकी परत कमजोर हो जाएगी, जिससे भविष्य में गड्ढे और दरारें पड़ने की संभावना बढ़ जाएगी। अधिकारियों ने अपील की है कि स्थानीय लोग और वाहन चालक सहयोग करें, ताकि यह सड़क तय समय में पूरी तरह तैयार होकर लंबे समय तक सुचारू रूप से उपयोग में लाई जा सके। सड़क को निर्धारित समय तक नम और सुरक्षित रखने से इसकी गुणवत्ता और उम्र दोनों में वृद्धि होगी।

# झंडूता अस्पताल में एक्स–रे मशीन खराब, मरीज परेशान

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल में स्थित सामुदायिक अस्पताल झंडूता में पिछले कुछ दिनों से एक्स–रे सुविधा ठप होने से मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में एक्स–रे नहीं होने के कारण आसपास के क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को बाहर निजी क्लीनिकों में महंगे दामों पर जांच करवानी पड़ रही है, जिससे उनका अतिरिक्त खर्च बढ़ गया है। झंडूता अस्पताल क्षेत्र के कई गांवों और कस्बों के लिए प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र है। यहां रोजाना सैकड़ों मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं, जिनमें से कई को एक्स–रे की जरूरत पड़ती है। लेकिन एक्स रे फिल्म नहोने से मरीजों को बिलासपुर या अन्य दूरस्थ जगहों पर जाना पड़ रहा है, जिससे समय और पैसा दोनों बर्बाद हो रहा है। एक मरीज ने बताया कि बाहर एक्स–रे करवाने में 500 से 1000 रुपए तक खर्च आ रहा है, जो गरीब परिवारों के लिए बोझ बन रहा है।

इस संबंध में खंड चिकित्सा अधिकारी अखिलेश कुमार ने बताया कि समस्या की मुख्य वजह एक्स–रे फिल्मों की कमी है। उन्होंने कहा, जिस कंपनी से हमारा एक्स–रे के लिए कॉन्ट्रैक्ट हुआ है, वहां से फिल्म नहीं आ रही है। इसके लिए हमने अपने उच्च अधिकारियों को सूचित कर दिया है। हमें आश्वासन मिला है कि जल्द ही इसे ठीक किया जाएगा।

# अंतरराष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण दिवस पर पंचायतों को बांटीं आपातकालीन राहत किटें



पंचायत प्रतिनिधियों को राहत किट बाँटते उपायुक्त राहुल कुमार।

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, बिलासपुर**

अंतर्राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन बिलासपुर द्वारा आपदा प्रबंधन को सशक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाया गया। जिला मुख्यालय स्थित बचत भवन में आयोजित कार्यक्रम में की उपस्थिति में चार संवेदनशील ग्राम पंचायतों टाली, बरठीं, पट्टा और छरोल को आपातकालीन राहत किटें प्रदान की गईं। इन पंचायतों का चयन खंड विकास अधिकारियों द्वारा वर्षा, भूस्खलन और अन्य प्राकृतिक आपदाओं की दृष्टि से अधिक संवेदनशील क्षेत्रों के रूप में किया गया है।

उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा कि आपदा की स्थिति में स्थानीय समुदाय सबसे पहले प्रतिक्रिया देता है, इसलिए ग्राम स्तर पर तैयारियों को सुदृढ़ करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राहत किटों के माध्यम से स्थानीय पंचायतों की टीमें आपात स्थितियों में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया देने में सक्षम होंगी। प्रदान की गई राहत किटों में प्राथमिक उपचार सामग्री, टॉर्च, बैटरियां, स्ट्रेचर, रस्सियां, गम बूट, हेलमेट और मेगाफोन जैसे आवश्यक उपकरण शामिल हैं। कार्यक्रम में पंचायतों के प्रधान, सचिव, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की टीम और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान सामग्री के उपयोग और रख–रखाव की जानकारी भी दी गई। उपायुक्त ने पंचायत प्रतिनिधियों से आपदा प्रबंधन प्रशिक्षणों में भागीदारी का आग्रह करते हुए कहा कि इससे स्थानीय युवाओं में जागरूकता और सहभागिता बढ़ेगी।

# संविधान की आत्मा पर हमला बर्दाश्त नहीं : प्रवेश चंदेल



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** देश व प्रदेश में बढ़ते असंवैधानिक घटनाक्रमों पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने कड़ा ऐतराज जताया है। पार्टी की राज्य कार्यकारिणी के सदस्य कामरेड प्रवेश चंदेल ने कहा कि आज संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय पर निरंतर हमले हो रहे हैं और सरकारें मूकदर्शक बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि जातिवाद और धर्म के नाम पर फैल रही नफरत की राजनीति ने सामाजिक समरसता को चोट पहुंचाई है। रोहड़ू में एक दलित बच्चे की पिटाई और आत्महत्या का मामला इसका ज्वलंत उदाहरण है, जिस पर सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। चंदेल ने आरोप लगाया कि दलितों पर अत्याचार और सत्ता का मौन, लोकतंत्र नहीं बल्कि तानाशाही का संकेत है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में पुलिस व न्यायपालिका पर हमले, और कानून–व्यवस्था की बिगड़ी स्थिति, संविधान की विफलता को दर्शाती है। उन्होंने चेताया कि यदि हालात नहीं बदले, तो भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जन आंदोलन शुरू करेगी।

**कार्रवाई** निरीक्षण के साथ चला अभियान, बच्चों की भलाई को लेकर प्रशासन गंभीर

# धौलरा मंदिर में भिक्षावृत्ति को लेकर बाल संरक्षण टीम की छापेमारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



धौलरा मंदिर में एकत्रित चाइल्ड हेल्पलाइन प्रोजेक्ट की टीम।

जिला बाल संरक्षण इकाई बिलासपुर और चाइल्ड हेल्पलाइन टीम 1098 ने मंगलवार को धौलरा मंदिर में संयुक्त औचक निरीक्षण किया। यह कदम कई दिनों से प्राप्त शिकायतों के बाद उठाया गया, जिसमें जानकारी मिली थी कि कुछ प्रवासी बच्चे मंदिर परिसर में भिक्षावृत्ति के लिए मजबूर किए जा रहे हैं।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी सत्या चंदेल के नेतृत्व में टीम ने मंदिर परिसर का दौरा किया और स्थानीय दुकानदारों से जानकारी ली। दुकानदारों ने बताया कि पहले कुछ प्रवासी बच्चे भिक्षावृत्ति के लिए मंदिर में आते थे, लेकिन पिछले लगभग दो महीनों से ऐसी घटनाएं नहीं हो रही हैं।

टीम ने बच्चों और मौजूद लोगों को बाल भिक्षावृत्ति अवैध और अस्वीकार्य होने के बारे में जागरूक किया। साथ ही यह संदेश भी दिया गया कि यदि किसी को बाल अपराध–जैसे बाल विवाह, बाल मजदूरी, भिक्षावृत्ति या पॉक्सो से संबंधित कोई मामला पता चले तो तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन टीम या जिला बाल संरक्षण इकाई से संपर्क करें।

इस अवसर पर चाइल्ड हेल्पलाइन प्रोजेक्ट समन्वयक, पर्यवेक्षक और परामर्शकर्ता भी मौजूद रहे। जिला बाल संरक्षण अधिकारी सत्या चंदेल ने कहा कि इस तरह के नियमित निरीक्षण और जागरूकता अभियानों से बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है और समाज में सकारात्मक संदेश फैलता है।

उन्होंने कहा कि बाल भिक्षावृत्ति न केवल बच्चों के अधिकारों के खिलाफ है, बल्कि उनकी मानसिक और शारीरिक सुरक्षा को भी खतरे में डालती है। समाज के सभी वर्गों को इस दिशा में संवेदनशील और सतर्क रहना होगा।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य बच्चों के अधिकारों की रक्षा करना और समाज में जागरूकता बढ़ाना बताया गया।

# कैकई के वरदान से टूटा राजतिलक राम को 14 वर्ष का मिला वनवास

**अनंत ज्ञान, शाहतलाई।** शाहतलाई मंदिर प्रांगण में आयोजित रामलीला मंचन में मंगलवार रात्रि दर्शकों को भावुक कर देने वाला दृश्य प्रस्तुत किया गया, जब रानी कैकई द्वारा मांगे गए दो वरदानों ने राम के राजतिलक को वनवास में बदल दिया। राजा दशरथ द्वारा राम को युवराज घोषित करने की योजना जैसे ही बनी, दासी मंथरा ने कैकई को भड़काया और कैकई कोप भवन चली गई। राजा दशरथ और कैकई के बीच संवाद का मंचन इतना प्रभावशाली रहा कि पंडाल में मौजूद दर्शकों की आंखें नम हो गईं। राम ने पिता की प्रतिज्ञा का मान रखते हुए 14 वर्ष का वनवास स्वीकार किया। सीता और लक्ष्मण ने भी उनके साथ वन जाने का संकल्प लिया। कौशल्या व सुमित्रा से आशीर्वाद लेकर वनगमन का दृश्य मंचित किया गया। गुरु वशिष्ठ द्वारा तीनों को शिक्षा देकर विदाई देने वाला दृश्य भी दर्शकों के मन को छू गया। इस अवसर पर नंदलाल शर्मा (दशरथ), अर्पित (कैकई), रोहित ठाकुर (राम), हर्ष बनियाल (सीता), अमित (लक्ष्मण), दीपांश (मंथरा) सहित अन्य कलाकारों ने बेहतरीन अभिनय किया।

## न्यूज ब्रीफ

### 24 पंचायतों को जनजातीय क्षेत्र का दर्जा दिलाना प्राथमिकता: रमेश भारद्वाज

**अनंत ज्ञान, धरवाला।** अखिल भारतीय गद्दी जनजातीय विकास समिति (पंजी.) के अध्यक्ष रमेश भारद्वाज, जिन्होंने हाल ही में सीबीआई से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली है, अब समाज सेवा को अपना उद्देश्य बना चुके हैं। उन्होंने कहा कि समिति के माध्यम से अब तक अनेक जरूरतमंदों को सहायता दी गई है, चाहे वह आगजनी की घटना हो, दुर्घटना या गरीब परिवारों की मदद का मामला। रमेश भारद्वाज ने बताया कि भरमौर-पांगी विधानसभा क्षेत्र की 24 पंचायतें आज भी जनजातीय क्षेत्र का दर्जा पाने से वंचित हैं, जबकि इन क्षेत्रों की भाषा, रहन-सहन और आर्थिक-सामाजिक स्थिति पूरी तरह से जनजातीय क्षेत्रों जैसी है। शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं की हालत बेहद खराब है। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य इस क्षेत्र की आवाज़ को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना है। बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास के मुद्दों पर प्राथमिकता से कार्य करेंगे। साथ ही, इन पंचायतों को जनजातीय क्षेत्र का दर्जा दिलाना उनकी मुख्य प्राथमिकता रहेगी।

### 23 वर्षीय युवती लापता, परिजनों ने जताई चिंता

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिले के बालू क्षेत्र से 23 वर्षीय युवती बीना 28 सितंबर की रात से लापता है। वह किराये पर रहकर पढ़ाई और कंप्यूटर कोर्स कर रही थी। परिजनों ने बताया कि लापता होने से पहले उसे एक शिक्षक की पत्नी के बार-बार कॉल आ रहे थे, जिससे कई उलझनें उत्पन्न हुईं। दिनेश के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को एडीएम अमित मेहरा से मिलकर मामले में कड़ी कार्रवाई और युवती की शीघ्र बरामदगी की मांग की। परिजनों ने वीडियो के माध्यम से मिली संभावित लोकेशन बद्दी की जांच और एक संदिग्ध व्यक्ति की भूमिका की गहन तफ्तीश की मांग की। एडीएम ने पुलिस को तुरंत जांच तेज करने और वीडियो की प्रामाणिकता सत्यापित करने के निर्देश दिए।

### स्कूल निर्माण में अनियमितता की आशंका

**अनंत ज्ञान, धरवाला।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लिल्ह में हो रहे तीन कमरों के निर्माण को लेकर किलोड वार्ड के युवक विपिन शर्मा ने अनियमितताओं की आशंका जताई है। उन्होंने विद्यालय प्रभारी को पत्र सौंपते हुए कहा कि निर्माण कार्य आरसीसी में होना था, लेकिन यह कच्ची ईंटों से किया जा रहा है, जिससे भवन की मजबूती पर सवाल उठते हैं। विपिन शर्मा ने चेतावनी दी कि यदि यह भवन भविष्य में बच्चों के लिए खतरा बना या टेकओवर हुआ, तो इसकी जिम्मेदारी विद्यालय प्रशासन की होगी। विद्यालय प्रभारी जगदीश ने बताया कि मामला संज्ञान में आते ही निर्माण कार्य फिलहाल रोक दिया गया है और निर्माण एजेंसी से ड्राइंग मांगी गई है। उन्होंने विकासखंड अधिकारी, पंचायत प्रधान व सचिव को भी इस संबंध में पत्र भेजा है।

### दो चिकित्सकों को मिला राष्ट्रीय सम्मान

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** नई दिल्ली में आयोजित आईएमए आयुष की राष्ट्रीय वार्षिक बैठक में हिमाचल प्रदेश के दो आयुर्वेद विशेषज्ञों–प्रोफेसर डॉ. सुनील ठाकुर (विभागाध्यक्ष, कायचिकित्सा, पपरोला आयुर्वेद कॉलेज) और डॉ. मन्जू शर्मा (सेवानिवृत्त उपमंडल आयुर्वेद अधिकारी, राजगढ़)–को 'अवार्ड ऑफ ऑनर्स' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें आयुर्वेद चिकित्सा में उनके विशिष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया। प्रदेशाध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार ने इसे हिमाचल के लिए गर्व की बात बताते हुए सभी आयुर्वेद चिकित्सकों से आह्वान किया कि वे सेवा भावना से गरीब और जरूरतमंद वर्गों तक चिकित्सा सुविधा पहुंचाएं। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. नरेश छवन्निया और संरक्षक डॉ. चौहान का आभार भी व्यक्त किया।

### छात्रों ने ली तंबाकू उन्मूलन की शपथ

**अनंत ज्ञान, चंबा।** मेडिकल हेल्थ ब्लॉक किहार की ओर से आज डिग्री कॉलेज सलूणी में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा 'तंबाकू मुक्त युवा 3.0 - स्वस्थ युवा, सशक्त भारत' अभियान के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील कुमार ने की। इस अवसर पर हेल्थ एजुकेटर, हेल्थ सुपरवाइजर सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को तंबाकू के दुष्प्रभावों एवं उससे होने वाले गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। डॉ. सुनील कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि 'युवाओं को तंबाकू से दूरी बनाकर स्वस्थ जीवनशैली अपनानी चाहिए। तंबाकू मुक्त हिमाचल का सपना तभी साकार होगा जब हर व्यक्ति इसमें अपनी भूमिका निभाए।' इस मौके पर उपस्थित सभी विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों को 'तंबाकू को कहें ना' की शपथ भी दिलाई गई। यह अभियान पूरे हिमाचल प्रदेश में 9 अक्तूबर से आरंभ होकर 8 दिसंबर तक चलेगा।

### कलाकारों ने दिया सुरक्षित निर्माण का संदेश

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकारण के 'समर्थ-2025' कार्यक्रम के तहत सूचना एवं जन संपर्क विभाग से संबद्ध निजी नाट्य दल मां सरस्वती म्यूजिकल ग्रुप लेच द्वारा सलूणी और मंजीर में, वहीं प्रिया म्यूजिकल ग्रुप जडेरा के कलाकारों द्वारा ककीरा और बकलोह में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में कलाकारों ने 'जागरूक समुदाय, सुरक्षित समुदाय' विषय पर नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से लोगों को भूकंपरोधी निर्माण तकनीकों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भवन निर्माण के दौरान सही तकनीक अपनाने से आपदाओं के समय जान-माल के नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है। कलाकारों ने भवन निर्माण हेतु भूमि चयन, नदी नालों से सुरक्षित दूरी, उत्तम गुणवत्ता के सीमेंट, क्षैतिज भूकंपरोधी बैंड, दीवारों के सुदृढ़ीकरण, पिलर निर्माण, कंक्रीट के मानक और नींव निर्माण में सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम की अगली कड़ी में 15 अक्तूबर को डलहौजी, बनीखेत, हटली, सिहुंता, खाज्जियार और मंगला में भी ऐसे ही जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### नेकराम को दूसरी बार धर्मपुर की कमान

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** ग्राम पंचायत ततोहली के परडाना गांव निवासी नेकराम ठाकुर को भाजयुमो मंडल धर्मपुर का अध्यक्ष दूसरी बार नियुक्त किया गया है। पूर्व में विद्यार्थी परिषद की इकाई अध्यक्ष, छात्र संघ उपाध्यक्ष और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से प्रथम वर्ग शिक्षित कार्यकर्ता के रूप में संगठन में सक्रिय भूमिका निभा चुके नेकराम ठाकुर ने इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, जिला अध्यक्ष हीरालाल, पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह, प्रदेश मीडिया के सह प्रभारी रजत ठाकुर, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष उत्कर्ष खत्री, मंडल अध्यक्ष लेखराज ठाकुर, मंडल महामंत्री सुरेंद्र और ललित, पार्टी के समस्त वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का आभार जताया है।

### बकाया एरियर व महंगाई भत्ते को लेकर रोष

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर मंगलवार को हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड पेंशनर फोरम इकाई जोगिंद्रनगर की बैठक इकाई अध्यक्ष इंजीनियर एस.के. ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन इकाई महासचिव एन.आर. वर्मा ने किया। बैठक में बोर्ड और सरकार की पेंशनरों के प्रति ताजा गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की गई।एस.के. ठाकुर ने बताया कि सभी पेंशनर अपने जीवन प्रमाणपत्र 30 नवंबर 2025 तक पेंशनर फोरम द्वारा बनाए गए स्वयं ऑनलाइन लेखा अधिकारी कार्यालय शिमला को भेजें। उन्होंने कहा कि बोर्ड पेंशनरों का एरियर धन उपलब्ध होने पर आयु अनुसार भुगतान कर रहा है, जोकि अभी तक 74 वर्ष आयु पूरी कर चुके पेंशनरों को ही दिया गया है। उन्होंने इसे अनुचित ठहराते हुए कहा कि सभी पेंशनरों को समान रूप से भुगतान किया जाए, क्योंकि किसी की आयु निश्चित नहीं है। बैठक में विभिन्न सदस्यों सहित दूर-दराज क्षेत्रों से लगभग 95 पेंशनर सदस्य उपस्थित रहे।



अनंत ज्ञान, मंडी। जिला के एक दिवसीय प्रवास पर पहुंचे मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला वापस लौटते समय पॉलिटेक्निक कॉलेज सुंदरनगर के समीप हेलीपैड पर स्थानीय बच्चों के साथ संवाद किया और सेल्फी भी ली।

# दो महीने से अंधेरे में क्यूंर गांव, ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान

**भरमौर।** होली क्षेत्र की ग्राम पंचायत देओल के गांव क्यूंर में बीते दो महीने से बिजली नहीं है, जिससे एक दर्जन से अधिक परिवार अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। मोबाइल चार्जिंग जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए भी ग्रामीणों को आठ किलोमीटर दूर देओल गांव जाना पड़ता है।

ग्रामीणों ने बताया कि इस गांव में बिजली सेवा को दुरुस्त करने का कार्य दो महीने पहले किसी ठेकेदार को सौंपा गया था, लेकिन अब तक बिजली बहाल नहीं हो पाई है। बार-बार विभागीय अधिकारियों को शिकायतें करने के बावजूद न कोई अधिकारी मौके पर आया और न ही कोई ठोस कदम उठाया गया। इससे नाराज ग्रामीणों ने पंचायत विभाग और प्रशासन के खिलाफ आवाज बुलंद की है। पूर्व प्रधान एवं कांग्रेस

**बिजली बहाली न होने पर प्रशासन और विभाग के खिलाफ खोला मोर्चा**

के वरिष्ठ नेता ब्रह्मानंद ठाकुर ने कहा कि लंबे समय से बिजली की समस्या को लेकर लोग परेशान हैं, लेकिन विभागीय लापरवाही के चलते समाधान नहीं हो रहा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द बिजली बहाल नहीं हुई तो लोग आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे।

इस संबंध में सहायक अभियंता बिजली बोर्ड, कृष्ण कुमार ने कहा कि उन्हें इस समस्या की जानकारी नहीं थी। यदि ऐसा मामला है तो जल्द ही टीम भेजकर समस्या को हल किया जाएगा। ग्रामीणों की मांग है कि बिजली सेवा तुरंत बहाल की जाए, ताकि उन्हें अंधेरे में दिन काटने से निजात मिल सके।

### 10 दिन से बिजली ठप प्रदर्शन की दी चेतावनी

**अनंत ज्ञान, चुराह।** चंबा जिला की ग्राम पंचायत सनवाल के गांव कुंडलूं और मालूंड में बीते दस दिनों से बिजली आपूर्ति ठप है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। अंधेरे के कारण जहां बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, वहीं मक्की की फसल से जुड़े कृषि कार्य भी रुक गए हैं। स्थानीय निवासी भजन लाल, नारायण सिंह, शंभु राम व अन्य ग्रामीणों ने बताया कि बार-बार बिजली बोर्ड से संपर्क करने के बावजूद अब तक कोई समाधान नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द बिजली बहाल नहीं हुई तो वे तीसा स्थित बिजली बोर्ड कार्यालय का घेराव करेंगे। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल बिजली आपूर्ति को बहाल किया जाए ताकि जनजीवन सामान्य हो सके।

### सड़क क्षतिग्रस्त होने से राशन वितरण बाधित प्रशासन ने लिया संज्ञान

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** होली की कंवारसी पंचायत में भारी बारिश के कारण सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है, जिससे पिछले दो महीने से डिपो का राशन गांव तक नहीं पहुंच पा रहा है। सड़क न होने के कारण यहां के ग्रामीण दैनिक आवश्यक वस्तुओं के लिए भारी समस्याओं का सामना कर रहे हैं।

इस समस्या पर अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित खबर के बाद भरमौर प्रशासन ने गंभीरता दिखाते हुए लोक निर्माण विभाग मंडल भरमौर के अधिशासी अभियंता को दो दिनों के भीतर जवाब देने के निर्देश दिए हैं। एडीएम भरमौर ने मामले का कड़ा संज्ञान लेते हुए शीघ्र समस्या का समाधान करने को कहा है। कंवारसी पंचायत की प्रधान सुरसा देवी ने प्रशासन के संज्ञान लेने पर आभार जताया और उम्मीद जताई कि जल्द ही सड़क मरम्मत का कार्य शुरू होगा जिससे ग्रामीणों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि सड़क सुविधा न होने के कारण यहां का जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है और समस्या का त्वरित समाधान आवश्यक है।

# चंबा मेडिकल अस्पताल में एक्स-रे मशीन खराब, मरीजों को झेलनी पड़ी परेशानियां



अनंत ज्ञान, धरवाला

जिला मुख्यालय चंबा के मेडिकल अस्पताल में सोमवार को एक्स-रे मशीन के खराब होने से मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सुबह 9:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहने के कारण अस्पताल में एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड सेवाएं प्रभावित रहीं।

हालांकि शाम को बिजली बहाल होने के बाद मरीजों को राहत की उम्मीद थी, लेकिन एक्स-रे मशीन के खराब होने की सूचना से लोगों में रोष फैल गया।

**घायल महिला को बाहर करवाना पड़ा टेस्ट**

कई मरीज और उनके परिजन घंटों इंतजार करते रहे, मगर उन्हें टेस्ट रिपोर्ट नहीं मिल पाई। सबसे अधिक परेशानी एक घायल महिला के परिवार को हुई, जिसे भट्टी नाला में स्कूटी और टैक्सी की टक्कर में चोटें आई थीं। समय पर इलाज न मिल पाने के कारण परिजनों को मजबूरन बाहर से जांच करवानी पड़ी। स्थानीय लोगों ने अस्पताल प्रशासन से जल्द मशीन को दुरुस्त करने की मांग की है।

# एडीएम ने स्कूल की स्थिति व स्मार्ट क्लास की उपलब्धता की मांगी रिपोर्ट



एडीएम कुलवीर सिंह भरमौर व गरोला शिक्षा खंड की समीक्षा बैठक करते हुए।


अनंत ज्ञान, भरमौर

अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (एडीएम) भरमौर कुलवीर सिंह राणा ने मंगलवार को एकीकृत जनजातीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम के अंतर्गत भरमौर और गरोला खंड प्राथमिक शिक्षा अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में शिक्षा क्षेत्र की प्रगति और आवश्यकताओं की विस्तार से समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि दोनों खंडों के सभी प्राथमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों को अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा दी जा रही है और स्विफ्ट चैट ऐप के माध्यम से शिक्षकों व छात्रों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज की जाती है।

एडीएम ने निर्देश दिए कि दोनों खंडों के विद्यालयों में छात्रों की संख्या और उपलब्ध डेस्क की विस्तृत सूची शीघ्र तैयार की जाए। साथ ही, किन विद्यालयों में स्मार्ट क्लासरूम की सुविधा उपलब्ध है, इसकी भी जानकारी दी जाए। बैठक में खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी भरमौर विश्वजीत सिंह, गरोला के दीपक आजाद, वरिष्ठ सहायक गौतम कुमार और सांख्यिकीय सहायक गणेश कुमार भी उपस्थित रहे।

### चंबा को मिले 71 आधुनिक घर: राकेश

**अनंत ज्ञान, चंबा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0, के तहत हिमाचल प्रदेश में 1361 नए आवासों को स्वीकृति दी गई है। इस योजना के तहत चंबा जिले की नगर पंचायतों को 71 आवासों की मंजूरी प्राप्त हुई है, जो स्थानीय गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए जीवन बदलने वाला कदम साबित होगी। चंबा जिले के त्रिलोचन मंडल के बूथ अध्यक्ष राकेश कुमार ने इस योजना की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल न केवल गरीब परिवारों को सुरक्षित और किफायती घर उपलब्ध कराएगी, बल्कि उनके जीवन स्तर को सुधारने और उन्हें सामाजिक तथा आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में भी अहम भूमिका निभाएगी। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत स्वीकृत इन आवासों में आधुनिक सुविधाओं के साथ रहने की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाएगी। इससे लाभान्वित होने वाले परिवारों को न केवल स्थायी और सुरक्षित आश्रय मिलेगा।



# जिला खाद्य नियंत्रक ने सरकारी डिपो के चावल में प्लास्टिक की अफवाहों का किया खंडन

राहुल सहगल, अनंत ज्ञान

**चंबा।** जिले में सरकारी डिपो के चावल में प्लास्टिक के दाने मिलने की खबरों ने भ्रम की स्थिति पैदा कर दी थी। इस मामले में जिला नियंत्रक खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले करण ने स्पष्ट किया कि यह खबर पूरी तरह से भ्रामक और निराधार है। करण ने बताया कि केंद्र सरकार के निर्देशानुसार अब राशनकार्डधारकों को फोर्टिफाइड चावल उपलब्ध करवाए जा रहे हैं, जिनमें आयरन, फोलिक एसिड और विटामिन बी12 जैसे महत्वपूर्ण पोषक तत्व शामिल होते हैं। यह चावल कुपोषण और एनीमिया जैसी बीमारियों से बचाव के लिए विशेष रूप से तैयार किए जाते हैं।



उन्होंने बताया कि फोर्टिफाइड चावल भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के मानकों के अनुरूप होते हैं और इनका रंग या बनावट सामान्य चावल से थोड़ी अलग हो सकती है, जिससे कुछ लोग भ्रमित

**फोर्टिफाइड चावल में शामिल हैं आवश्यक पोषक तत्व, स्वास्थ्य के लिए लाभकारी**

हो जाते हैं। करण ने आम जनता से अपील की है कि वे सरकारी दुकानों से मिलने वाले फोर्टिफाइड चावल का विश्वासपूर्वक उपयोग करें और प्लास्टिक चावल संबंधी अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि यह चावल पूरी तरह सुरक्षित, पौष्टिक और स्वास्थ्यवर्धक हैं, विशेषकर गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए अत्यंत लाभकारी हैं।

### उपायुक्त ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का किया अनावरण

**अनंत ज्ञान, चंबा।** उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने अशोक धम्म विजयदशमी एवं धम्मचक्र परिवर्तन दिवस के अवसर पर विद्या महेश चैरिटेबल ट्रस्ट एवं शेड्यूल कास्ट वेलफेयर एसोसिएशन चंबा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित विचार धम्म गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया। उपायुक्त ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने भारतीय संविधान के माध्यम से समानता, न्याय और बंधुत्व को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उन्होंने जातिवाद और भेदभाव के विरुद्ध एक ऐसा समाज बनाने का सपना देखा, जहां हर नागरिक को शिक्षा, सम्मान और समान अवसर मिलें। मुकेश रेपसवाल ने जिला में अनुसूचित जाति वर्ग की साक्षरता दर बढ़ाने पर जोर देते हुए सामाजिक संगठनों से सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जो सामाजिक कुरीतियों को खत्म कर सकता है। गोष्ठी में तकनीकी शिक्षा व नशा मुक्त समाज के महत्व पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर उपायुक्त को संस्था की ओर से शॉल-टोपी भेंट कर सम्मानित किया गया।

# भारतीय ग्रेपलिंग टीम यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग स्पर्धा के लिए सर्बिया रवाना



भीम बसेड़ू राजपूत, अनंत ज्ञान

**महादेव।** भारतीय ग्रेपलिंग संघ के तत्वावधान में 10 सदस्यीय भारतीय ग्रेपलिंग टीम यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग विश्व ग्रेप्पलिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, नई दिल्ली से सर्बिया रवाना हो गई है।

टीम के साथ भारतीय ग्रेप्पलिंग संघ के अध्यक्ष ओम प्रकाश नरवाल (आईपीएस) भी सर्बिया जाएंगे। प्रतियोगिता 14 से 16 अक्तूबर तक नोविसाद, सर्बिया में आयोजित की जाएगी, जिसमें लगभग 500 खिलाड़ी विभिन्न देशों से हिस्सा लेंगे। हिमाचल प्रदेश से अंतरराष्ट्रीय पहलवान मनदीप भी टीम में शामिल हैं, जो 62

**हिमाचल के मनदीप करेंगे 62 किलोभार वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व**

किलोग्राम भारवर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने जून 2025 में कजाकिस्तान में आयोजित विश्व ग्रेप्पलिंग कप में देश के लिए कांस्य पदक जीता था और वे इस बार टीम के कप्तान भी हैं। भारतीय ग्रेपलिंग संघ के महासचिव सुबोध कुमार यादव और हिमाचल प्रदेश एमेच्योर ग्रेपलिंग संघ के अध्यक्ष संजय कुमार ने टीम को शुभकामनाएं दीं और मनदीप के चयन को प्रदेश के लिए गर्व का क्षण बताया। सभी ने आशा जताई कि भारतीय टीम देश को गौरवान्वित करेगी।

### मंडी में रेडक्रॉस मांडव का आयोजन 15 से 19 तक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** रेडक्रॉस सोसाइटी मंडी द्वारा रेडक्रॉस मांडव 2025 का आयोजन 15 से 19 अक्तूबर तक इंदिरा मार्केट मंडी में किया जाएगा। यह आयोजन मानवीय सेवा, स्वास्थ्य जागरूकता, प्राथमिक उपचार, आपदा प्रबंधन और सामाजिक कल्याण की दिशा में जन-जागरूकता का माध्यम बनेगा। इसी क्रम में 16 अक्तूबर को सेरी मंच, मंडी में प्रातः 10 बजे से अपराह्न 4 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। रेड क्रॉस सोसाइटी ने नागरिकों, स्वयंसेवकों, शैक्षणिक संस्थानों और युवा संगठनों से इस पुनीत कार्य में भाग लेकर अधिक से अधिक रक्तदान करने की अपील की है।

अतिरिक्त उपायुक्त मंडी गुरसिमर सिंह ने बताया कि रेड क्रॉस मांडव का उद्देश्य समाज में सेवा, सहयोग और संवेदना की भावना को सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि रक्तदान जैसे मानवीय कार्यों से न केवल जरूरतमंदों की सहायता होती है, बल्कि यह समाज में एक सकारात्मक संदेश भी देता है। उन्होंने सभी नागरिकों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। रेडक्रॉस मांडव के दौरान विभिन्न सामाजिक, स्वास्थ्य और स्वैच्छिक गतिविधियों के माध्यम से लोगों में सामुदायिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित किया जाएगा। यह आयोजन मानवीय सेवा के प्रति जन-जागरूकता को और व्यापक बनाएगा।

# बल्ह स्कूल ने पांचवीं बार जीती जूडो ट्रॉफी



जिलास्तरीय अंडर-14 खेलकूद प्रतियोगिता में बल्ह स्कूल के विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते मुख्यतिथि।

कविता, अनंत ज्ञान

**पधर।** राजकीय उच्च विद्यालय बल्ह के खिलाड़ियों ने जिला स्तरीय अंडर-14 खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार पांचवीं बार जूडो में स्वर्ण पदक जीतकर जिला ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। छात्रा वर्ग की प्रतियोगिता जोगिंदरनगर और छात्र वर्ग की सिद्धपुर में आयोजित हुई।

छात्राओं ने 5 स्वर्ण, 3 रजत और 2 कांस्य, जबकि छात्रों ने 2 स्वर्ण, 3 रजत और 2 कांस्य पदक जीते। विद्यालय की छात्रा अलीशा चौथी बार हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए 16 नवंबर को हैदराबाद में आयोजित नेशनल गेम्स में भाग लेगी। कुराश खेल में भी चार छात्राओं और दो छात्रों का चयन राज्य स्तर के लिए हुआ है। मुख्याध्यापक अजय कुमार राणा और शारीरिक शिक्षक जोगिन्द्र सिंह ने इस सफलता पर खिलाड़ियों को बधाई दी। पंचायत प्रधान, एसएमसी प्रधान और स्थानीय लोगों ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

### मुख्यमंत्री का किया जोरदार स्वागत

**अनंत ज्ञान, महादेव।** धनोटू एनएच पर नाचन कांग्रेस के कार्यकर्ताओं एवं नेताओं ने भव्य तोरणद्वार लगाकर घंटों इंतजार करने के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का ढोल नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया।

### दो युवक 8.46 ग्राम चिट्टे सहित गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो युवकों को चिट्टे सहित गिरफ्तार किया है। स्पेशल इन्वेस्टिगेशन यूनिट की टीम ने एएसआई संजीव कुमार की अगुवाई में गुप सूचना के आधार पर मंगलवार सुबह एनएच पर स्थित एक निजी होटल में छापामारी की। इस दौरान निजी होटल में ठहरे दो युवकों से 8.46 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। थाना प्रभारी सकीनी कपूर ने बताया कि स्पेशल इन्वेस्टिगेशन यूनिट की टीम एएसआई संजीव कुमार की अगुवाई में कांस्टेबल मनीष, मुख्य आरक्षी मोहन तथा अमर नाथ जोशी ने गुप्त सूचना के आधार पर निजी होटल में रेड कर 8.46 ग्राम चिट्टा सहित दो युवकों को मौके पर ही हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विभोर शर्मा (32), निवासी गांव द्रुब्बल और नीतीश कुमार (35), निवासी गांव गरोड़ू तहसील जोगिंद्रनगर के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामले की पुष्टि करते हुए एसएचओ सकीनी कपूर ने कहा कि क्षेत्र में नशे के सौदागरों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# माउंट मौर्या इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों के लिए रोमांच व मनोरंजन से भरपूर फन पार्टी

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

माउंट मौर्या इंटरनेशनल स्कूल जोगिंद्रनगर में सोमवार को नर्सरी से लेकर 12वीं कक्षा तक के छात्रों के लिए विशेष फन पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने न केवल खेलों और मनोरंजन का आनंद लिया, बल्कि अपनी साहसिक क्षमता और टीम भावना को भी बढ़ाया। स्कूल के प्रधानाचार्य योगेश ठाकुर ने बताया कि इस फन पार्टी में बच्चों के लिए कई रोमांचक और मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। बच्चों ने बुल राइड, पूल पार्टी, प्रेशर रॉकेट, बर्मा ब्रिज, बिग बाउंस, वाटर रोलर, कैब क्रॉसिंग, ट्रेन राइड, ड्रैगन, मिकी माउस, एटीवी पेट्रोल बाइक और बोट स्विंग जैसी गतिविधियों का भरपूर आनंद लिया। उन्होंने कहा कि बच्चों की खुशी और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया। कार्यक्रम में बच्चों के लिए स्नैक्स और लंच की भी व्यवस्था की गई, जिसे बच्चों ने बड़े उत्साह और खुशी के साथ ग्रहण किया। बच्चों ने डांस और



संगीत का भी भरपूर आनंद लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य योगेश ठाकुर ने आगे कहा कि माउंट मौर्या इंटरनेशनल स्कूल में केवल पढ़ाई ही नहीं बल्कि बच्चों के संपूर्ण विकास पर भी जोर दिया जाता है। इस फन पार्टी का आयोजन इसी उद्देश्य के तहत किया गया, ताकि बच्चों के शैक्षणिक विकास के साथ-साथ उनकी शारीरिक, मानसिक और सामाजिक क्षमताओं का भी विकास हो। कार्यक्रम में बच्चों की माता-पिता और स्कूल स्टाफ भी उपस्थित रहे, जिन्होंने बच्चों की उत्साही भागीदारी और कार्यक्रम की व्यवस्था की सराहना

**बुल राइड से लेकर वाटर रोलर तक, बच्चों ने उठाया हर गतिविधि का आनंद**

की। यह फन पार्टी बच्चों के लिए न केवल मनोरंजन का अवसर रही, बल्कि उनके आत्मविश्वास और सहकार्य क्षमता को बढ़ाने में भी मददगार साबित हुई।इस कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश भी गया कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं होती, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल, कला और अन्य गतिविधियों का भी उतना ही महत्व है।

### चेक बाउंस मामले में दो साल की सजा व 18 लाख जुर्माना

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** धर्मपुर उपमंडल के कमलाह निवासी किला चंद पुत्र रेवत राम को अदालत ने बैंक बाउंस मामले में 2 साल की सजा और 18 लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। मामला हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक मढ़ी से जुड़ा है, जहां किला चंद ने 21 दिसंबर 2012 को 9 लाख का लोन लिया। शुरुआत में कुछ किस्त चुकाने के बाद उसने भुगतान बंद कर दिया। बैंक ने अपने अधिवक्ता सुरेंद्र ठाकुर के माध्यम से किला चंद को कानूनी नोटिस दिया। जवाब में किला चंद ने भुगतान के लिए एक चैक बैंक 4 अगस्त 2022 को पेश किया, लेकिन वह बाउंस हो गया। इस पर बैंक प्रबंधन ने एनआई एक्ट को धारा 138 के तहत अदालत में मामला दायर किया। मामले की सुनवाई न्यायिक दंडाधिकारी डॉ. युधवीर सिंह की अदालत में हुई। अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 2 साल की कैद और 18 लाख जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना राशि में से अधिकतर बैंक को भुगतान की जाएगी।

### शिक्षा में सजगता-मानसिक स्वास्थ्य की दिशा में कदम

**विनोद जसवाल, अनंत ज्ञान, नेरचौक।** वर्तमान समय में जहां शिक्षा केवल अकादमिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं रही, वहीं विद्यार्थियों का मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक स्थिरता व जीवन कौशल अब शिक्षा के प्रमुख अंग बनते जा रहे हैं। इसी दृष्टिकोण को साकार करने के उद्देश्य से आर्ट ऑफ लिविंग बेंगलुरु और विजय ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट नेरचौक मंडी हिमाचल के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। आर्ट ऑफ लिविंग बैंगलोर साध्वी अमृता ने हस्ताक्षर से संबंधित सभी औपचारिकताओं को पूरा किया। इस समझौते पर राजीव निदेशक आर्ट ऑफ लिविंग और गौरव मारवाह अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक विजय ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट ने हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी का उद्देश्य विद्यार्थियों और शिक्षकों में सजगता, तनाव-मुक्त जीवन शैली, मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता व समग्र व्यक्तित्व विकास को प्रोत्साहित करना है।

अनंत Classifieds

नाम परिवर्तन

**मैं, दीपशिखा गुरुंग** (38) पत्नी श्री विनय कुमार थापा, गांव बाड़ी, डाकघर कंदरोड़ी, तह. इंदौरा, जिला कांगड़ा घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम दीप शिखा से बदलकर दीपशिखा गुरुंग किया है। संबंधित नोट करें।

अगर सफल होने का लक्ष्य मजबूत है तो असफलता हम पर हावी नहीं हो सकती -डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम

## संपादकीय

### छवि पर असर

हिमाचल प्रदेश का सियासी माहौल इन दिनों गहराया हुआ है। एक के बाद एक भाजपा नेताओं के रिश्तेदारों पर दुष्कर्म के आरोपों ने पूरे प्रदेश की राजनीति को हिलाकर रख दिया है। पहले भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल के बड़े भाई पर 25 वर्षीय युवती ने दुष्कर्म का आरोप लगाया और अब प्रदेश की शिमला संसदीय सीट से पूर्व सांसद रहे वीरेंद्र कश्यप के बड़े बेटे पर भी शादी का झांसा देकर यौन उत्पीड़न करने का मामला दर्ज हुआ है। लगातार दो हाई-प्रोफाइल मामलों के सामने आने से न केवल भाजपा की छवि पर असर पड़ा है, बल्कि राजनीतिक बयानबाजी का दौर भी तेज हो गया है। पूर्व सांसद का बेटा सोलन में एक डेंटल क्लिनिक चलाता है और सिरमौर जिले की एक युवती के साथ उसके प्रेम संबंध लंबे समय बताए जाते हैं। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उससे शादी का वादा किया, लेकिन जब विवाह की बात आई तो उसने किनारा कर लिया। शिकायत दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार बताया जा रहा है।

यह भी सामने आया है कि आरोपी पहले से ही विवाहित है और तलाक का मामला अदालत में विचाराधीन है। दूसरी ओर पुलिस इस पूरे मामले पर चुप्पी साधे हुए है, जिससे अटकलों का बाजार और गर्म हो गया है। राजनीतिक दृष्टि से देखा जाए तो यह मामला केवल एक व्यक्ति विशेष का नहीं, बल्कि एक दल की साख से जुड़ गया है। भाजपा हमेशा अपने अनुशासन और नैतिक राजनीति के लिए जानी जाती रही है, लेकिन ऐसे आरोप उस छवि पर प्रश्नचिन्ह लगा रहे हैं। डॉ. बिंदल के भाई की गिरफ्तारी के बाद पार्टी पहले ही मुश्किल में थी और अब पूर्व सांसद के बेटे पर आरोप लगने से विपक्ष को नया हथियार मिल गया है। सत्तासीन कांग्रेस पार्टी ने इन घटनाओं को भाजपा की 'नैतिक गिरावट' करार देते हुए भाजपा नेताओं पर तीखे तंज कसने शुरू कर दिए हैं। हालांकि, यह भी सच है कि किसी भी मामले में जांच पूरी हुए बिना निष्कर्ष पर पहुंचना न तो उचित है और न ही न्यायसंगत। राजनीतिक दलों को चाहिए कि वे इस तरह के संवेदनशील मामलों में बयानबाजी से बचें और पुलिस तथा न्याय प्रणाली पर भरोसा रखें। कानून सबके लिए समान है-चाहे वह आम नागरिक हो या किसी बड़े नेता का रिश्तेदार, लेकिन इन घटनाओं ने समाज के सामने एक बड़ा सवाल जरूर खड़ा कर दिया है कि आखिर दुष्कर्म जैसे मामलों की जड़ें इतनी गहरी क्यों हो रही हैं? हर बार आरोपी और पीड़िता के बीच सहमति या शादी का वादा जैसी बातें सामने आती हैं। कई मामलों में यह भी देखा गया है कि संबंध लंबे समय तक चलने के बाद विवाद होता है और मामला दुष्कर्म की धाराओं तक पहुंच जाता है। ऐसे में यह भी जरूरी है कि समाज इस विषय पर भावनाओं से नहीं, बल्कि संवेदनशील विवेक से सोचे।

यह सच है कि किसी भी तरह का यौन उत्पीड़न अक्षम्य अपराध है और उसे किसी सूरत में माफ नहीं किया जा सकता, लेकिन यह भी उतना ही सच है कि कुछ मामलों में निजी संबंधों के बिगड़ने को भी दुष्कर्म का रूप दे दिया जाता है। इसलिए आवश्यक है कि पुलिस और न्यायालय तथ्यों के आधार पर ही निर्णय लें। सामाजिक प्रतिष्ठा और राजनीतिक हैसियत से परे, हर व्यक्ति के साथ न्याय होना चाहिए। राजनीति का असली उद्देश्य समाज में विश्वास, पारदर्शिता और नैतिकता कायम रखना है। जब नेता या उनके परिवार से जुड़े लोग ऐसे मामलों में फंसते हैं, तो यह जनता के विश्वास को गहरी चोट पहुंचाता है। भाजपा को इस समय सबसे अधिक जरूरत आत्ममंथन की है-न कि सिर्फ आरोपों का खंडन करने की। वहीं, कांग्रेस को भी चाहिए कि वह इस संवेदनशील मुद्दे को केवल राजनीतिक लाभ के रूप में न देखे, बल्कि इसे समाजिक चेतना का अवसर माने।

हिमाचल जैसे शांत और संस्कारशील प्रदेश में ऐसी घटनाएं केवल एक पार्टी या व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए शर्मनाक हैं। राजनीति का स्तर तब ऊंचा होता है जब दल मुद्दों पर बहस करें, न कि एक-दूसरे के पारिवारिक मामलों पर निशाना साधें। कानून अपना काम कर रहा है। पुलिस जांच में जो भी सच सामने आए, उस पर न्याय होना ही सबसे बड़ा समाधान होगा। इस समय प्रदेश की जनता भी यही चाहती है कि राजनीति दोषारोपण के बजाय दिशा-निर्देशन का माध्यम बने। ऐसे मामलों से यह सीख लेने की जरूरत है कि सत्ता या प्रसिद्धि किसी को कानून से ऊपर नहीं बनाती। समाज में जब तक नैतिकता और सम्मान का भाव नहीं लौटेगा, तब तक ऐसी घटनाएं रुकेंगी नहीं। राजनीति को स्वच्छ बनाए रखना हर दल की जिम्मेदारी है, क्योंकि लोकतंत्र में जनता की आस्था ही सबसे बड़ी पूंजी होती है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### 'मिसाइल मैन ऑफ इंडिया'


डॉ. अवुल पकिर जैनुलाब्दीन अब्दुल कलाम, जिन्हें 'मिसाइल मैन' और 'जनता के राष्ट्रपति' के नाम से भी जाना जाता है, भारत के 11वें राष्ट्रपति थे। उनका जन्म 15 अक्तूबर 1931 को तमिलनाडु के रामेश्वरम में एक सामान्य मुस्लिम परिवार में हुआ। बचपन से ही वे जिज्ञासु, मेहनती और अनुशासनप्रिय थे। पढ़ाई जारी रखने के लिए उन्होंने अखबार बांटना शुरू किया।



डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम
जन्म :15 अक्तूबर,1931
निधन : 27 जुलाई, 2015

अब्दुल कलाम ने मद्रास इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में स्नातक किया। वे डीआरडीओ और इसरो जैसे महत्वपूर्ण संगठनों से जुड़े रहे और भारत के पहले स्वदेशी उपग्रह प्रक्षेपण यान (SLV-3) के निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाई। उन्होंने अग्नि और पृथ्वी जैसी मिसाइलों के विकास में भी अहम योगदान दिया, जिससे उन्हें 'मिसाइल मैन ऑफ इंडिया' कहा गया।

1998 में भारत के पोखरण परमाणु परीक्षण में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही। 2002 में वे भारत के राष्ट्रपति निर्वाचित हुए। राष्ट्रपति पद छोड़ने के बाद उन्होंने युवाओं को प्रेरित करने के लिए शिक्षा, लेखन और व्याख्यानों को अपनी प्राथमिकता बनाई। उनकी आत्मकथा 'Wings of Fire' युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। कलाम का सपना था कि भारत 2020 तक विकसित राष्ट्र बने। वे शांति, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के सशक्त समर्थक थे। 27 जुलाई 2015 को शिलांग में एक व्याख्यान के दौरान दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया। उनका जीवन भारतीय युवाओं को यह सिखाता है कि सपने देखो, मेहनत करो, और उन्हें पूरा करो। ■



कविता

### विश्वास

अरविंद शर्मा, मेरठ, उत्तर प्रदेश

**विश्वास** दीया है, जो अंधियारों मे जलता है,
दिल में, उजाला भरता है
जब राहें जाती थम और कदम डगमगा जाते,
विश्वास ही है, जो फिर से उठकर चलना सिखाए।
शब्दों से नहीं, एहसासों का मोती है,
टूटे उम्मीद को, यही संभालता है।
न दिखाई देता है, न छू कोई इसको पाता है,
पर हर रिश्ते की नींव यही बनाए रखता है।
जिस जगह विश्वास का निवास होता है,
वहीं प्रेम और शांति का वास होता है।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# भारत के अग्नि पुरुष डॉ. कलाम- एक महान व्यक्तित्व



हंसराज ठाकुर
लेक्चरर, फिजिक्स

बेशक आज डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम हमारे बीच नहीं हैं, मगर आज 'इसरो' की उपलब्धियां-हर एक भारतीय को उनकी याद दिलाती है-हमारा देश हर क्षेत्र में प्रतिभाओं से भरा पड़ा है-विश्वभर में मिसाइल मैन के नाम से पहचाने जाने वाले 'अग्नि पुरुष' एपीजे अब्दुल कलाम-एक प्रसिद्ध वैज्ञानिक व सौम्यता, ईमानदारी, समर्पण, सादगी की मिसाल के साथ साथ-पूर्व में देश के ग्यारहवें राष्ट्रपति भी रहे (25 जुलाई 2002 से लेकर 27 जुलाई 2007) तक उनके जीवन का हर लम्हा देश को समर्पित रहा। 15 अक्तूबर 1971 को डॉ. कलाम का जन्म तमिलनाडु के रामेश्वरम् में स्थित धनुषकोडी में हुआ और 27 जुलाई 2015 को मेघालय के शिलांग में एक व्याख्यान के दौरान 83 वर्ष की आयु में सभी को अलविदा कह गए।

वर्ष 1981 में पद्म भूषण, 1990 में पद्म विभूषण व वर्ष 1997 में भारत के सर्वोच्च पुरस्कार भारत रत्न से नवाजे गए। इसके अलावा वर्ष 1998 में वीर सावरकर पुरस्कार सहित अनेकों सम्मान प्राप्त यह विभूति खुद में भारत वर्ष के लिए किसी पुरस्कार से कम नहीं थी। आज विश्वभर में इनका जन्म दिवस 'विश्व छात्र दिवस' के रूप में मनाया जाता है। इनका पूरा नाम अबुल पाकिर जैनुलआबदीन अब्दुल कलाम था। बचपन में पारिवारिक परिस्थितियों से उबरने के लिए अखबार तक बेचे। गणित में रुचि रखने वाले इस शख्स ने कभी हार नहीं मानी।

प्रारंभिक पढ़ाई के बाद वर्ष 1955 में मद्रास इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से एयरोस्पेस में इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की। अपने प्रोजेक्ट वर्क के दौरान भी कई आर्थिक कठिनाइयों से गुजरे। जेट फाइटर बनने की चाह रखने वाले कलाम एक समय इसके करीब भी पहुंचे, मगर रिक्तियां सिर्फ आठ थी और कलाम नौवें नंबर पर थे। डॉ. कलाम ने देश के पहले स्वदेशी सैटेलाइट लॉन्च वहिकल एसएलवी-थ्री को विकसित करने के लिए निदेशक के रूप में अहम योगदान दिया था।

देश को विश्व मिसाइल क्षेत्र की अग्रिम पंक्ति में खड़ा करने की चाह में उन्होंने विनम्रतापूर्वक मंत्री पद तक ठुकरा दिया था। उनका मानना था कि भारत के रक्षा, शोध और परमाणु परीक्षण कार्यक्रम एक निश्चित दिशा में, अपने के अंतिम चरण तक पहुंच गया है और ऐसे में वो अपनी वर्तमान जिम्मेदारियों को निभाकर ही देश की बेहतर सेवा कर सकते हैं। देश के लिए समर्पित डॉ. कलाम, अपने राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान अतिथि स्वरूप राष्ट्रपति भवन में ठहरने वाले उनके परिवार की सदस्यों का खर्चा



खुद की जेब से भुगतान करते थे, जो किसी अन्य देश भक्त के लिए एक मिसाल से कम नहीं था।

बच्चों के बीच में डॉक्टर कलाम की लोकप्रियता आज भी किसी से छुपी नहीं है। बच्चे आज भी उन्हें अपना आदर्श मानते हैं-सितंबर 2000 में बतौर राष्ट्रपति तंजानिया की यात्रा पर थे। उन्हें पता चला कि वहां जन्मजात दिल की बीमारी से पीड़ित बच्चों की मौत इलाज की कमी के चलते हो रही है। उस वक्त उन्होंने एयर इंडिया के अध्यक्ष वी.तुलसीराम को इन बच्चों को दारेसलाम से हैदराबाद लाने को कहा, जहां, लगभग 24 बच्चों का ऑपरेशन हुआ व अपना जन्मदिवस उन बच्चों के साथ मनाया। आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत का धर्म व्रत को धारण करने वाला सिर्फ इस देश के लिए ही जिया। अपनी प्रॉपर्टी अपने भाई को दान कर दी। निधन के समय उनके पास 2500 किताबें, एक हाथ की घड़ी, छह शर्ट, चार ट्राउजर, तीन सूट और एक जोड़ी जूते थे। उनके पास कार, टीवी- यहां तक की फ्रिज भी नहीं था। अपनी रोजमर्रा की जिंदगी के खर्चे, वे सरकारी पेंशन और किताबों की रॉयल्टी से मिलने वाले पैसों से चलाते थे और अपने पीछे किसी तरह की वसीयत भी नहीं छोड़ गए।

भारत सरकार के पहले मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार व्यवसाय से एयरोस्पेस वैज्ञानिक थे। 'अग्नि की उड़ान' नामक उनकी पुस्तक सर्वाधिक लोकप्रिय हुई। डीआरडीओ व इसरो में 40 साल तक एक वैज्ञानिक के रूप में कार्य किया। उनके समय ही भारत ने अपने अंतरिक्ष कार्यक्रमों में अत्यधिक सफलता की शुरुआत की और बैलिस्टिक मिसाइल बनाई। तदोपरांत उन्हें मिसाइल मैन के नाम से जाना जाने लगा। वर्ष 1974 के पोखरण परमाणु परीक्षण में संस्थागत, तकनीकी व राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई व अंतरिक्ष कार्यक्रम को एक नई ऊंचाई दी।

अपनी पुस्तक इंडिया 2020 में इन्होंने भारत को 'नॉलेज सुपर पावर' बनाने का एक्शन प्लैन सुझाया ओर वर्ष 2020 तक विकसित भारत का सपना दिखाया। वे अक्सर कहते थे कि 'सपने वो सच नहीं होते जो बंद आंखों से देखे जाते हैं-सपने वे सच होते हैं जो खुली आंखों से देखे जाएं। परमाणु हथियार से भारत को संपन्न करवाने वाले कलाम-भारत को निकट भविष्य में विश्व महाशक्ति बनाने की ओर सदैव प्र प्रयासरत रहे। उखाद्य, आर्थिक व राष्ट्रीय सुरक्षा के बीच आपसी संबंध मानते हुए, उन्होंने पांच क्षेत्र चिन्हित किए, जिसमें कृषि एवं खाद्य उत्पाद, शिक्षा व स्वास्थ्य, इन्फॉर्मेशन व कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी, इंफ्रास्ट्रक्चर व विद्युत उत्पादन व क्रिटिकल टेक्नोलॉजी में आत्मनिर्भरता। यदि इन पांचों क्षेत्रों में स्वत: हम आगे बढ़े तो निकट भविष्य में भारत को सुपरपावर बनने से कोई नहीं रोक सकता।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# वर्ल्ड स्टूडेंट्स डे : युवा शक्ति का उत्सव और जिम्मेदारी का संदेश



केशव शर्मा रसिक
स्वतंत्र लेखक, घुमारवीं

हर वर्ष 15 अक्तूबर को वर्ल्ड स्टूडेंट्स डे मनाया जाता है। यह दिन भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान वैज्ञानिक और प्रेरक व्यक्तित्व डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती के रूप में विश्वभर के विद्यार्थियों को समर्पित है।

संयुक्त राष्ट्र ने 2010 में इस दिन को 'वर्ल्ड स्टूडेंट्स डे' घोषित किया था, क्योंकि डॉ. कलाम ने अपना पूरा जीवन विद्यार्थियों को प्रेरित करने, उनके सपनों को पंख देने और शिक्षा को राष्ट्र निर्माण का माध्यम बनाने में लगाया था। यह दिवस केवल एक जयंती नहीं, बल्कि उस भावना का प्रतीक है जो हर छात्र में जीवित होनी चाहिए-सीखने की ललक, जिज्ञासा और समाज के लिए कुछ करने की इच्छा। आज की युवा पीढ़ी डिजिटल युग में असीम अवसरों के बीच है, लेकिन चुनौतियां भी उतनी ही गहरी हैं। इस दिन का उद्देश्य छात्रों को यह याद दिलाना है कि वे केवल अपने भविष्य के नहीं, बल्कि राष्ट्र और विश्व के भविष्य के निर्माता है। डॉ. कलाम हमेशा कहा करते थे, 'सपना वह नहीं जो आप सोते हुए देखते हैं, सपना वह है जो आपको सोने नहीं देता।' यह वाक्य उनके जीवन की सच्चाई को दर्शाता है। विनम्र पृष्ठभूमि से आने वाले इस महान वैज्ञानिक ने अपनी मेहनत, ईमानदारी से भारत को मिसाइल तकनीक के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाया, लेकिन अपने हर पद और उपलब्धि से ऊपर उन्होंने स्वयं को एक 'शिक्षक' माना। डॉ. कलाम का मानना था कि शिक्षा केवल नौकरी पाने का साधन नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण का माध्यम है।

सच्ची शिक्षा वही है जो सोचने की स्वतंत्रता दे, सवाल पूछने का साहस दे और सही दिशा में कदम बढ़ाने की प्रेरणा दे। आज जब शिक्षा धीरे-धीरे 'रटने की संस्कृति' में बदल रही है, तब इस दिन




का महत्व और भी बढ़ जाता है। आज के विद्यार्थी तकनीक, प्रतियोगिता और मानसिक दबाव के बीच जी रहे हैं। जानकारी की बाढ़ में ज्ञान का सार खोता जा रहा है। सोशल मीडिया के प्रभाव ने ध्यान भटकाना आसान बना दिया है। ऐसे समय में आत्म-अनुशासन, सकारात्मक सोच और निरंतर प्रयास सफलता की कुंजी बन जाते हैं। आज की युवा पीढ़ी असीम संभावनाओं के युग में जी रही है-विज्ञान, तकनीक और वैश्वीकरण ने उनके लिए अवसरों के नए द्वार खोले हैं, लेकिन साथ ही वे मानसिक दबाव, प्रतियोगिता और सामाजिक चुनौतियों से भी जूझ रहे हैं। इस स्थिति में उन्हें आत्म-विश्वास, अनुशासन और सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखना होगा।

डॉ. कलाम का मानना था कि शिक्षा केवल परीक्षा पास करने या नौकरी पाने का साधन नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण का माध्यम है। उन्होंने कहा था, 'शिक्षा का उद्देश्य मानवता में श्रेष्ठता लाना है, केवल बुद्धिमत्ता नहीं।' आज जब शिक्षा व्यावसायिकता की ओर झुक रही है, तब विद्यार्थियों को यह याद रखना चाहिए कि ज्ञान का असली अर्थ समाज और राष्ट्र की भलाई में निहित है।

इस दिन शिक्षकों, अभिभावकों और समाज की भी यह जिम्मेदारी बनती है कि वे युवाओं को प्रेरणा, सहयोग और सही दिशा दें। शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों का संचार ही भविष्य को उज्ज्वल बना सकता है।

अत: वर्ल्ड स्टूडेंट्स डे हमें यह सोचने का अवसर देता है कि हम आने वाली पीढ़ियों को कैसी विरासत दे रहे हैं-केवल जानकारी या साथ में आदर्श भी? डॉ. कलाम का सपना था कि हर विद्यार्थी 'राष्ट्र निर्माता' बने। आइए, इस दिन हम संकल्प लें कि उनके विचारों को अपने जीवन में उतारकर भारत को ज्ञान और मूल्यों की शक्ति से समृद्ध बनाएं। डॉ. कलाम ने भी यही सन्देश दिया है कि-अगर आप सूर्य की तरह चमकना चाहते हैं, तो पहले सूर्य की तरह जलना सीखिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# बेसहारा पशुओं से होने वाली दुर्घटनाओं की समस्या का समाधान समय की मांग



वीरेंद्र शर्मा
सेवानिवृत्त अंग्रेजी प्रवक्ता
लोअर अरनियाला, ऊना

प्रतिदिन हमारे देश में आवारा पशुओं की तादाद में इजाफा होना बेहद चिंतनीय विषय है। इस पर गौर शीघ्रतिशीघ्र करना समय की मुख्य मांग है। आज सड़कों पर आवारा पशुओं की भरमार के कारण ही रोजाना दुर्घटनाओं में उत्तरोत्तर तेजी से वृद्धि हो रही है।

बीते कुछेक वर्षों में आवारा पशुओं की चपेट में हजारों लोग बेमौत मर गए। कितनी दुखद बात है कि सड़कों पर आवारा पशुओं से टकरा कर मरने वालों की असीमित संख्या की गिनती करने के लिए सरकार ने कोई अलग से विभाग भी नहीं बना रखा है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि इससे बहुतेरे दुर्घटनाओं के मामलों की जानकारी सरकारों के पास नहीं रहती। दूसरी ओर अगर देखा जाए तो अधिकांश दुर्घटनाओं की तो महज खानापूर्ति ही होती है। अनेक राहगीरों को बदकिस्मती से अंगहीन होना पड़ता है। पुलिस केस दर्ज करने में टालमटोल करती रहती है। ऐसे में तो जवाबदेही किसकी बनती है ? तनिक सोचकर तो बताएं! पशु तो निस्सहाय, मूक प्राणी हैं। वे आवारा कैसे कहलाते हैं। क्या वे अपने आप सड़कों पर आ जाते हैं ? कहीं न कहीं तो गड़बड़ है।

बस यही गड़बड़ी हमने दूर करनी है। हमारे देश के मुख्य राष्ट्रीय राजमार्गों पर बेसहारा पशुओं की भरमार अभी भी देखने को मिल रही है। यह बेहद खतरनाक बात है। विडंबना यह है कि रात्रि के अंधकार में अनेक ऐसे पशु प्राय: तेज रफ्तार वाहनों के राह में आ जाते हैं जो कि भीषण दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं जिनसे कई-कई बार सपरिवार मौत के मुंह में चले जाते हैं। यहां भी तो किसी की जवाबदेही निश्चित होनी अत्यावश्यक है।

स्पष्ट है कि किसी की जवाबदेही निश्चित न होने से असंख्य लोगों को किसी न किसी की लापरवाही के कारण बेमौत मरना पड़ता है। हमारे लिए कितनी दुखदायी बात है। आखिर दोषी कौन हैं? दुधारू गऊएं जब दूध देना छोड़ देतीं हैं अथवा बूढ़ी, लाचार-बीमार हो जाती हैं



तब उन्हें सड़कों पर लावारिस छोड़ दिया जाता है। यही फिर आवारा पशु सड़कों पर आकर भंयकरतम दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि किसानों के लिए भी ये पशु सिरदर्द हैं। उनकी फसल आवारा पशु खा जाते हैं। इसलिए सवेरे किसानों को अपने खेतों का चक्र लगाने के लिए विवश होना पड़ता है।

खेतों में कंटीली तार से फसल की सुरक्षा करनी पड़ती है, पर यहां एक विचारणीय प्रश्न है कि इन पशुओं को बेसहारा सड़कों पर आखिर कौन और कब छोड़ कर जाता है? नि:संदेह बहुतेरे शहरों में गौशाला हैं। अनेक पशु-पक्षियों की बहुत ही उचित तरीके से देखभाल होती है, जिसका साक्षात उदाहरण है लुधियाना शहर के समराला चौक के पास शहीद जोगिन्द्र पाल पांडेय की याद में बनी विशालकाय गौशाला।

यह अति दर्शनीय है। असंख्य समाज सेवकों द्वारा वहां प्रतिदिन गऊओं की सेवा की जाती है। इसी गौशाला की ऊपरी मंजिल पर अनेक कबूतरों को लोग दाना डालते हैं। यह है वास्तविक सेवा। सरकार गऊओं पर सेस के नाम पर लोगों से टैक्स एकत्रित तो करती है पर उसका उपयोग औचित्यपूर्ण ढंग से नहीं हो पा रहा। लोगों का दुधारू पशुओं के बेकार बनते ही आवारा खुले में छोड़ देने से ही ये पशु कालांतर दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। यह बेहद खतरनाक, लापरवाही व गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार का ही परिचायक कहलाता है। यही यात्रियों की जिंदगियों से खिलवाड़ भी है। वैसे तो दिखावे के लिए हमारे देश में गौएं को माता कहते हैं।

उनकी सेवा संबंधी बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, पर अफसोस ये भी इस मामले की गंभीरता को देखते हुए परस्पर इसके हल के लिए गंभीर नजर नहीं आते। इसमें तनिक भी संदेह नहीं कि ये पशु किसी न किसी ने तो अपने घर में पाले होते हैं और जैसे ही ये अनुपयोगी हो जाते हैं तो अधिकांश लोग इन्हें बेसहारा, लावारिस छोड़ देते हैं। क्या वे अपने आप इस मुताल्लिक अपनी जिम्मेदारियों से मुक्त हो जाते हैं । समाजसेवकों को साथ लेकर स्थानीय प्रशासन लावारिस पशुओं की समस्या का समाधान समय रहते अवश्य निकाले।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# डॉ. कलाम : 'विंग्स ऑफ फायर' से 'पीपल्स प्रेजिडेंट' तक का प्रेरणादायी सफर



विक्रम वर्मा
स्वतंत्र लेखक, चंबा

'हम सभी अपने भीतर एक दिव्य ज्वाला को लेकर उत्पन्न हुए हैं, हमारा प्रयास होना चाहिए कि हम इस दिव्य ज्वाला को पंख लगाएं, ताकि संसार इस दिव्यता के प्रकाश से चमक उठे।' ये प्रेरणादायक शब्द हैं भारत के पूर्व राष्ट्रपति और विश्व प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के, जिन्होंने न केवल भारत को तकनीकी रूप से मजबूत किया, बल्कि करोड़ों युवाओं के दिलों में एक अद्भुत स्थान बना लिया। डॉ. कलाम का जन्म 15 अक्तूबर 1931 को तमिलनाडु के रामेश्वरम में एक साधारण मुस्लिम परिवार में हुआ था। उनका पूरा नाम अबुल पकिर जैनुलआबदीन अब्दुल कलाम था।

बचपन में वे परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए अखबार बांटते थे, लेकिन पढ़ाई के प्रति उनका जुनून हमेशा बना रहा। उन्होंने भौतिकी में स्नातक और फिर मद्रास इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की।उनका जीवन संघर्षों से भरा रहा, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। उन्होंने डीआरडीओ और इसरो में वैज्ञानिक के रूप में कार्य किया।

भारत के पहले स्वदेशी उपग्रह प्रक्षेपण यान SLV-3 के विकास में उन्होंने प्रमुख भूमिका निभाई, जिससे रोहिणी उपग्रह को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में स्थापित किया गया। इसके बाद उन्होंने अग्नि, पृथ्वी, आकाश जैसी मिसाइलों के विकास में अहम योगदान दिया, जिससे उन्हें 'मिसाइल मैन ऑफ इंडिया' कहा जाने लगा। वर्ष 1998 में हुए पोखरण परमाणु परीक्षण में उनकी भूमिका निर्णायक रही। ये परीक्षण भारत के लिए तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में ऐतिहासिक कदम थे। उन्होंने विज्ञान और तकनीक के साथ-साथ युवाओं को शिक्षित और प्रेरित करने का भी कार्य किया।2002 में वे भारत के



11वें राष्ट्रपति बने। राष्ट्रपति के रूप में उनका कार्यकाल सादगी, कर्तव्यनिष्ठा और जनता से सीधे जुड़ाव के लिए जाना गया। उन्हें 'जनता का राष्ट्रपति' कहा गया, क्योंकि वे हमेशा युवाओं और छात्रों के बीच रहना पसंद करते थे। उन्होंने राष्ट्रपति भवन को भी ज्ञान और संवाद का केंद्र बना दिया।

डॉ. कलाम ने कई प्रेरणादायक पुस्तकें लिखीं, जिनमें 'विंग्स ऑफ फायर' (उनकी आत्मकथा), 'इग्नाइटेड माइंड्स', 'इंडिया 2020' और 'टर्निंग पॉइंट्स' प्रमुख हैं। इन पुस्तकों के माध्यम से उन्होंने युवाओं को बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने का संदेश दिया। उनका सबसे प्रसिद्ध कथन- 'सपने वो नहीं जो हम सोते वक्त देखते हैं, सपने वो हैं जो हमें सोने नहीं देते'- आज भी लाखों युवाओं के दिलों में जोश भरता है। 27 जुलाई 2015 को जब वे शिलांग में एक व्याख्यान दे रहे थे, उसी दौरान उनका निधन हो गया। अंतिम क्षण तक वे शिक्षा और युवाओं के बीच स्रि, य रहे। उनके जीवन की सबसे बड़ी विशेषता यही थी- उन्होंने हमेशा दूसरों के लिए जिया और अंत तक देशसेवा में समर्पित रहे।डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का जीवन हमें सिखाता है कि सीमित संसाधनों के बावजूद यदि मन में कुछ कर गुजरने का जज्बा हो, तो कोई भी सपना असंभव नहीं। आज भी वे करोड़ों भारतीयों के प्रेरणा स्रोत हैं। उनके विचार, उनके सिद्धांत और उनका जीवन हर युवा को दिशा दिखाता है कि देश सेवा, ईमानदारी और कड़ी मेहनत से ही सच्ची सफलता मिलती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# चरस रखने पर दो दोषियों को चार साल का कठोर कारावास

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

**अदालत ने 25 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया**

माननीय विशेष न्यायाधीश सरकाघाट, जोगिंद्रनगर स्थित डॉ. अबीरा वासू की अदालत ने सोमवार को एनडीपीएस एक्ट के तहत एक अहम फैसला सुनाते हुए दो आरोपियों को चार वर्ष का कठोर कारावास और 25,000 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

जुर्माना अदा न करने की स्थिति में दोनों को दो महीने का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। उप जिला न्यायवादी राजीव शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह मामला वर्ष 2018 का है। 19 अगस्त 2018 को थाना जोगिंद्रनगर के एसआई केहर सिंह अपनी टीम के साथ पठानकोट चौक के समीप गश्त पर थे। इस दौरान शाम करीब 6:40 बजे एक स्कूटी मंडी की दिशा से आती दिखाई दी, जिस पर दो युवक सवार थे। पुलिस को देखकर दोनों एटीएम के पास रुक गए और संदिग्ध व्यवहार करने लगे। शक के आधार पर पुलिस ने जब पूछताछ की तो दोनों ने अपना नाम विनय कुमार पुत्र जगदीश चंद, निवासी गांव कवाड़ी, तहसील नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा, तथा आकाश अवस्थी पुत्र दिनेश अवस्थी, निवासी बडोह रोड, समलोटी वार्ड नंबर 2, तहसील नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा बताया। पुलिस ने जब स्कूटी के दस्तावेज मांगे तो आकाश अवस्थी ने डिक्की खोली, जिसमें रखे हरे रंग के पॉलिथिन बैग में चरस बरामद हुई। पुलिस ने मौके पर 150 ग्राम चरस बरामद कर उसे कब्जे में लिया और नियमानुसार सील किया। जांच पूरी होने के बाद पुलिस ने चालान अदालत में पेश किया। अभियोजन पक्ष की ओर से कुल 12 गवाहों के बयान दर्ज करवाए गए और पुख्ता साक्ष्य पेश किए गए। साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने दोनों आरोपियों को दोषी ठहराते हुए एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 के साथ धारा 29 के तहत चार वर्ष का कठोर कारावास और 25,000 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

# लोहारड़ी तक नहीं पहुंच रहीं बसें, खराब सड़क से तीन पंचायतों के लोग परेशान

## छोटाभंगाल घाटी के मुल्थान-लोहारड़ी मार्ग पर क्षतिग्रस्त डंगा व तंग सड़क बनी समस्या

रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान



लोहारड़ी तक नहीं पहुंच रही बसें, मजबूरी में लंबाडग बस ठहराव पर रुक रही निजी बस।

**बरोट।** छोटाभंगाल घाटी और चौहार घाटी को जोड़ने वाले बरोट-घटासनी मुख्य मार्ग सहित कई आंतरिक सड़कों पर एक माह पूर्व हुई भारी बारिश के बाद ल्हासे और चट्टानों के गिरने से यातायात पूरी तरह बाधित हो गया था। लोक निर्माण विभाग द्वारा अधिकांश मार्ग बहाल कर दिए गए हैं, परंतु मुल्थान-लोहारड़ी छह किलोमीटर सड़क मार्ग अभी भी समस्याग्रस्त बना हुआ है।

लोआई पुल के पास और रोपड़ू क्षेत्र में ल्हासे व भारी पत्थर अब तक पूरी तरह से हटाए नहीं गए हैं। लोआई पुल के समीप डंगा ढहने के कारण सड़क तंग हो गई है, जिससे बसें लोहारड़ी तक नहीं जा पा रही हैं। क्षेत्र के बलदेव सिंह, रूप लाल, श्याम सिंह व दयाल चंद सहित अन्य लोगों ने बताया कि विभाग ने क्षतिग्रस्त डंगे की मरम्मत किए बिना उसी स्थान पर दोबारा क्रेटवाल बना दिया है, जिससे मार्ग और अधिक संकरा हो गया है। विभाग ने लगभग ढाई सप्ताह पूर्व इस मार्ग को बहाल कर बसों को चलाने की अनुमति दे दी थी, लेकिन व्यावहारिक रूप से मार्ग अभी भी बड़े वाहनों के लिए उपयुक्त नहीं है। बसें अब केवल मुल्थान या लंबाडग तक ही आ रही हैं, जिससे लोआई, सवाड़ और पोलिंग पंचायतों के सैकड़ों लोगों को बैंक, थाना, डाकघर और जरूरी खरीदारी के लिए चार से आठ किलोमीटर का अतिरिक्त सफर तय करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोग कभी पैदल तो कभी अधिक किराया देकर टैक्सियों का सहारा लेने को मजबूर हैं। लोगों ने मांग की है कि विभाग जल्द से जल्द बची हुई कमियों को दूर करे ताकि बस सेवा बहाल हो सके। इस संबंध में उपमंडल बीड़ के कनिष्ठ अभियंता दिनेश कुमार ने कहा कि मार्ग विभाग की ओर से बहाल कर दिया गया है और यदि कोई कमियां रह गई हैं तो उन्हें जल्द सुधार दिया जाएगा।

# ब्रिटिश पार्लियामेंट के झूठे सर्टिफाइड होने वाले देश के पहले सीएम बने सुक्खू : जयराम

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो



**मंडी।** मंडी से जारी बयान में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश के मुखिया सुखविंद्र सिंह सुक्खू ब्रिटिश पार्लियामेंट द्वारा झूठे सर्टिफाइड होने वाले देश के पहले सीएम बने हैं। इसके पहले वह हिमाचल प्रदेश विधानसभा में भी झूठे सर्टिफाइड हो चुके हैं। सदन से लेकर सड़क तक झूठों की लड़ी लगाने वाले सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अपनी निजी इंग्लैंड यात्रा के दौरान आधिकारिक रूप में यह दावा किया था कि वह हाउस ऑफ लॉर्ड्स को संबोधित करने वाले देश के पहले मुख्यमंत्री हैं। जब इस बाबत हमने पड़ताल की तो उनके इस दावे को हाउस ऑफ लॉर्ड्स के अधिकारी संवाद केंद्र द्वारा झूठा बताया गया। उन्होंने साफ किया कि हिमाचल के किसी सीएम ने 24 सितंबर को किसी भी हाउस ऑफ लॉर्ड्स को संबोधित नहीं किया था। सबसे हैरानी की बात यह है कि 19 सितंबर के बाद हाउस ऑफ लॉर्ड्स की कोई कार्रवाई ही नहीं हुई थी। ऐसे में मुख्यमंत्री और उनकी मंडली इस इस तरह के झूठे दावे करके क्या हासिल करना चाहती है, वह समझ के परे है। इसी तरह से उन्होंने प्रियंका गांधी की भी फीड किया कि उनकी सरकार कोई पीआर नहीं करती, जबकि देश में इकलौती सरकार है जो अपने प्रचार के बजाय विपक्षियों के दुष्प्रचार पर भी करोड़ों रुपए हर साल खर्च कर रही है। जयराम ने पूरी घटना का विवरण देते हुए कहा कि हिमाचल के मुख्यमंत्री सुक्खू इंग्लैंड की हाउस ऑफ लॉर्ड को संबोधित करने का दावा किया था। इसके संदर्भ में भी खूब खबरें छपवाई थी। जयराम ठाकुर ने कहा कि इस तरह के झूठ बोलकर वह अपनी गरिमा गिरा रहे हैं साथ ही जिस सरकारी मशीनरी का प्रयोग करके वह झूठ बोल रहे हैं, उनकी भी साख दांव पर लगा रहे हैं। प्रदेश को गुमराह करने के लिए समाचार पत्रों के माध्यम से एक सफेद झूठ प्रकाशित करने के लिए उन्हें प्रदेशवासियों और सभी समाचार पत्रों से माफी मांगनी चाहिए।

## न्यूज ब्रीफ

### बीबीएमबी की वर्षाशालिकाएं बदहाल

**अनंत ज्ञान, महादेव।** बीएसएल परियोजना (बीबीएमबी) द्वारा सुंदरनगर से बग्गी गांव तक नहर मार्ग के किनारे बनाई गई वर्षाशालिकाएं अब खस्ताहाल स्थिति में पहुंच चुकी हैं। इन शालिकाओं के छप्पर जीर्ण-शीर्ण हो चुके हैं और बारिश के दौरान इनके भीतर पानी भर जाता है, जिससे मुसाफिरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय ग्रामीणों और बुद्धिजीवियों का कहना है कि इन वर्षाशालिकाओं का निर्माण वर्षों पहले हुआ था, लेकिन बीबीएमबी ने इन्हें कभी मजबूती से नहीं बनाया और न ही समय पर मरम्मत की गई। लोगों ने बीबीएमबी के चेयरमैन और चीफ इंजीनियर से मांग की है कि न केवल टूट चुकी वर्षाशालिकाओं की मरम्मत करवाई जाए, बल्कि जरूरत के अनुसार नए स्थानों पर और भी वर्षाशालिकाएं बनाई जाएं ताकि आम लोगों को मौसम की मार से राहत मिल सके।

### नशामुक्ति को लेकर चला जागरूकता अभियान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** संधोल में धर्मपुर नशा मुक्ति अभियान समिति और हिमाचल ज्ञान विज्ञान एवं साक्षरता समिति द्वारा आईटीआई और कॉलेज छात्रों के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्य स्रोत व्यक्ति डॉ. विना राठौर ने युवाओं में बढ़ते नशे को गंभीर चुनौती बताया और कहा कि यह सामाजिक हिंसा व अपराधों का कारण बन रहा है। इस अभियान में समिति की सचिव सुनीता बिष्ट, सजाओपीएसू कमेटी के महासचिव सतीश कुमार, डॉ. अश्विनी राठौर और सेवानिवृत्त प्रिंसिपल दिनेश समेत कई प्रबुद्धजन शामिल हुए। राज्य व जिला स्तर पर विभिन्न संगठनों की सहभागिता से यह अभियान चलाया जा रहा है, जिसकी अगुवाई अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स कोच भूपिंद्र भूप्पी कर रहे हैं। संधोल, धर्मपुर, सरकाघाट और बलद्वाड़ा क्षेत्रों के कॉलेजों और स्कूलों में जागरूकता कैम्प आयोजित किए जा रहे हैं। 14 नवंबर को चोलथरा में एक बड़ा आयोजन और फिर संधोल में कार्यक्रम होंगे, जिनका संयोजन दिनेश जम्वाल करेंगे। वहीं 15 अक्तूबर को अंतरराष्ट्रीय ग्रामीण महिला दिवस पर नशे के खिलाफ संकल्प दिवस मनाया जाएगा।

### फ्लैश मोब से दिया एड्स जागरूकता का संदेश

**अनंत ज्ञान, पधर।** राजकीय महाविद्यालय द्रंग, नारला के रेड रिबन क्लब की ओर से मंगलवार को कॉलेज परिसर में एड्स जागरूकता विषय पर एक प्रभावशाली फ्लैश मोब एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और कर्मचारियों को एचआईवी एड्स के संक्रमण, बचाव और संक्रमित लोगों के प्रति संवेदनशीलता के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. कल्याण चंद मंधोट्रा ने की तथा वरिष्ठतम संकाय सदस्य डॉ. संजय सहगल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आयोजन का सफल संचालन रेड रिबन क्लब की प्रभारी डॉ. बंदना देवी और डॉ. ममता परमार ने किया। क्लब अध्यक्ष अनीता कुमारी (बी.एससी. द्वितीय वर्ष) ने अपनी टीम के नौ सदस्यों के साथ मिलकर नुक्कड़ नाटक का निर्देशन और प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों ने समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करते हुए जागरूकता ही बचाव है का सशक्त संदेश दिया।

### जिला में 1 से मनाया जाएगा पहाड़ी सप्ताह

**स्कूलों में मंडयाली में भाषण, निबंध और पहेली प्रतियोगिताएं होंगी आयोजित**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला भाषा अधिकारी मंडी, रेवती सैनी ने जानकारी दी है कि भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा 1 से 7 नवंबर तक 'पहाड़ी सप्ताह' मनाया जाएगा। इस दौरान स्कूली बच्चों के लिए भाषण, निबंध, लोकोक्ति, मुहावरे और पहेली लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य नवपीढ़ी को स्थानीय बोली मंडयाली से जोड़ना है। भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागी को मंडयाली में 3 से 5 मिनट तक बोलना होगा, जबकि निबंध लेखन में 300 से 500 शब्दों की सीमा रहेगी। पहेली लेखन प्रतियोगिता में प्रतिभागी को पारंपरिक मंडयाली पहेलियां उनके उत्तर सहित लिखनी होंगी। स्कूलों से 25 अक्तूबर तक प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। इच्छुक प्रतिभागी अपनी प्रविष्टियां भाषा एवं संस्कृति विभाग, मंडी कार्यालय या ईमेल [dlomandiz®@gmail.com](mailto:dlomandiz®@gmail.com) पर भेज सकते हैं।

### धर्मपुर बाढ़ प्रभावितों को सौंपी सहायता राशि

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हाल ही में 16 सितंबर को धर्मपुर में आई बाढ़ के दौरान बस अड्डा धर्मपुर डूब गया था। साथ ही अनेकों दुकानों में पानी घुसने से व्यापारियों को लाखों का नुकसान झेलना पड़ा है। ऐसे में अनेकों सामाजिक संस्थाएं बाढ़ प्रभावितों की मदद के लिए आगे आई। इसी कड़ी में तहसील संधोल के खजूरटी गांव के विक्रम सिंह, ग्रयोह से समाजसेवी विद्या सागर व इनके साथियों शिव ज्योति, अश्वनी कुमार, अंकुश चौधरी, अनिल पठानिया, दिनेश वर्मा ने 40000 की सहायता राशि धर्मपुर व्यापार मंडल को सौंपी।

### लंबित मांगों को लेकर डीसी को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स संयुक्त मोर्चा मंडी इकाई ने मंगलवार को उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर वर्षों से लंबित मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की। मोर्चा ने 2016 से 2022 के बीच सेवानिवृत्त पेंशनरों की देय बकाया राशि, डीए की 16 किस्तों का भुगतान, चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिलों की मंजूरी और संयुक्त परामर्शदात्री समिति के गठन जैसी मुख्य मांगें रखीं। उन्होंने कहा कि एचआरटीसी व बिजली बोर्ड के पेंशनरों को समय पर पेंशन नहीं मिल रही है। साथ ही, छठे वेतन आयोग के तहत 50,000 रुपये का लाभ अब तक कई पेंशनभोगियों को नहीं दिया गया है। मोर्चा ने चेतावनी दी कि यदि सरकार शीघ्र कार्रवाई नहीं करती, तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

### संतुलित आहार के लिए किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत लडभड़ोल की भड़ोल पंचायत में एक जागरूकता शिविर आयोजित हुआ, जिसमें महिलाओं और बच्चों को संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया गया। वृत्त पर्यवेक्षक चूड़ा मणि ने मोटे अनाजों जैसे मंडुआ, बाजरा, कोदरा आदि के पोषण संबंधी लाभ बताए। स्वास्थ्य विशेषज्ञ सुनीता देवी ने गर्भवती और धात्री महिलाओं के लिए सही पोषण के महत्व पर प्रकाश डाला और अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन अभियान की जानकारी दी।

### हिमाचल की अहम बैठक 15 को शिमला में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन हिमाचल प्रदेश की नवनियुक्त कार्यकारिणी की पहली बैठक 15 अक्टूबर को राजीव भवन शिमला में आयोजित होगी। बैठक की अध्यक्षता राज्य अध्यक्ष सचिन मिरूपा करेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुनील पवार और हिमाचल प्रभारी संजय कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। बैठक में हिमाचल के 12 जिलों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। संगठन को मजबूत करना, आगामी पंचायती राज चुनावों की रणनीति बनाना, संविधान संशोधनों को लागू करवाना और अंतिम पंक्ति के लोगों को न्याय दिलाने पर चर्चा होगी।

# नेरचौक में विधायक इंद्र सिंह का धरना

## अटल मेडिकल यूनिवर्सिटी को लेकर सरकार पर साधा निशाना



अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेरचौक दौरे के दौरान बल्ह विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक इंद्र सिंह गांधी ने मेडिकल कॉलेज परिसर के बाहर धरना देकर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने अटल मेडिकल यूनिवर्सिटी को बल्ह से सरकाघाट स्थानांतरित करने की घोषणा को लेकर विरोध जताया और सवाल उठाया कि जब विवि बल्ह में सुचारू रूप से कार्य कर रहा है और यहां पर्याप्त भूमि उपलब्ध है, तो स्थानांतरण की क्या आवश्यकता है। विधायक इंद्र सिंह गांधी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर यूनिवर्सिटी को शिफ्ट करने की बात कही थी और सरकाघाट में भूमि चिन्हित करने के निर्देश भी दिए हैं, जिसे लेकर बल्ह की जनता में रोष है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि

**सीएम सुक्खू के मंडी दौरे के दौरान गरमाया बल्ह का सियासी तापमान**

सरकार ने इस निर्णय पर पुनर्विचार नहीं किया, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

इस बीच कांग्रेस के पूर्व विधायक प्रकाश चौधरी ने भाजपा विधायक की आलोचना करते हुए कहा कि ऐसे मुद्दों पर शांतिपूर्ण बातचीत होनी चाहिए थी, न कि सड़कों पर प्रदर्शन। उन्होंने कहा कि अटल मेडिकल यूनिवर्सिटी की नींव खुद कांग्रेस सरकार ने रखी थी और वर्तमान मुख्यमंत्री इस दिशा में उचित निर्णय लेंगे। यूनिवर्सिटी स्थानांतरण को लेकर बल्ह क्षेत्र में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है और यह मुद्दा आगामी दिनों में और तूल पकड़ सकता है।

# नेरचौक में मुख्यमंत्री आए और गए लोगों के हाथों में रह गए प्रार्थना पत्र

भगत सिंह गुलेरिया, अनंत ज्ञान

**मंडी।** मेडिकल कॉलेज नेरचौक में वार्षिकोत्सव पर सीएम सुखविंदर सुक्खू का आना केवल औपचारिकता निभाने जैसा हुआ। आयोजकों, स्वागत में खड़े कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं और धरना दे रहे भाजपा विधायकों व कार्यकर्ताओं तथा प्रबंधन में लगे प्रशासन को मुख्यमंत्री के आने का लंबा इंतजार करना पड़ा। आधिकारिक समय 12:20 पर पहुंचना का था जबकि सीएम सुक्खू लगभग 3:30 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। उनके पहुंचते ही स्वागत सत्कार के दौरान गेट पर तब अफरा तफरी मच गई जब पहले प्रशासन तथा कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

तत्पश्चात भाजपा विधायकों अनिल शर्मा तथा इंद्र गांधी के नेतृत्व में अटल आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय को बल्ह से न बदलने के लिए ज्ञापन देने खड़े भाजपाईयों से बुके व फूल लेने के बाद सीएम जब गाड़ी पर बैठने को पीछे हटे तो भीड़ भी साथ ही मुड़ गई तो अफरा-तफरी जैसा माहौल बन गया। मुख्य गेट पर स्वागत सत्कार के बाद गाड़ियों का काफिला सरपट शिलान्यास व उद्घाटन स्थल की ओर भागा। वहां से सीएम सभागार में भागे-भागे आए। सारी रस्में जल्दी-जल्दी पूरी की और लोगों से मिले बगैर ही चलते बने। भाषण भी केवल रस्मी तौर पर ही दिया। इससे पहले भाजपा विधायक इंद्र सिंह गांधी अपने समर्थकों के साथ गेट पर ग्यारह बजे ज्ञापन देने के लिए खड़े हो गए थे। जब मीडिया पर्सन पहुंचे तो नारेबाजी शुरू हो गई। गेट के बाहर के एक बार तो माहौल तनावपूर्ण हो गया जब एक ओर कांग्रेस के पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी मीडिया से बातचीत कर रहे थे तो दूसरी ओर भाजपा विधायक इंद्र सिंह गांधी व उनके समर्थक नारेबाजी करने लगे। ऐसा ही सीएम के पहुंचने के समय दोनों दलों ने अपने अपने नेताओं के पक्ष में जोरदार नारेबाजी की।

सभागार में सीएम के प्रवेश से पहले ही प्रशासन व आयोजकों के हाथ पांव फूल गए जब विपक्षी विधायक अनिल शर्मा व इंद्र सिंह गांधी अग्रिम पंक्ति में में बैठ गए। गांधी तो जोर से यहां भी बोलते रहे कि वे यहां के स्थानीय विधायक हैं। खैर अफरातफरी में ही सही पर सीएम लगभग आए और गए की स्थिति ही बन गई। आशा और उम्मीदों के चाहवानों के हाथों में प्रार्थना पत्र धरे के धरे ही रह गए। भाजपा विधायक व पूर्व मंत्री अनिल शर्मा कभी धरने पर बैठे इंद्र सिंह गांधी व समर्थकों से बतिया रहे थे तो कभी कांग्रेस नेता व पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी व समर्थकों से बात करते नजर आए। आखिर में गांधी के साथ धरने पर बैठ गए।

# कांग्रेस नेता पवन शोकग्रस्त, सीएम ने जताया शोक

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश कांग्रेस महासचिव व सरकाघाट विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी पवन ठाकुर के बड़े भाई ओम चंद ठाकुर (62) के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक जताते हुए परिवार से संवेदना प्रकट की है। उन्होंने पवन ठाकुर को फोन करके इस दुख की घड़ी में हिम्मत प्रदान की है। उनके निधन की खबर सुनते ही भाजपा विधायक दिलीप ठाकुर, जिला पार्षद चंद्रमोहन शर्मा, माकपा नेता भूपेंद्र सिंह, नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष संदीप वशिष्ठ, पूर्व उपाध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान, सरकाघाट शहरी ब्लॉक अध्यक्ष अश्वनी गुलेरिया, बार एसोसिएशन सरकाघाट के पूर्व अध्यक्ष भूप सिंह ठाकुर, पूर्व उपाध्यक्ष नरेश शर्मा सहित क्षेत्र के सामाजिक संगठनों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं, समाजसेवियों और स्थानीय लोगों ने गहरा दु:ख व्यक्त किया। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

# डॉ. अमित ने छात्रों को भारतीय संस्कृति, योग व जीवन मूल्यों के पथ पर चलने की दी प्रेरणा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी




अभिलाषी विश्वविद्यालय, चैलचौक में आयुर्वेद विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार के अतिरिक्त निदेशक डॉ. अमित गुलेरिया का आगमन हुआ। इस अवसर पर उन्होंने आयुर्वेद एवं स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों और अध्यापकों से संवाद किया। कुलपति प्रो. (डॉ.) हरिंद्र कुमार चौधरी ने विश्वविद्यालय की ओर से तथा कुलाधिपति और प्रति कुलाधिपति की ओर से डॉ. गुलेरिया का हार्दिक स्वागत किया।

स्वागत भाषण में कुलपति ने कहा कि डॉ. अमित गुलेरिया एक कुशल पशु-चिकित्सक, प्रशासक और आध्यात्मिक व्यक्तित्व के धनी हैं, जिनके विचार युवाओं को सही दिशा में प्रेरित करते हैं। अपने प्रेरक उद्बोधन में डॉ. गुलेरिया ने कहा कि भारत की समृद्ध संस्कृति और परंपराएं पश्चिमी सभ्यता से कहीं अधिक गहराई और मूल्य लिए हुए हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि सही शिक्षा वही है जो ज्ञान के साथ संस्कार भी दे। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने, योग अपनाने, भारतीय चिकित्सा प्रणाली (आयुर्वेद) को समझने, माता-पिता और बड़ों के संस्कारों का सम्मान करने तथा श्रीमद्भगवद्गीता के उपदेशों को जीवन में अपनाने का आग्रह किया। डॉ. गुलेरिया का यह प्रेरणादायी संवाद विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए आत्ममंथन और नई ऊर्जा का स्रोत सिद्ध हुआ। कार्यक्रम के अंत में कुलपति प्रो. चौधरी ने विश्वविद्यालय परिवार और प्रबंधन की ओर से डॉ. अमित गुलेरिया का हृदय से धन्यवाद किया और उनके अमूल्य विचारों के लिए आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन पर विवि के कुलाधिपति डॉ. आरके अभिलाषी, प्रति कुलाधिपति डॉ. एलके अभिलाषी व कुलपति प्रो. एचके चौधरी ने आयोजकों की सराहना की व अभिलाषी एजुकेशन सोसायटी की वाइस चेयरपर्सन डॉ. प्रोमिला अभिलाषी, जीनियस एजुकेशन सोसायटी की चेयरपर्सन डॉ. नर्वदा अभिलाषी, सचिव नरेंद्र कुमार व रजिस्ट्रार डॉ. कपिल कपूर एवं डीन आयुर्वेद एवं स्वास्थ्य विज्ञान डॉ. डीके मिश्रा ने बधाई दी।

# मन का शांत रखकर प्राप्त होता है लक्ष्य : कुमारी दक्षा



मुख्य वक्ता कुमारी दक्षा को सम्मानित करते हुए आयोजक।

नूतन ठाकुर, अनंत ज्ञान

**बालीचौकी।** राजकीय महाविद्यालय थाची में नशा मुक्त भारत अभियान के उपलक्ष्य पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इसमें बतौर मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमारी संस्थान बालीचौकी से कुमारी दक्षा उपस्थित रही। उन्होंने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को बताया कि नशे की लत से किस प्रकार दूरी बनानी चाहिए और मन को शांत रख कर हम किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि हमें चिंता नहीं बल्कि चिंतन करना चाहिए और गलत विचारों को अपने मन से निकाल कर सकारात्मक जीवन जीने की ओर प्रेरित किया। इस उपलक्ष्य पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दीप कुमार ने कुमारी दक्षा का महाविद्यालय आने पर धन्यवाद किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी सहायक आचार्य मौजूद रहे।

# डॉ. साधना का रेडक्रॉस की राष्ट्रीय प्रबंधन समिति में चयन गर्व की बात: निहाल चंद शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला मंडी भाजपा अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा ने कहा कि रेडक्रॉस की राष्ट्रीय प्रबंध समिति में डॉक्टर साधना ठाकुर का वोटिंग के माध्यम से चयन हिमाचल के लिए गर्व की बात भी है और उनके द्वारा लंबे समय से किया जा रहे हैं सामाजिक सेवा की राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार्यता भी। उन्होंने कहा कि हिमाचल के लिए यह एक अत्यंत गर्व और सम्मान का विषय है कि प्रदेश की प्रसिद्ध चिकित्सक और सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. साधना ठाकुर को भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की राष्ट्रीय प्रबंध समिति का सदस्य चुना गया है। रेडक्रॉस की नेशनल मैनेजिंग बॉडी के निर्वाचन के लिए देश के 26 राज्यों ने मतदान में हिस्सा लिया था। जिसमें से डॉ. साधना ठाकुर को 26 के मुकाबले रिकॉर्ड 19 मत प्राप्त हुए। उन्होंने देश की एकमात्र महिला निर्वाचित होने का कीर्तिमान भी बनाया है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए डॉक्टर साधना ठाकुर को शुभकामनाएं भी दी। निहाल ने बताया कि यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि डॉ. ठाकुर को देशभर के केवल 12 प्रतिष्ठित सदस्यों में से एक के रूप में चुनावों के माध्यम से इस उच्च स्तरीय समिति के लिए चुना गया है। डॉ. साधना ठाकुर का यह चयन मानवता की सेवा और समाज कल्याण के प्रति उनके अथक समर्पण को प्रमाणित करता है।



**सहयोग** आपदा के बाद आजीविका सशक्तिकरण की दिशा में संवेदनशील कदम

# दीपावली मांडव हिम ईरा आजीविका मेला आज से

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

दीपावली के पावन अवसर पर जिला प्रशासन मंडी द्वारा आपदा प्रभावित परिवारों की सहायता और आजीविका समर्थन के उद्देश्य से दीपावली मांडव हिम ईरा आजीविका मेला का आयोजन 15 से 19 अक्तूबर तक इंदिरा मार्केट मंडी में किया जा रहा है।

यह मेला जिला प्रशासन की उस संवेदनशील सोच का प्रतीक है, जो विकास के साथ-साथ मानवीय मूल्यों और सामाजिक पुनर्वास को भी समान महत्व देती है। इस पहल का उद्देश्य आपदा प्रभावित परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान करना और उन्हें पुन: आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरित करना है।

उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि 15 से 19 अक्तूबर तक मंडी इंदिरा मार्केट की छत पर मांडव हिम ईरा मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में जिला के सभी 14 ब्लॉकों से विभिन्न



स्वयं सहायता समूहों और कारीगरों के उत्पाद क्लस्टर लेवल फेडरेशन द्वारा लगाए गए स्टॉलों में प्रदर्शित और बेचे जाएंगे। उन्होंने कहा कि मंडी जिला का कोई भी कोना इस बार की त्रासदी से अछूता नहीं रहा है, जिससे लोगों की आमदनी पर गहरा प्रभाव पड़ा है। राज्य सरकार और जिला प्रशासन का निरंतर प्रयास रहता है कि लोगों की आजीविका को बढ़ाया जाए, और इसी दिशा में पूरे जिले की

**14 ब्लॉकों के स्वयं सहायता समूहों के उत्पाद होंगे मेले की शोभा**

**उपायुक्त ने आमजन से मेले में भाग लेकर दीपावली खरीदारी की अपील की**

सहभागिता से इस मेले का आयोजन किया जा रहा है। अपूर्व देवगन ने बताया कि राष्ट्रीय आजीविका मिशन और राज्य आजीविका मिशन के अंतर्गत इस मेले का आयोजन किया जा रहा है ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों और कारीगरों के उत्पादों की बिक्री सुनिश्चित हो सके। उन्होंने आम नागरिकों से आग्रह किया कि वे बड़ी संख्या में इस मेले में भाग लें, दीपावली की खरीदारी कर आपदा प्रभावित परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान करें।

### स्थानीय उत्पाद बनेंगे आकर्षण का केंद्र

इस पहल में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, मंडी, तथा जिले के 260 स्वयं सहायता समूह सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। सभी 14 विकास खंडों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों से क्लस्टर स्तरीय महासंघ और महिला मंडलों की भागीदारी सुनिश्चित करें। मेले में आपदा प्रभावित परिवारों द्वारा निर्मित हस्तनिर्मित एवं स्थानीय उत्पादों की बिक्री की जाएगी। इससे इन परिवारों को न केवल आर्थिक सहायता मिलेगी, बल्कि समाज की मुख्यधारा से पुनः जुड़ने का अवसर भी प्राप्त होगा। मेले में कुल 24 निःशुल्क स्टॉल उपलब्ध कराए जा रहे हैं। यहां शाल, पट्टू, पाइन नीडल उत्पाद, वॉल हैंगिंग्स, सीरा, बड़ीयां, घी, शहद तथा दीपावली विशेष मिष्ठान जैसे कोदरे के लड्डू व नारियल बर्फी प्रमुख आकर्षण होंगे।

# ढ़डियाल गांव में भूस्खलन की चपेट में मकान, प्रशासन मौन

भीम बसेड़ू राजपूत, अनंत ज्ञान

**नाले पर अवैध निर्माण से बिगड़ी निकासी व्यवस्था, हो सकता है बड़ा नुकसान**

**डीसी व एसडीएम को पत्र देने के बावजूद नहीं मिली राहत पीड़ित ने लगाई गुहार**

**महादेव।** सुंदरनगर उपमंडल के ढ़डियाल गांव वार्ड नं. 4 के निवासी अशोक शर्मा का आवासीय मकान गंभीर भू-स्खलन के खतरे की चपेट में आ गया है। हाल ही में हुई मूसलधार बारिश के कारण उनके घर के ठीक पीछे की ज़मीन का बड़ा हिस्सा धंस गया है। अशोक ने बताया कि घर के पीछे बहने वाला ढ़डियाल नाला अब बदबूदार कूड़े-कचरे से भरा पड़ा है और उसमें कथित अतिक्रमण हो चुका है। नाले का बहाव अब मकान की ओर हो गया है, जिससे उनका पूरा परिवार डरा-सहमा हुआ है।

अशोक शर्मा ने नगर परिषद सुंदरनगर के अध्यक्ष, एसडीएम सुंदरनगर और उपायुक्त मंडी को कई बार पत्र लिखकर इस गंभीर स्थिति से अवगत करवाया है, लेकिन अभी तक कोई राहत नहीं मिल पाई है। न भू-स्खलन प्रभावित जगह को ढांपने के लिए तिरपाल मिला है व न ही अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई की गई है। उन्होंने अपने आवेदन में उल्लेख किया है कि नाले की एक ओर उनकी व अन्य ग्रामीणों की कृषि भूमि है, जबकि दूसरी ओर कुछ लोगों ने भूमि खरीदकर भवन व दुकानें बना ली हैं। आरोप है कि इन लोगों ने नाले की सरकारी भूमि पर भी अतिक्रमण कर दिया है, जिससे नाला लगभग समाप्त हो गया है। अशोक शर्मा ने चेताया है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो संभावित वर्षा में जान-माल का बड़ा नुकसान हो सकता है। उन्होंने एक बार फिर जिला प्रशासन व प्रदेश सरकार से त्वरित और ठोस कदम उठाने की मांग की है।

# चिंतपूर्णी में हुआ अद्भुत चमत्कार गूंगा बेटा अचानक बोलने लगा

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**



उत्तर भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल चिंतपूर्णी के दरबार में सोमवार देर शाम एक चमत्कारी घटना घटी।

पंजाब से आए एक श्रद्धालु परिवार के गूंगे बेटे ने मां चिंतपूर्णी की कृपा से बोलना और सुनना शुरू कर दिया। परिवार ने बताया कि जब उनका बेटा सरजू शर्मा पुत्र बृजभूष 7 साल का था, तब उसे सुनने और बोलने की क्षमता खत्म हो गई थी। कई बार मां के दरबार में हाजिरी भरने और डॉक्टरों के पास जाने के बाद भी कोई फायदा नहीं हुआ था। जब बेटा मंदिर में दर्शन करके आगे बढ़ा, तो पीछे से आवाज आई। मंदिर के पुजारी ने उसे माता जी का चरणामृत और चुन्नी दी। इसके बाद, उसके कान में जोर-जोर से झुनझुनी होने लगी और वह सुनने और बोलने लगा। बेटे के बोलने और सुनने की क्षमता पाने के बाद परिवार में खुशियां ही खुशियां आ गईं। परिवार के सदस्यों ने मां चिंतपूर्णी की कृपा का शुक्रिया अदा किया और कहा कि यह चमत्कार मां की मेहरबानी से ही हुआ है। इस चमत्कार को देखकर मंदिर में बैठे श्रद्धालु भी हैरान हो गए। सभी ने मां चिंतपूर्णी की जयकारे लगाए और परिवार को बधाई दी।

# बंगाणा बाजार में प्रशासन की सख्ती, अवैध निर्माणों की नपाई जोरों पर, व्यापारियों में हड़कंप

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**



अवैध निर्माण को चेक करते राजस्व अधिकारी।

**बंगाणा।** बंगाणा उपमंडल में कोर्ट के आदेशों के अनुपालन में प्रशासन ने अवैध निर्माणों के खिलाफ सख्त रुख अपना लिया है। इसी क्रम में लगातार दूसरे दिन भी राजस्व विभाग की टीम ने बंगाणा बाजार में नाप-नपाई की कार्रवाई जारी रखी। यह पूरी प्रक्रिया अदालत के निर्देशों के तहत की जा रही है, जिसका उद्देश्य बाजार क्षेत्र में अवैध कब्जों की पहचान कर रिपोर्ट तैयार करना है।

सोमवार से शुरू हुई इस कार्रवाई में राजस्व अधिकारी व कर्मचारी, बाजार में जगह-जगह सक्रिय रहे। टीम ने दुकानों के बाहर, दीवारों, छज्जों और छतों तक फीते लगाकर हर निर्माण का बारीकी से मुआयना किया। यहाँ तक कि छतों पर जाकर भी निरीक्षण किया गया ताकि पूरी स्थिति का सटीक खाका तैयार किया जा सके। टीम ने यह जांचा कि किन दुकानों ने सरकारी जमीन पर कब्जा कर निर्माण किया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, कुछ दुकानों के आगे बनाए गए हिस्से सड़क तक आ चुके हैं, जिससे आम जनता को आवाजाही में कठिनाई हो रही थी। हालांकि, लोगों में यह आशंका भी है कि प्रशासन राजनीतिक दबाव के चलते कुछ कब्जाधारियों को अनदेखा कर सकता है। कुछ लोगों ने यह सवाल भी उठाया कि नपाई की शुरुआत बाजार के एक कोने (स्थानीय भाषा में 'बुर्जी') से क्यों नहीं की जा रही, और नाले की संपूर्ण लंबाई की नपाई क्यों नहीं की गई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नाले पर अवैध निर्माण ही जलभराव और ट्रैफिक जाम की प्रमुख वजह बन चुके हैं। इसके बावजूद लोक निर्माण विभाग ने समय रहते कोई सख्त कदम नहीं उठाया, और आज जब पूरे सड़क किनारे निर्माण हो चुके हैं, तब विभाग अपनी निष्क्रियता के लिए जवाबदेह नहीं बन रहा। राजस्व विभाग की टीम में शामिल अधिकारी मीडिया से दूरी बनाए रहे और किसी ने भी कोई आधिकारिक बयान देने से इंकार कर दिया। हालांकि, सूत्रों के मुताबिक, विभाग की प्राथमिकता बाजार से गुजरने वाले नाले की भूमि की सही पहचान करना है। बताया गया है कि कई स्थानों पर नाले के ऊपर निर्माण कर दिए गए हैं, जिससे उसका अस्तित्व ही खतरे में पड़ गया है। विभाग तकनीकी सहायकों की मदद से ड्रॉइंग और नक्शा तैयार कर रहा है, जिसमें प्रत्येक दुकान, सड़क और नाले की स्थिति को सटीक रूप से दर्शाया जाएगा। इसी नक्शे के आधार पर यह तय होगा कि किन निर्माणों को अवैध घोषित किया जाएगा। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, बंगाणा बाजार में कई निर्माण बिना अनुमति के किए गए हैं, जो सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण की श्रेणी में आते हैं। अब प्रशासन इस रिपोर्ट को कोर्ट में पेश कर, जल्द ही इन निर्माणों पर पीला पंजा चलाने की तैयारी में है। प्रशासन की इस कार्रवाई से व्यापारियों में हड़कंप मच गया है। कई दुकानदारों ने अपने स्टोर के आगे से सामान हटाना शुरू कर दिया है, वहीं कुछ ने पुराने नक्शे और दस्तावेज़ खंगालने शुरू कर दिए हैं। कुछ व्यापारियों ने यह नाराजगी जताई कि उन्हें पहले कोई नोटिस नहीं दिया गया, जिससे वे अपना पक्ष रख सकते। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि प्रशासन ईमानदारी और पारदर्शिता से यह अभियान चलाता है, तो इससे बाजार में व्यवस्था सुधरेगी, आम लोगों को राहत मिलेगी, और जलभराव तथा ट्रैफिक की समस्याओं का भी समाधान हो सकेगा।

# छात्रों को प्राकृतिक आपदाओं से बचाव आपातकालीन सहायता की जानकारी दी



एनडीआरएफ टीम के साथ स्थानीय महाविद्यालय के छात्र और अध्यापक।

**अनंत ज्ञान, हरोली**

खड्ड कॉलेज में राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) के सहयोग से एक आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कॉलेज के सभी छात्र-छात्राओं और स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण सत्र का नेतृत्व एनडीआरएफ टीम के समन्वयक सुजीत मिश्रा ने किया। उनकी टीम के 22 सदस्यों ने विद्यार्थियों को प्राकृतिक आपदाओं जैसे भूकंप, बाढ़ और अग्निकांड के दौरान अपनाए जाने वाले बचाव उपायों की जानकारी दी। टीम ने आपदा के समय घायल व्यक्ति के रक्तस्राव को रोकने, सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) देने और त्वरित रेस्क्यू ऑपरेशन की विधियों का प्रशिक्षण दिया। साथ ही, छात्रों को लाइफ जैकेट और अन्य बचाव उपकरणों के प्रयोग की विधियां भी व्यावहारिक रूप से सिखाई गईं। टीम निरीक्षक सुजीत मिश्रा ने कहा, आपदाएं कभी भी और कहीं भी आ सकती हैं, इसलिए हमें हर समय तैयार रहना चाहिए। उन्होंने छात्रों को आपदा प्रबंधन के महत्व के बारे में जागरूक किया और आपदा के समय सतर्कता और सूझबूझ बरतने पर बल दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को आपदा के प्रति सजग और आत्मनिर्भर बनाना था, ताकि वे न केवल स्वयं सुरक्षित रहें बल्कि अपने गांव और समुदाय के लोगों को भी प्रशिक्षित कर सकें। महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. रवि राज ने एनडीआरएफ टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यदि इस प्रशिक्षण से हम किसी एक व्यक्ति की भी जान बचा सकें, तो यह कार्यक्रम पूरी तरह सार्थक हो जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### 16 को नहीं होगी वाहनों की पासिंग व ड्राइविंग टेस्ट

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडलाधिकारी नागरिक एवं सब पंजीकरण लाइसेंस बंगाणा द्वारा सामान्य जनता को सूचित किया जाता है कि दिनांक 16 अक्तूबर को आयोजित की जाने वाली पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट को प्रशासनिक कारणों से रद्द किया गया है। पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट की अगली तिथि शीघ्र ही सूचित की जाएगी।

### गेयटी थियेटर में सूर्यांश को मिली सम्मान राशि

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** गेयटी थियेटर शिमला में राज्य स्तरीय समारोह समर्थ 2025 में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पृथ्वीपुर के सूर्यांश को 7500 रुपए इनाम राशि, स्मृति चिन्ह तथा प्रशस्ति पत्र से ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज् मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने को सम्मानित किया इस उपलब्धि के लिए ऊना जिला के डिप्टी डायरेक्टर हायर एजुकेशन अनिल कुमार तकखी ने पृथ्वीपुर स्कूल प्रशासन व सूर्यांश को बधाई दी है, इसके अलावा स्कूल की प्रिंसिपल निशा कुमारी वाइस प्रिंसिपल पूनम शर्मा सतीश मन्हास ने भी सूर्यांश को बधाई दी है।

### ललड़ी के दो खिलाड़ी खेलेंगे राज्यस्तर पर

**अनंत ज्ञान, हरोली।** उपमंडल हरोली के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय, ललड़ी के दो खो-खो खिलाड़ियों कार्तिक धीमान और मोहित ठाकुर का चयन राज्य स्तरीय अंडर - 14 स्कूली खेलों के लिए हुआ है। ये दोनों खिलाड़ी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल चम्बा में 30 अक्तूबर से एक नवंबर तक होने वाली राज्य स्तरीय खेलों में भाग लेंगे। इसके साथ ही अंडर -19 खो-खो में भी विद्यालय के चार खिलाड़ियों वंश, दीपक कुमार, जतिन और रणबीर सिंह का चयन स्तरीय स्कूली खेलों के लिए हुआ है। ये चारों 27 से 30 अक्तूबर तक ब्वॉय राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल सोलन में होने वाली राज्य स्तरीय खेलों में ऊना जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य जीत सिंह ने विद्यार्थियों को उनके दमदार और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और आगामी खेलों के लिए शुभकामनाएं भी दीं। सभी विद्यार्थियों, स्टॉफ और गांव में खुशी का माहौल है।

### आरसेटी की प्रशिक्षण कार्यशाला 16-17 को

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल प्रदेश के विभिन्न ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थानों (आरएसईटीआई-आरसेटी) के अभ्यर्थियों के लिए 16 और 17 अक्तूबर को पीएनबी आरसेटी, ऊना में प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इस 2 दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ उपायुक्त जतिन लाल 16 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे करेंगे।। यह प्रशिक्षण 'कंस्ट्रक्शन एंड मेसनरी वर्क' विषय पर डोमेन स्किल ट्रेनर एवं सर्टिफिकेशन के लिए होगा। राज्य नियंत्रक आरसेटीज, हिमाचल प्रदेश डॉ. अंबिका साहू ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य निर्माण एवं मिस्त्री कार्य क्षेत्र में दक्षता और गुणवत्ता में वृद्धि करते हुए ग्रामीण स्तर पर प्रशिक्षकों की सशक्त शृंखला तैयार करना है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों एवं अतिथियों को भी आमंत्रित किया गया है, ताकि उनके मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से प्रतिभागियों को प्रेरणा मिल सके। कार्यक्रम के सफल समापन के बाद चयनित अभ्यर्थियों को रूरल मेसन ट्रेनिंग प्रोग्राम के अंतर्गत प्रशिक्षक के रूप में पैनल में शामिल किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन एवं 'ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स' सत्र 16 अक्तूबर को प्रातः 10 बजे से आरंभ होगा, जबकि कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट, प्रेजेंटेशन एवं वाइवा का आयोजन 17 अक्तूबर को प्रातः 8:30 बजे से किया जाएगा।

### डीसी ने किया अंडर-19 खेलों का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, ऊना।** डीसी जतिन लाल ने मंगलवार को राजकीय उत्कृष्ट कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, ऊना में लड़कियों की अंडर-19 आयु वर्ग की 66वीं राज्य स्तरीय इंडोर खेल प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर डीसी ने आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई दी और सभी खिलाड़ियों को श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। अपने संबोधन में डीसी ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी बढ़-चढ़कर भाग लें। उन्होंने कहा कि खेलों से न केवल शारीरिक व मानसिक विकास होता है, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और आपसी भाईचारे का भी संचार होता है। उन्होंने कहा कि जीवन में कभी हार नहीं माननी चाहिए, इंसान या तो जीतता है या सीखता है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि असफलता को हार न समझें, बल्कि उसे सीखने का अवसर मानें। निरंतर प्रयास और दृढ़ निश्चय से सफलता अवश्य प्राप्त होती है। डीसी ने युवाओं से नशे की बुराई के खिलाफ जागरूक रहने का आह्वान करते हुए कहा कि समाज से इस कुरीति को जड़ से समाप्त करने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे, ताकि युवा वर्ग को इसके प्रभाव से बचाया जा सके। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलों में महिला खिलाड़ियों का प्रदर्शन पुरुष खिलाड़ियों की तुलना में अधिक सराहनीय रहा है, जो समाज के लिए प्रेरणादायक है।

# कंवर ने केंद्रीय खेल मंत्री से दिल्ली में की मुलाकात

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अखिल भारतीय वॉलीबाल फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कंवर ने दिल्ली में खेल मंत्री मनसुख मांडविया से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच देश में खेलों के विकास, खिलाड़ियों की सुविधाओं के विस्तार और ग्रामीण क्षेत्रों में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने पर विस्तृत चर्चा हुई। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खेलों के क्षेत्र में भारत ने अभूतपूर्व प्रगति की है। खेलो इंडिया जैसा अभियान आज देश के हर युवा को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दे रहा है। कहा कि मोदी सरकार का यह प्लेटफॉर्म न केवल खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका दे रहा है, बल्कि ग्रामीण व सुदूर इलाकों में छिपी प्रतिभाओं को भी सामने ला रहा है। आगामी वर्षों में फेडरेशन का लक्ष्य है कि भारत के हर राज्य में वॉलीबाल लीग, प्रतियोगिताएं और प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएं।

# ऊना में अर्धसैनिक कल्याण बोर्ड गठन व वार मेमोरियल की उठी मांग

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**अंब।** पूर्व केंद्रीय अर्धसैनिक बल कल्याण संगठन, जिला ऊना की तिमाही बैठक माता मंदिर, अंब में संगठन के मुख्य संरक्षक सुरेंद्र कुमार शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में कुल 35 सदस्य उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत संगठन के तीन दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखकर की गई। इसके पश्चात विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में सबसे पहले हिमाचल प्रदेश सरकार से प्रत्येक जिले में अर्धसैनिक कल्याण बोर्ड गठित करने की मांग की गई, ताकि सेवानिवृत्त अर्धसैनिक बलों के जवानों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जा सके। इसके साथ ही ऊना जिले में सीजीएचएस वेलनेस सेंटर खोलने की आवश्यकता पर बल दिया गया, जिससे बुजुर्ग पूर्व अर्धसैनिकों को इलाज के लिए चंडीगढ़ या जालंधर जैसे दूरस्थ स्थानों पर न जाना पड़े। संगठन ने केंद्रीय अर्धसैनिक बलों को पुरानी पेंशन योजना में शामिल करने की भी पुरजोर मांग की। सदस्यों ने कहा कि सीमा पर 24 घंटे ड्यूटी देने वाले जवानों के साथ पेंशन के मामले में भेदभाव अनुचित है। इसके अतिरिक्त, अर्धसैनिक बल के सेवानिवृत्त कर्मियों को आयुष्मान भारत कार्ड की सुविधा प्रदान करने तथा हर जिले में शहीद अर्धसैनिक जवानों की स्मृति में वार मेमोरियल बनाए जाने की भी मांग उठाई गई।

संगठन ने यह भी बताया कि अर्धसैनिक बलों के शहीदों का रिकॉर्ड न होने के कारण उनके परिजनों को सरकारी सहायता या नौकरी प्राप्त करने में कठिनाई होती है। इस बैठक में शिव मोहन, सरवन सिंह, मनोहर लाल, अमीर हुसैन, मतीधर शर्मा, सुखचैन सिंह, धीरज दास, दलवीर सिंह और ताज मोहम्मद सहित कई अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

# ऊना को स्वस्थ समाज का मॉडल बनाना लक्ष्य : डीसी

**अनंत ज्ञान, ऊना**



उपायुक्त पौषण अभियान के तहत पौष्टिक आहार का निरीक्षण करते हुए।

डीसी जतिन लाल ने कहा कि स्वस्थ समाज की नींव संतुलित व पौष्टिक आहार पर टिकी होती है। हर व्यक्ति को अपने खान-पान के प्रति सजग रहना चाहिए ताकि शारीरिक और मानसिक विकास समान रूप से हो सके। उन्होंने कहा कि ऊना जिले को स्वस्थ समाज का मॉडल बनाने के लक्ष्य के साथ कार्य किया जा रहा है।

वे मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रामपुर में आयोजित पोषण माह कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। यह कार्यक्रम हिमाचल प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जिला ग्रामीण विकास अभिकरण द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग तथा राजकीय महाविद्यालय ऊना के सहयोग से आयोजित किया गया। डीसी ने कहा कि किसी भी बच्चे की सफलता के लिए अच्छी शिक्षा और उत्तम स्वास्थ्य दोनों आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि जंक फूड बच्चों की सेहत के लिए घातक सिद्ध हो सकता है, इसलिए उन्हें पारंपरिक और पौष्टिक आहार अपनाने की आदत डालनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा शरीर एक मंदिर है, इसकी देखभाल हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। डीसी ने जिले में कार्यरत डॉक्टरों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और स्वयं सहायता समूहों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि पोषण संबंधी जागरूकता फैलाने में उनका योगदान उल्लेखनीय है। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी रमनवीर चौहान ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की, जबकि जिला कार्यक्रम प्रबंधक ज्योति शर्मा ने पौष्टिक आहार के महत्व पर विस्तृत जानकारी साझा की। कार्यक्रम के दौरान भाषण, कविता पाठ, चित्रकला और रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। भाषण में फरहान ने प्रथम, महेश्वर धीमान ने द्वितीय और प्रकाश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कविता पाठ प्रतियोगिता में संजना ने प्रथम, राधिका ने द्वितीय और कृषक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला में प्रवेश, नितिन और सुनील ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किए। रंगोली प्रतियोगिता (प्राथमिक विंग) में कृष्ण, मनीषा और तानिया क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे, जबकि मिडल विंग में लौंग श्री व आदित्य ने प्रथम, कशिश व गौरव ने द्वितीय तथा अभिजीत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# थानाकलां स्कूल की बेटियों ने कबड्डी में गढ़ा स्वर्णिम इतिहास

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान**

**लठियानी।** उप मंडल बंगाणा के राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थाना कलां की अंडर-14 बालिका कबड्डी टीम ने जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त कर इतिहास रच दिया।

धमांधरी में आयोजित जिला स्तरीय अंडर 14 प्रतियोगिता में बेटियों ने अपने खेल कौशल, साहस और टीम भावना का ऐसा परिचय दिया कि क्षेत्र में खुशी का माहौल है। प्रतियोगिता में आरती ठाकुर, अंशिका चौहान, चांदनी, सेजल ठाकुर और वंदना ने बेहतरीन तालमेल और रणनीति के साथ मैदान पर विजय का परचम लहराया। उन्होंने कहा कि आरती ठाकुर और अंशिका चौहान का चयन अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए भी हो गया है, बंगाणा ब्लॉक और स्कूल के लिए अत्यंत गौरव है।

कब्बड्डी टीम का विद्यालय में पहुंचने पर विजेता खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य संजीव पराशर ने टीम को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि इन बेटियों ने न केवल पदक जीता है, बल्कि पूरे समाज को यह संदेश दिया है कि मेहनत, लगन और आत्मविश्वास से कोई भी मंज़िल दूर नहीं। ये बेटियां आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेंगी। प्रधानाचार्य संजीव पराशर एवं सभी शिक्षकों ने टीम को प्रशिक्षण देने वाले शारीरिक शिक्षक अशोक धीमान के योगदान की भी सराहना की और उन्हें विशेष रूप से बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता एक व्यक्ति की नहीं, संपूर्ण टीम के समर्पण, अनुशासन और परिश्रम का प्रतिफल है।

# सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान**



जागरूकता शिविर में मौजूद स्थानीय उपभोक्ता।

**बड़ूही।** पंजाब नेशनल बैंक, तलमेहड़ा शाखा में वित्तीय साक्षरता केंद्र ऊना द्वारा एक महत्वपूर्ण वित्तीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता एलडीएम ऊना संजीव सक्सेना ने की, जबकि एफएलसी ऊना के राजकुमार डोगरा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

शिविर का स्वागत करते हुए तलमेहडा शाखा के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक रजनीश कुमार ने केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं, बीमा तथा ऋण योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं के लाभ समझाए और री-केवाईसी प्रक्रिया को करवाने का आग्रह किया। एलडीएम संजीव सक्सेना ने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना सहित विभिन्न केंद्र सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरबीआई ने बैंकों के निष्क्रिय खातों को पुनः सक्रिय करने तथा जमाकर्ताओं की दावा न की गई राशि वापस कराने के लिए जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और सरकारी योजनाओं से जोड़कर सुरक्षित भविष्य की ओर प्रेरित करना है। ग्रामीणों ने शिविर में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और इसे उपयोगी एवं सफल प्रयास बताया। एलडीएम संजीव सक्सेना ने यह भी बताया कि वित्तीय साक्षरता अभियान 1 अक्तूबर से 31 दिसंबर तक चलाया जाएगा। इसे वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा घोषित किया गया है। इस अभियान के तहत बैंकों को लावारिस खातों के निपटारे की प्रक्रिया तेज करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जो सरकार और आरबीआई का आम नागरिकों को उनकी मेहनत की कमाई वापस दिलाने का प्रयास है। शिविर में एलडीएम संजीव सक्सेना, एफएलसी राजकुमार डोगरा, वरिष्ठ शाखा प्रबंधक रजनीश कुमार, डिप्टी मैनेजर मुकेश कुमार, हेड कैशियर दीपक रणौत, क्लर्क विवेक राणा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सीपीआर प्रक्रिया पर जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में अटल बिहारी बाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा रेडक्रॉस सोसायटी और रिबन क्लब के सौजन्य से सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी पुनर्जीवन) जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने की। इस अवसर पर रेड रिबन क्लब के नोडल अधिकारी प्रो. किरण कुमारी ने प्रतिभागियों को कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत करवाया और बताया कि ऐसे प्रशिक्षण जीवन रक्षक सिद्ध हो सकते हैं। कार्यक्रम में डॉ. अशोक कुमार, सिविल अस्पताल बंगाणा ने सीपीआर प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी तथा आपातकालीन स्थिति में जीवन बचाने के लिए एक प्रायोगिक प्रदर्शन (डेमो) भी प्रस्तुत किया।

**कार्यक्रम** कुटलैहड़ मंडल भाजपा ने आत्मनिर्भर भारत अभियान पर आयोजित की कार्यशाला

# कार्यकर्ताओं को आत्मनिर्भरता का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



भारत आत्मनिर्भर संकल्प अभियान के अंतर्गत कुटलैहड़ मंडल भाजपा द्वारा कार्यशाला का आयोजन थानाकलां गोशाला में किया।

भारत आत्मनिर्भर संकल्प अभियान के अंतर्गत कुटलैहड़ मंडल भाजपा द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन थानाकलां गौशाला में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़ ने की, जबकि विशेष अतिथि के रूप में कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा के सह प्रवक्ता राज कुमार पठानिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यशाला की शुरुआत दीप प्रज्वलन और भारत माता की जय के उद्घोष के साथ हुई। इसमें भाजपा कार्यकर्ताओं, पार्टी पदाधिकारियों और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य अतिथि राज कुमार पठानिया ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भरता की ओर तेज़ी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक स्वतंत्रता नहीं, बल्कि यह सोच, नवाचार और स्थानीय संसाधनों के उपयोग से आत्मविश्वास को बढ़ाने का प्रतीक है। मोदी सरकार द्वारा शुरू किए गए मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, और वोकल फॉर लोकल जैसे अभियानों ने युवाओं, महिलाओं, किसानों और छोटे उद्यमियों को सशक्त किया है। पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी साकार हो सकता है जब प्रत्येक नागरिक अपने स्तर पर योगदान दे। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे जनकल्याण योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सेतु बनें। कार्यक्रम में पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों ने भी अपने विचार साझा किए और पंचायत स्तर पर आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को कैसे गति दी जा सकती है, इस पर चर्चा की। कार्यशाला में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को दोहराया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करने के लिए निरंतर कार्य करते रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला पार्षद कृष्ण पाल शर्मा, सूरम सिंह, राजेंद्र ठाकुर, बाबा कमल दास, सुदर्शन शर्मा, स्थानीय बुद्धिजीवी, ग्रामीण तथा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राष्ट्र सेवा के लिए सदैव तत्पर रहें युवा

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान, अंब।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सूरी में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर रिटायर्ड सूबेदार बतन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने स्वयंसेवकों को राष्ट्र सेवा और सामाजिक कार्यों के लिए सदैव तत्पर रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि युवाओं में ही देश का भविष्य निहित है, और उन्हें समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। शिविर के दौरान स्वयंसेवियों ने स्वच्छता अभियान, जन जागरूकता रैलियां, पर्यावरण संरक्षण, तथा नशा निवारण जैसे विषयों पर विभिन्न गतिविधियां संचालित कीं। कुल 18 स्वयंसेवियों ने पूरे समर्पण भाव से इन कार्यक्रमों में भाग लिया। समापन पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सोमा देवी, कार्यक्रम अधिकारी राकेश कुमार, एसएमसी सदस्यगण तथा सभी शिक्षक उपस्थित रहे। प्रधानाचार्या ने स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर छात्रों में नेतृत्व, अनुशासन व सामाजिक जिम्मेदारी की भावना का विकास करते हैं।

# यातायात व महिला सुरक्षा संबंधी कानूनी की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**



राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार में महिला सेल की ओर से मोटर वाहन नियम व प्रमुख महिला संरक्षण कानून विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया।

राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार में महिला सेल की ओर से मोटर वाहन नियम एवं प्रमुख महिला संरक्षण कानून विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को यातायात नियमों और महिला सुरक्षा से संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी प्रदान करना था। इस अवसर पर एडवोकेट रमेश चंद सारथी रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित हुए और विद्यार्थियों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने भारत में मोटर वाहन नियमों के तहत ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन पंजीकरण, बीमा की अनिवार्यता, यातायात संकेतों का पालन, सीट बेल्ट और हेलमेट जैसे सुरक्षा उपकरणों के उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा प्रत्येक नागरिक का दायित्व है और नियमों की अनदेखी न केवल स्वयं के लिए बल्कि दूसरों के लिए भी खतरनाक हो सकती है। एडवोकेट सारथी ने यह भी बताया कि ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर कड़ी सजा का प्रावधान है, जैसे नशे में वाहन चलाना, तेज गति से गाड़ी चलाना या ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन का उपयोग करना, जिन पर भारी जुर्माना और लाइसेंस निलंबन तक की कार्रवाई हो सकती है। उन्होंने डिजिटल दस्तावेजों जैसे ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन रजिस्ट्रेशन को मान्य बताते हुए कहा कि अब ये मोबाइल एप में उपलब्ध होने पर भी वैध हैं।

महिला सुरक्षा कानूनों के बारे में उन्होंने घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम, 2005 तथा कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न निवारण अधिनियम, 2013 की मुख्य धाराओं की व्याख्या की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक महिला को अपने अधिकारों की जानकारी होनी चाहिए ताकि उत्पीड़न या अन्याय की स्थिति में वह कानूनी संरक्षण प्राप्त कर सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. बलविंदर सिंह राणा ने की। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि विद्यार्थी समाज के दर्पण होते हैं, इसलिए उन्हें कानूनों और नियमों का पालन कर समाज में उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए। उन्होंने शिक्षा, महिलाओं की सुरक्षा और समानता के प्रति संवेदनशीलता का भी संदेश दिया। महिला सेल की अध्यक्ष प्रो. कविता कौशल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में कानूनी जागरूकता बढ़ाने और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने महिला सेल की भविष्य में भी इसी प्रकार के जनहितकारी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की योजना व्यक्त की। इस अवसर पर डॉ. रामकुमार नेगी, डॉ. राम सिंह, डॉ. सगुन डोगरा सहित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद प्रस्ताव के साथ किया गया।

## परियोजना सलाहकार समिति की बैठक में जनजातीय विकास पर गहन चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



हिमाचल प्रदेश के राजस्व, जनजातीय विकास, उद्यान एवं शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में केलंग में परियोजना सलाहकार समिति की बैठक हुई। राजस्व बागवानी एवं जनजातीय मंत्री ने बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक में जिले के जनजातीय विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। मंत्री ने केलंग में लंबे समय से लंबित सीवरेज प्लांट के कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने पर बल दिया। इसके अतिरिक्त, स्वास्थ्य, शिक्षा और अग्निशमन विभागों के भवनों की स्थिति पर भी व्यापक चर्चा हुई। बैठक में स्थानीय विधायक अनुराधा राणा भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। चर्चा का मुख्य फोकस कृषि, मत्स्य पालन, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), जल शक्ति, शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभागों से जुड़ी चुनौतियों और विकास योजनाओं पर था। बैठक में पिछली बैठक के सभी बिंदुओं की समीक्षा और उनकी प्रगति की विस्तृत जांच भी की गई। वन अधिकार अधिनियम (एफआरए) के तहत लंबित सभी मामलों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निपटाने के भी निर्देश मंत्री ने दिए। इसके साथ ही लिंडुर एवं करपट पुनर्स्थापन से संबंधित आदेशों की समीक्षा की गई तथा जाहलमा नाले के तटबंध कार्य की प्रगति का मूल्यांकन किया गया। इसके अतिरिक्त, कुकुमसेरी कॉलेज और उदयपुर में प्रस्तावित बहुतकनीकी संस्थान के लिए भूमि संबंधी सभी आवश्यक औपचारिकताओं को तत्काल पूरा करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। संबंधित विभागों के अधिकारियों ने अपनी समस्याओं और विकास योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की ताकि इन क्षेत्रों में प्रभावी सुधार सुनिश्चित हो सके।

# फोर व्हील ड्राइव वाहन पहुंचे रोहतांग दर्रा

## पर्यटकों के लिए बहाल हुआ रोहतांग, जल्द लगेगा पर्यटकों का मेला

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**कुल्लू।** देश-विदेश से मनाली आने वाले पर्यटकों के लिए खुशखबरी है। दो फुट बर्फ से ढका 13050 फुट ऊंचा रोहतांग दर्रा पर्यटकों के लिए बहाल हो गया है।

मंगलवार को पर्यटक फोर व्हील ड्राइव वाहनो में पहुंचे रोहतांग दर्रा पहुंच गए हैं। हालांकि, अभी फोर व्हील ड्राइव वाहनो के लिए ही दर्रा बहाल हुआ है, लेकिन जल्द ही रोहतांग से कोकसर तक सड़क बहाल होते ही सामान्य पर्यटक वाहन भी रोहतांग जा सकेंगे। हालांकि, आज लगभग दो दर्जन वाहन ही रोहतांग पहुंचे, लेकिन जल्द रोहतांग दर्रे में पर्यटकों का मेला लगेगा। रोहतांग दर्रे के बहाल होने से पर्यटन स्थल मढ़ी में भी रौनक लौट आई है।

पांच अक्तूबर को भारी हिमपात होने से दर्रा पर्यटकों के लिए बंद हो गया था। दर्रे में दो फीट मोटी बर्फ बिछी है। दर्रा बहाल होने से स्थानीय कारोबारियों को भी कारोबार चलने की उम्मीद बढ़ी है। बीआरओ ने रोहतांग तक बर्फ हटा दी है अब कोकसर की ओर बर्फ हटाने में जुटा है। प्रशासन ने हालांकि अभी फोर व्हील ड्राइव वाहनों को ही रोहतांग जाने की अनुमति दी है, लेकिन कोकसर तक सड़क बहाल होने के बाद पर्यटक मनाली से रोहतांग के दीदार कर अटल टनल निहारते हुए सोलंग नाला होते हुए वापस मनाली लौट सकेंगे।



रोहतांग दर्रा में पहुंचे पर्यटक बर्फ के बीच अठखेलियां करते हुए।

### अंजनी महादेव बना पर्यटकों का नया स्नो प्वाइंट

**सोलंगनाला** के समीप अंजनी महादेव भी पर्यटकों का स्नो प्वाइंट बना हुआ है। अटल टनल के दोनों पोर्टल साउथ व नॉर्थ में भी पर्यटक बर्फ का दीदार कर रहे हैं। लाहौल के पर्यटन स्थल सिस्सु व कोकसर में भी पर्यटक दस्तक दे रहे हैं। हालांकि, अभी इन पर्यटन स्थलों में पर्यटकों की आमद कम है, लेकिन जल्द ही बर्फ से ढके सभी पर्यटन रोहतांग, राहनीनाला, मढ़ी, अंजनी महादेव, हामटा, सिस्सु, कोकसर, अटल टनल के साउथ व नॉर्थ पोर्टल में पर्यटकों का मेला लगेगा।

**डीएसपी** मनाली केडी शर्मा ने बताया कि फोर व्हील ड्राइव वाहन रोहतांग तक जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि बीआरओ रोहतांग से कोकसर की ओर सड़क बहाल कर रहा है। कोकसर तक सड़क के बहाल होते ही पर्यटक मनाली से मढ़ी होते हुए रोहतांग जा सकेंगे व रोहतांग से बाया कोकसर सहित अटल टनल के दीदार करते हुए सोलंग नाला होकर मनाली आ सकेंगे।

## निरमंड में 20 से 23 दिसंबर तक मनाया जाएगा 'बूढ़ी दिवाली' मेला

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**



**आनी।** छोटी काशी निरमंड का ऐतिहासिक एवं प्राचीन जिला स्तरीय 'बूढ़ी दिवाली' मेला इस वर्ष भी परंपरागत उत्साह और धार्मिक उल्लास के साथ 20 से 23 दिसंबर तक मनाया जाएगा।

मेले की तैयारियों को लेकर एसडीएम निरमंड मनमोहन सिंह की अध्यक्षता में मेला समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई, जिसमें आयोजन की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। एसडीएम मनमोहन सिंह ने बताया कि पारंपरिक रात की बूढ़ी दिवाली 20 दिसंबर को दशनामी जूना अखाड़ा निरमंड में मनाई जाएगी, जबकि दिन का मेला 21, 22 और 23 दिसंबर को तामिउड़ी स्थित खेल परिसर मैदान में आयोजित होगा। इसी मैदान में व्यापारिक मेले का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष मेले में महिलाओं की रस्साकशी प्रतियोगिता और पारंपरिक नाटी विशेष आकर्षण रहेंगे। महिला रस्साकशी का आयोजन 22 और 23 दिसंबर को किया जाएगा। इसके साथ ही स्कूली बच्चे व महिला मंडल अपनी-अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मेले की शोभा बढ़ाएंगे। रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रम 21 से 23 दिसंबर तक रामलीला मैदान स्थित नागरिक मंच पर सांय 6 से 10 बजे तक आयोजित किए जाएंगे, जिनमें स्थानीय कलाकारों के साथ स्टार कलाकारों की प्रस्तुतियां भी होंगी। कार्यक्रमों के लिए कलाकारों का चयन शीघ्र किया जाएगा। एसडीएम ने कहा कि प्रशासन मेले को भव्य और सुरक्षित बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां कर रहा है। उन्होंने बताया कि मेले की अंतिम समीक्षा बैठक शीघ्र आयोजित की जाएगी ताकि आयोजन में कोई कमी न रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### सैलानी नदी में उतरे तो होगी जेल, जुर्माना भी लगेगा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** पुलिस ने पर्यटकों से नदी-नालों में न उतरने की अपील की है। साथ ही नदी के किनारे पर फोटोग्राफी करने, सेल्फी लेने और अन्य गतिविधियां करने पर रोक लगा दी है। आदेशों को उल्लंघन करने वाले पर एचपी पुलिस अधिनियम-2007 की धारा 111 के तहत 8 दिन तक की कैद की सजा होगी। इसके अलावा 1,000 से 5,000 तक जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। बर्फ के बीच मस्ती करने की चाह में आने वाले सैलानी लाहौल घाटी के नदी-नालों में हादसों का शिकार हो रहे हैं। पानी की गहराई का अंदाजा न होने के कारण वे काल का ग्रास बन जाते हैं। जिला पुलिस अधीक्षक शिवानी मेहला ने कहा कि चंद्रभागा के किनारे जाना खतरे से खाली नहीं है। पर्यटकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नदी किनारे न जाने की अधिसूचना जारी की है। उन्होंने पर्यटकों से आग्रह किया कि नदी किनारे बिल्कुल भी न जाएं और सुरक्षित ढंग से लाहौल-स्पीति की वादियों में घूमने का आनंद लें।

### स्वदेशी उत्पादों को अपनाने के बारे में किया जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** मनाली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले दोनों मंडल मनाली मंडल और नग्गर मंडल में मंगलवार को भाजपा के द्वारा आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मनाली विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सन्नी शुक्ला ने बतौर वक्ता शिरकत की। भाजपा नेता एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर भी विशेष तौर पर मौजूद रहे। इस दौरान कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं और लोगों को स्वदेशी उत्पादों को अपनाने के बारे में जागरूक किया गया। भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सन्नी शुक्ला ने कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी ने एक संकल्प लिया है। 2047 भारत को हमने विकसित राष्ट्र बनाना है। उसी के तहत भाजपा ने और भारत की केंद्र सरकार ने यह तय किया है कि हम देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जन जागरण अभियान चलाएंगे। उन्हीं कार्यक्रमों के तहत हिमाचल के सभी मंडलों में भारतीय जनता पार्टी इस तरह के कार्यक्रम कर रहे हैं। इस दौरान भाजपा नेता एवं पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर ने कहा कि भाजपा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को पुरे देश में चला रही है और आज मनाली विधानसभा क्षेत्र के दोनों मंडल नग्गर मंडल और मनाली मंडल में कार्यक्रम आयोजित किए गए। उन्होंने कहा इस कार्यक्रम में भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डा. सन्नी शुक्ला मुख्य वक्ता के रूप में आए हैं।

### प्रदेश सरकार पर अखिलेश कपूर का तीखा प्रहार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** जनजातीय जिला मुख्यालय केलांग में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश कपूर ने जहां स्वदेशी उत्पाद को हर घर तक पहुंचाने की बात की। वहीं उन्होंने केंद्र सरकार की नीतियों को घर घर पहुंचाने की बात कही है। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस तथा इनके केंद्रीय नेतृत्व को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि शिमला में पूर्व मुख्यमंत्री की प्रतिमा स्थापित करना मात्र राजनीतिक लाभ लेने के लिए उठाया गया कदम है। उन्होंने कहा कि सरकार पूर्ण रूप से विफल हो चुकी है तथा ऐसे सरकार को बने रहने का कोई हक नहीं है। कपूर ने कहा कि नैतिकता के आधार पर इस सरकार को त्यागपत्र दे देना चाहिए। उधर लाहुल स्पीति के पूर्व विधायक रवि ठाकुर ने भी प्रदेश सरकार पर जमकर भड़ास निकालते हुए कहा कि सरकार के पास विकास कार्यों के लिए बजट तो है नहीं सिर्फ जनता को गुमराह किए जा रहे हैं। उन्होंने सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि अगर वीरभद्र की प्रतिमा लगाई जा सकती है तो रामलाल ठाकुर की प्रतिमा क्यों नहीं लगाते। वे भी तो पूर्व मुख्यमंत्री रह चुके हैं तथा वर्तमान में उनके पोते रोहित ठाकुर इसी सरकार मे मंत्री हैं ऐसे में यह तो सरेआम भेदभाव है। रवि ठाकुर ने बताया कि प्रदेश के केबिनेट मंत्री जगत नेगी लाहुल और पांगी के दौरे में हैं, मैं पूछना चाहता हूं कि इतनी बड़ी आपदा आई और लोगों की फसलें तथा सेब के बागान तबाह हो गए हैं आपकी सरकार ने क्या कदम उठाया। सिर्फ़ लोग कार्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर हो रहे हैं धरातल पर कुछ नहीं हो रहा है।

## 1522 युवाओं को आज मिलेगा रोजगार: सुंदर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा है कि बुधवार को कुल्लू में 1522 युवा युवतियों को रोजगार मिलेगा। मंगलवार को पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि बुधवार को कुल्लू के रथ मैदान में रोजगार मेले का आयोजन होगा। उन्होंने प्रदेश के सभी युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि इस रोजगार मेले का लाभ उठाएं और अपना भविष्य उज्ज्वल बनाएं। उन्होंने कहा कि हम आपदा से उत्सव की ओर बढ़े और अब रोजगार उत्सव की ओर बढ़ रहे हैं। दशहरा उत्सव कामयाब हुआ है और हमारे युवा रोजगार मेले को भी कामयाब करेंगें और अपनी आर्थिकी को मजबूत करेंगें।

उन्होंने कहा कि देवभूमि कुल्लू में दशहरा उत्सव के बाद अब 15 अगस्त को रोजगार मेला लग रहा है। इस रोजगार मेले में 1522 युवाओं को रोजगार मिलेगा। इस रोजगार मेले में बड़ी-बड़ी 32 कंपनियां आ रही है



और अकेली सीस कंपनी ही 300 युवाओं को रोजगार दे रही है जबकि आईटीआई के 600 युवाओं को रोजगार मिलेगा। खास बात यह है कि रोजगार का क्षेत्र भी हिमाचल व चंडीगढ़ होगा। इस पत्रकार वार्ता के दौरान उनके साथ अक्षय कुमार क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी मंडी व अधिकारी जितेंद्र शर्मा भी उपस्थित रहे।

उन्होंने कहा कि इस रोजगार मेले में सभी युवाओं को भाग लेना चाहिए और अपना भविष्य बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह रोजगार मेला रथ मैदान कुल्लू में आयोजित होगा और सुबह नो बजे से लेकर शाम चार बजे तक चलेगा। लेकिन युवाओं को सुबह मेले में आकर अपना पंजीकरण करना होगा। उन्होंने कहा कि जो युवा रोजगार कार्यालय में पंजीकृत नहीं है वे ऑनलाइन पंजीकरण करवा लें। उन्होंने कहा कि आयु 18 से 40 वर्ष तक रहेगी जबकि कुछ कंपनियों को 18 से 35 वर्ष ही चाहिए। उन्होंने कहा कि मैट्रिक से लेकर ग्रेजुएट, एमबीए व आईटीआई के छात्र भी इस मेले में भाग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए यह एक अच्छा अवसर है और प्रदेश सरकार भी चाह रही है कि हर घर के युवाओं को रोजगार मिल जाए। उन्होंने कहा कि प्राइवेट सैक्टर में युवाओं को रोजगार के अच्छे अवसर प्रदान हो रहे हैं और इस रोजगार मेले को हम जिला प्रशासन से मिलकर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी कारण युवाओं का रोजगार कार्यालय में पंजीकरण नहीं हुआ है तो वोह भी आएं और यहीं पर उनका पंजीकरण ऑनलाइन किया जाएगा।

## कांग्रेस सरकार क्षेत्र की जनता की पीड़ा से पूरी तरह बेपरवाह: शौरी

**अनंत ज्ञान, बंजार**

बरसात थमे एक माह से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन बंजार विधानसभा क्षेत्र में सामान्य जीवन अब भी दुश्वार बना हुआ है।

क्षेत्र की मुख्य सड़क एनएच-305 सहित अधिकांश ग्रामीण मार्ग अभी भी ठप पड़े हैं, जिससे बड़े वाहनों की आवाजाही संभव नहीं हो पा रही है। ऐसे हालात में बंजार विधानसभा क्षेत्र की निरंतर अनदेखी और उपेक्षा के विरोध में कल बंजार मुख्यालय में धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी विधायक सुरेंद्र शौरी ने मीडिया से साझा की। विधायक शौरी ने कहा कि कांग्रेस सरकार क्षेत्र की जनता की पीड़ा से पूरी तरह बेपरवाह हो चुकी है। सड़कों की बदहाल स्थिति, ठप यातायात व्यवस्था और राहत पैकेज की अनुपलब्धता सरकार की पूर्ण संवेदनशीलता को उजागर करती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने केवल मंडी जिले के लिए विशेष आपदा राहत पैकेज जारी किया है, जबकि बंजार क्षेत्र में करीब 600 मकान ध्वस्त हुए हैं और सैकड़ों परिवार अब भी पुनर्वास की प्रतीक्षा में हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि प्रदेश सरकार ने बंजार की अवस्थिति को ही नकार दिया है।



विधायक शौरी ने स्पष्ट कहा कि अब बंजार क्षेत्र की जनता चुप नहीं बैठेगी।

सरकार को या तो क्षेत्र के साथ न्याय करना होगा, या जनता के आक्रोश का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगों से आह्वान किया है कि बुधवार को 11 बजे तक बंजार मुख्यालय पहुंचकर धरना-प्रदर्शन में भाग लें, ताकि यह आंदोलन सरकार तक एक स्पष्ट, सशक्त और निर्णायक संदेश पहुंचा सके कि बंजार अब अपनी अनदेखी और अन्याय को स्वीकार नहीं करेगा।

## त्रुटि रहित मतदाता सूची बनाने में बंजार विस की जनता करे सहयोग

**अनंत ज्ञान, बंजार।** राज्य निर्वाचन आयोग हिमाचल प्रदेश एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) कुल्लू के निर्देशानुसार विकास खण्ड बन्जार की सभी ग्राम पंचायतों की ड्राफ्ट मतदाता सूचियाँ पंचायत घर और विकास खण्ड कार्यालय में निरीक्षण के लिए उपलब्ध हैं। खंड विकास अधिकारी मान सिंह बग्गा ने बताया कि दावे/आक्षेप फॉर्म ग्राम पंचायत कार्यालय में और आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। मतदाता सूची में नाम दर्ज करने के लिए व्यक्ति की आयु एक अक्तूबर तक 18 वर्ष होनी आवश्यक है। दावे एवं आक्षेप 8 से 17 अक्तूबर तक पुनरीक्षण प्राधिकारी के समक्ष दायर किए जा सकते हैं। दावों के निपटारे के बाद (27 अक्टूबर तक) अपील भी की जा सकती है। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 13 नवंबर 2025 या उससे पहले किया जाएगा।

## सिविल व बिजली बोर्ड पेंशनर संघ ने मांगों को लेकर सीएम को भेजा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, आनी**

सिविल पेंशनर संघ आनी और विद्युत बोर्ड पेंशनर संघ आनी ने मंगलवार को पेंशनरों की लंबित मांगों को लेकर मंगलवार को शांतिपूर्ण ढंग से धरना प्रदर्शन किया और एसडीएम आनी के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा।

बिजली बोर्ड पेंशनर संघ यूनिट आनी के प्रधान नवल ठाकुर, सिविल पेंशनर संघ के प्रधान मोहर सिंह ठाकुर तथा एनजीओ के पूर्व प्रधान जेआर वर्मा ने पेंशनरों को संबोधित करते हुए बताया कि आनी ब्लॉक के पेंशनभोगी अपनी मांगों के समाधान के लिए तरस रहे हैं। संघ अपनी मांगें मुख्यमंत्री के संज्ञान में कई बार ला चुके हैं, लेकिन वह सब तक अनसुनी ही साबित हुईं। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि 2016 के बाद सेवानिवृत्त हुए पेंशनभोगियों को बार-बार अनुरोध करने और न्यायालय के निर्णय के बावजूद अभी तक ग्रेच्युटी,अवकाश नकदीकरण आदि की राशि का भुगतान नहीं किया गया है। संघ ने सरकार से 16 प्रतिशत महंगाई भत्ता जारी करने. बकाया राशि का भुगतान करने और मासिक किश्तों का जल्द भुगतान करने की जोरदार मांग उठाई है। संघ ने उम्मीद जताई है कि मुख्यमंत्री महोदय इस मामले को व्यक्तिगत रूप से देखेंगे और पेंशनभोगियों की दयनीय स्थिति को ध्यान में रखते हुए इस मुद्दे को सुलझाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

इस मौके पर सिविल पेंशनर संघ के प्रधान मोहर सिंह ठाकुर, विद्युत बोर्ड पेंशनर संघ के प्रधान नवल ठाकुर, वरिष्ठ उपप्रधान पूर्ण चंद शर्मा, उपप्रधान भोपाल सिंह, सह सचिव प्रेम सिंह भारती, कैशियर झाबे राम ठाकुर, सिविल पेंशनर संघ खंड आनी के वरिष्ठ उपप्रधान देवी सिंह ठाकुर, उपप्रधान धनी राम, महासचिव पी दुर्वासा, कैशियर तारा चंद शर्मा, जिला प्रतिनिधि एनडी ठाकुर तथा फतेह चंद शर्मा सहित अन्य कई पदाधिकारी व पेंशनर मौजूद रहे।

## एचआईवी संक्रमण से जुड़ी जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, आनी।** राजकीय महाविद्यालय आनी स्थित हरिपुर परिसर में रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में एचआईवी/एड्स जागरूकता पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सिविल अस्पताल आनी से डॉ. दीपक कुमार (एएमओ, एमएचटी, आरबीएसके) ने रिसोर्स पर्सन के रूप में विद्यार्थियों को एचआईवी संक्रमण से जुड़ी सच्चाइयों, मिथकों, संक्रमण के तरीकों और रोकथाम के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने युवाओं से नियमित स्वास्थ्य जांच करवाने और समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वास्थ्य चेतना और सामाजिक जिम्मेदारी का विकास करना था। इस अवसर पर रेड रिबन क्लब के संयोजक प्रो. विजय कुमार ने डॉ. दीपक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्लब भविष्य में भी ऐसे जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा।

## आपदा जोखिमों के प्रति लोगों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, बंजार**

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विकासखंड बंजार के न्यू बस स्टैंड और गुशैणी में तथा नग्गर विकास खंड के नग्गर व हरिपुर महाविद्यालय में आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर आधारित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

'समर्थ 2025' जिला स्तरीय जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत आयोजित इन कार्यक्रमों में मन्नत कला मंच व गीत-संगीत कला मंच के कलाकारों ने गीतों और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को आपदा प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं।कलाकारों ने लोगों को भूकंपरोधी भवन निर्माण, आपदाओं के समय बरती जाने वाली सावधानियों, तथा भूकंप, भूस्खलन और आग लगने की स्थिति में अपनाए जाने वाले उपायों के बारे में जागरूक किया। मंच के कलाकारों ने कुल्लवी नाटियों और 'जानकारी ही बचाव' शीर्षक नाटक के माध्यम से बताया कि आपदाओं से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका है जागरूकता और तत्परता।



नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक करते कलाकार।

उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे आपदा से संबंधित जानकारियां अपने परिवार, बच्चों और बुजुर्गों के साथ साझा करें, ताकि आपदा के समय सभी की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। कार्यक्रम के दौरान लोगों को भूकंप के समय झुको, ढको और पकड़ो की रणनीति तथा आग लगने की स्थिति में रुको, झुको और लुढ़को की तकनीक के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। कलाकारों ने लोगों से आग्रह किया कि भवन निर्माण से पूर्व उचित वास्तुकार से परामर्श लेकर ही भूकंपरोधी निर्माण सामग्री का प्रयोग करें, जिससे आपदाओं के समय नुकसान को न्यूनतम किया जा सके। कार्यक्रमों में हरिपुर महाविद्यालय की प्रधानाचार्या शैफाली व नग्गर स्कूल की प्रधानाचार्या शीला ठाकुर सहित संस्थान के अन्य स्टाफ व अन्य ग्रामीण भी शामिल रहे।

## गुशैनी स्कूल को क्रयाश चैरिटेबल ट्रस्ट ने भेंट की शैक्षणिक सामग्री

**अनंत ज्ञान, बंजार**



एसडीएम बंजार पंकज शर्मा ने बताया कि क्रयाश चैरिटेबल ट्रस्ट, सुंदरनगर, मंडी और फॉर सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड, चंडीगढ़ के सहयोग से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुशैनी को शैक्षणिक सामग्री भेंट की गई। मानसून में भारी वर्षा के कारण विद्यालय भवन पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गया था।

वर्तमान में विद्यार्थियों की कक्षाएं राजकीय प्राथमिक विद्यालय भवन तथा एक निजी भवन में अस्थायी रूप से संचालित की जा रही हैं। एसडीएम ने बताया कि छात्रों की सुविधा के लिए क्रयाश चैरिटेबल ट्रस्ट ने लगभग अस्सी हजार रुपये मूल्य की शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध करवाई है। ट्रस्ट की ओर से विद्यालय को 200 गद्देदार मैट, कार्यालय के लिए एक प्रिंटर, दो वाटर फिल्टर, छह ब्लैकबोर्ड, छह डस्टर, पांच चाक बॉक्स, प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु 30 पुस्तकें, 20 रेनकोट आदि सामग्री प्रदान की गई। उन्होंने ट्रस्ट के सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस क्षेत्र के अन्य विद्यालय, जो मानसून के दौरान क्षतिग्रस्त हुए हैं, उनमें भी गैर-सरकारी संस्थाओं के सहयोग से चरणबद्ध रूप में आवश्यक सामग्री उपलब्ध करवाई जाएगी। क्रयाश चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक डॉ. धर्मेश शर्मा ने बताया कि संस्था ने क्रयाश बुक बैंक पहल वर्ष 2023 में शुरू की थी, जिसका उद्देश्य वंचित विद्यार्थियों को शिक्षा में सहयोग प्रदान करना है। यह पुस्तकें विशेष रूप से उन विद्यार्थियों के लिए उपयोगी होंगी जो 10वीं और 12वीं कक्षा के बाद पॉलिटेक्निक, कॉन्स्टेबल, सीआईएसएफ, सेना अग्निवीर, पटवारी और फॉरेस्ट गार्ड जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट सीमित संसाधनों के बावजूद लगातार योगदान देने के प्रयास में है और आपदा के बाद छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य एवं करियर मार्गदर्शन पर भी ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य कर्म लाल शर्मा और प्रकाश दीपक ने एसडीएम तथा ट्रस्ट का आभार व्यक्त किया।

**भ्रमण** अंतर महाविद्यालय शैक्षणिक व सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम

## कुल्लवी नाटी ने छात्रों को किया मंत्रमुग्ध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

लद्दाख के विद्यार्थियों का एक दल मंगलवार को राजकीय महाविद्यालय कुल्लू का भ्रमण किया। इस दौरान लाइब्रेरी, क्लास रूम, लैब आदि का अवलोक किया तथा आवश्यक जानकारी ली।

इस दौरान कुल्लवी नाटी ने लद्दाख के विद्यार्थी मंत्रमुग्ध कर दिया। राजकीय मॉडल महाविद्यालय, जान्सकर के विद्यार्थियों का एक दल मंगलवार को सुबह 11 बजे अंतर महाविद्यालय शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत कुल्लू कॉलेज पहुंचा, जिनका प्राचार्य डॉ. राकेश राणा ने कुल्लवी परम्परा के अनुसार स्वागत किया। इसके बाद लद्दाख के विद्यार्थियों ने कुल्लू कॉलेज में विद्यार्थियों के साथ मिलकर विभिन्न विषयों पर वार्तालॉप की। एक-दूसरे की शिक्षा व्यवस्था और संस्कृति के बारे में जाना। लाइब्रेरी, क्लास रूम, लैब इत्यादि का भ्रमण किया तथा आवश्यक जानकारी ली। प्राचार्य डा. राकेश राणा ने कुल्लू का इतिहास और डा. जामफेल श्यान ने जान्सकर के इतिहास को साझा किया।



अंतर महाविद्यालय शैक्षणिक व सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के दौरान गणमान्य।

इस दौरान कुल्लू के विद्यार्थियों ने कुल्लवी नाटी प्रस्तुत की, जो लद्दाख के विद्यार्थियों के लिए आकर्षण का केंद्र था। दोनों कालेजों के विद्यार्थ एक-दूसरे के पारंपरिक गीतों पर जमकर थिरके। अंत में फिर मिलने का वादा कर लद्दाख के विद्यार्थी लौट गए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मही योगश ने किया। लद्दाख के विद्यार्थियों का भ्रमण दल में 22 विद्यार्थी मौजूद थे, जिनका नेतृत्व प्रोफेसर जामफेल श्यान (अंग्रेजी), जफर इकबाल (शिक्षाशास्त्र), मोहम्मद हुसैन (जीव विज्ञान) और हैदर अली (समाजशास्त्र) ने किया। इस दौरान प्रो. सोम किशन, डॉ. रामनाथ, डॉ. सोम नेगी, डॉ. निर्मला सिंह, डॉ. सपना वर्मा, डॉ. अवधेश कुमार यादव, डॉ. बबली जोशी, डॉ. अनुपमा कटोच, डॉ. प्रोमिला, डॉ. मोनिका, डॉ. पूजा, डॉ. संगीता समेत महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे।

## आनी उपमंडल में बिना अनुमति के पटाखों की बिक्री

**अनंत ज्ञान आनी।** दीवाली पर्व के दौरान दुर्घटनाओं और आगजनी की संभावनाओं को देखते हुए उपमंडल अधिकारी आनी लक्ष्मण कनेट ने आदेश जारी कर आनी उपमंडल में बिना अनुमति के पटाखों की बिक्री, परिवहन, उपयोग और भंडारण पर प्रतिबंध लगाया है। यह प्रतिबंध 19 से 20 अक्तूबर 2025 तक प्रभावी रहेगा। आदेश के अनुसार केवल उन्हीं विक्रेताओं को पटाखों की बिक्री की अनुमति होगी, जिन्होंने सक्षम प्राधिकारी से लाइसेंस प्राप्त किया है। वहीं, एसडीएम आनी लक्ष्मण सिंह कनेट ने आनी उपमंडल में पटाखों की बिक्री को लेकर भी स्थान तय किए हैं। उन्होंने बताया कि आनी कस्बे में राजा रघुबीर सिंह स्टेडियम के पीछे, दलाश में ग्राम पंचायत भवन के पास, कुंगश में बस स्टैंड के समीप मेला ग्राउंड में, लुहरी में डीएफओ कार्यालय के पास पंचायत पार्किंग, शवाड़ में लवी ग्राउंड और चवाई बस स्टैंड तथा खुन्न में ग्राम पंचायत कार्यालय के पास ही पटाखों की बिक्री की जा सकेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिए गए हैं और अवमानना करने वालों खिलाफ कानून के तहत कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## बीडीओ मुकेश कुमार ने नग्गर विकास खंड की पंचायतों का किया निरीक्षण



बैठक के दौरान बीडीओ नग्गर मुकेश कुमार पंचायत सचिवों से चर्चा करते हुए।

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) मुकेश कुमार विकास खंड नग्गर ने अपने विकास खंड की विभिन्न ग्राम पंचायतों का दौरा किया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता की जांच करना रहा।

बीडीओ मुकेश कुमार ने ग्राम पंचायत कार्यालयों में पंचायत सचिवों द्वारा भरे जा रहे प्ररूप दावे/आक्षेप/विशिष्टयों की गहनता से जांच की। इस दौरान उन्होंने सचिवों को राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देशों और समयबद्ध कार्य पूर्ण करने की महत्ता के बारे में बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची पुनरीक्षण एक महत्वपूर्ण और समय-संवेदी कार्य है जिसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही अक्षम्य होगी। उन्होंने सचिवों को निर्देशित किया कि भरे गए प्ररूप-2, प्ररूप-3, और प्ररूप-4 में रजिस्टर तैयार करना अनिवार्य है।

ये रजिस्टर कार्य की पारदर्शिता और दस्तावेजीकरण के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। बैठक के दौरान सचिवों को यह निर्देश भी दिए गए कि वे इस संबंध में ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार करें। प्रचार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी योग्य/पात्र मतदाता छूट न जाए और उसका नाम पंचायत की मतदाता सूची में दर्ज हो सके। बीडीओ मुकेश कुमार ने 17 अक्तूबर 2025 से पहले त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित किया है, ताकि आगामी चुनावों के लिए एक स्वच्छ और अद्यतन सूची उपलब्ध हो सके।

## न्यूज ब्रीफ

### एमआरपी से अधिक दाम पर बेची जा रही बीयर

**अनुराग ठाकुर, अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** जंभूखाला-जामनीवाला रोड पर स्थित एक शराब ठेके पर ग्राहकों से बीयर के निर्धारित मूल्य (एमआरपी) से अधिक पैसे वसूले जाने की शिकायत सामने आई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ठेके पर बीयर के दाम बोतल पर छपे एमआरपी से कहीं ज्यादा लिए जा रहे हैं, जबकि यह स्पष्ट रूप से कानून का उल्लंघन है। सूत्रों के अनुसार, कुछ उपभोक्ताओं ने बताया कि उनसे एमआरपी से 20 से 30 रुपए तक अधिक वसूले गए। उन्होंने इस संबंध में जिला आबकारी एवं कराधान विभाग से उचित कार्रवाई की मांग की है। विशेषज्ञों का कहना है कि एमआरपी से अधिक दाम पर शराब बेचने विधिक माप विज्ञान अधिनियम, 2009 एवं आबकारी अधिनियम के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। इस पर दोषी पाए जाने पर जुर्माना और लाइसेंस निलंबन तक की कार्रवाई संभव है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से ठेके की जांच करवाने और ऐसी मनमानी पर रोक लगाने की मांग की है।

### बद्दी के श्री राम मंदिर में चोरी की घटना

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** बद्दी में सनसिटी कालोनी स्थित श्री राम मंदिर में चोरी की घटना सामने आई है। मंदिर कमेटी के प्रधान प्रवीण गुप्ता ने बद्दी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रात लगभग 2 बजकर 3 मिनट पर दो संदिग्धों ने मंदिर में चोरी की कोशिश की। मंदिर के पुजारी राम स्वरूप शर्मा ने सुबह 6 बजकर 12 मिनट पर इस बात की सूचना मंदिर कमेटी को दी। मंदिर कमेटी के सदस्य तुरंत घटना स्थल पर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया। सीसीटीवी कैमरों की जांच में पता चला कि चोरों ने पहले मंदिर के मुख्य द्वार का ताला तोड़ा और फिर दान पात्र का ताला तोड़ने का प्रयास किया। असफल रहने पर चोरों ने दान पात्र को किसी औजार से काटकर चोरी कर लिया। कुछ दूरी पर झाड़ियों में दान पात्र मिला, जिसमें से पैसे निकाल लिए गए थे। इससे पहले भी सोसाइटी में कई चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। प्रवीण गुप्ता और रेसिडेंस वेलफेयर सोसायटी के प्रधान संजीव ठाकुर ने पुलिस से चोरी की बढ़ती वारदातों पर रोक लगाने की मांग की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा ने जांच शुरू होने की पुष्टि की और कहा कि चोरों को जल्द पकड़ लिया जाएगा।

### 45 ने दिया साक्षात्कार, 23 उम्मीदवारों का चयन

**अश्वनी शर्मा, अनंत ज्ञान, सोलन।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) कसौली में प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया गया। आईटीआई के प्रधानाचार्य मुन्नी लाल ने बताया कि कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के निर्देशानुसार आयोजित किए इस मेले का उद्देश्य युवाओं को अप्रेंटिसशिप के अवसर प्रदान करना, भविष्य उन्मुख क्षेत्रों के अनुरूप कौशल विकसित करना, उन्हें उद्योग जगत से जोड़ना, प्रतिष्ठित कंपनियों और उदीयमान प्रशिक्षुओं को जोड़ने तथा स्किल इंडिया मिशन की दृष्टि के अनुरूप अप्रेंटिसशिप अवसरों की खोज के लिए एक साझा मंच प्रदान करना है। प्रधानाचार्य ने बताया कि इस मेले में कई प्रतिष्ठित कंपनियां जैसे एचपीएल जाबली लिमिटेड कंपनी, सुपरलेटिव इंटरप्राइजेज कंपनी, डिजिटल एजुकेशन एंड टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड, वर्धमान टेक्स्टाइल कंपनी, एलायंस जॉब तथा कई अन्य प्रतिष्ठित कंपनियां ने भाग लिया। ये कंपनियां प्रशिक्षुओं को अप्रेंटिस के रूप में अप्रेंटिसशिप पोर्टल पर पंजीकृत करेंगी, जिससे युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण एवं उद्योग जगत में प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त होगा। प्रधानाचार्य ने कहा कि मेले में 45 उम्मीदवारों ने साक्षात्कार दिया जिसमें 23 उम्मीदवारों को कंपनी द्वारा चयनित किया गया।

### प्लाटों की खुली नीलामी 23 अक्तूबर को

**अनंत ज्ञान, नाहन।** तहसीलदार ददाहु जय सिंह ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय श्री रेणुका जी मेला के लिए मेला मैदान रेणुका जी में दुकानों व वाणिज्यिक कार्य के लिए प्लाटों की खुली नीलामी 23 अक्तूबर को प्रातः 11 बजे मेला मैदान में की जाएगी। उन्होंने बताया कि सफल बोलीदाता को प्लॉट का निर्धारित शुल्क एकमुश्त जमा करवाना होगा।आवंटित दुकानदार को अपना आधार कार्ड/स्थायी पते से संबंधित दस्तावेजों की प्रति मौका पर जमा करवानी होगी

### कॉलेज के स्टूडेंट्स ने निकाली जागरूकता रैली

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** अंतरराष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण दिवस के उपलक्ष्य पर राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ में आपदा प्रबंधन कमेटी व भूगोल विभाग ने संयुक्त रूप से एक जागरूकता रैली का आयोजन किया। इसमें लगभग 250 स्टूडेंट्स ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह रैली कॉलेज से आरंभ होकर कोटली राजगढ़ पहुंचने के उपरांत वापस कॉलेज में संपन्न हुई। जागरूकता रैली का शुभारंभ महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. एसके गांधी ने किया। रैली के दौरान छात्रों ने आम जनमानस को आपदा से बचाव संबंधित जानकारी पंपलेट के माध्यम से वितरित की गई। इस कार्यक्रम में कॉलेज के डॉ. नरेंद्र ठाकुर, प्रो. रमेश चौहान, डॉ. शिवलाल भारद्वाज, डॉ. विपिन ठाकुर, डॉ. पंकज शर्मा, डॉ. अभिषेक कुमार आदि मौजूद रहे।

### बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता को दी दवाइयां

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पंचकूला सेक्टर-11 की रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा हिमाचल में बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए सोलन जिले के डिप्टी कमिश्नर मनमोहन शर्मा को पांच बॉक्स एलोपैथिक की विभिन्न दवाइयों की पेटियां भेंट की गईं। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष एसके सिंगला ने बताया कि यह सहयोग पूरी एसोसिएशन की ओर से दिया जा रहा है। इसमें उपाध्यक्ष योगेश भसीन तथा अन्य सदस्यों ने सहयोग दिया है। सिंगला के अलावा इस अवसर पर कमल अवस्थी भी उपस्थित थे। सिंगला ने कहा कि आगे भी ज़रूरत पड़ने पर हम और सहयोग भी देते रहेंगे।

### लॉरेंस स्कूल ने भारत व प्रदेश में प्राप्त किया प्रथम स्थान

**अनंत ज्ञान, सोलन।** द लॉरेंस स्कूल सनावर को शिक्षा जगत की प्रतिष्ठित संस्था एजुकेशन वर्ल्ड द्वारा घोषित इंडिया स्कूल्स रैंकिंग (ईडब्ल्यूआईएसआर) 2025-26 में विंटेज लेगेसी को-एड बोर्डिंग स्कूल श्रेणी में भारत और हिमाचल दोनों में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। यह रैंकिंग सर्वे विश्व का सबसे बड़ा और विस्तृत स्कूल एसेट सर्वेक्षक है, जो कि जर्नल में स्कूल शिक्षा से जुड़े 8,500 से अधिक विशेषज्ञों व हितधारकों के क्षेत्र के साक्षात्कार पर आधारित है। 14 अक्तूबर को गुड़गांव में भव्य उत्सव का आयोजन किया गया। यह सम्मान स्कूल की ओर से आयोजित किया गया, जिसमें बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के सदस्य व बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के सदस्य दीपक सोंधी व हेडमास्टर मित सिंह ढिल्लों ने ग्रहण किया। यह आयोजन यूनेस्को के-12 शिक्षा क्षेत्र के शीर्ष नेतृत्व का सबसे बड़ा वार्षिक सम्मेलन रहा, जिसे व्यापक रूप से प्रिंट और टेलीविजन मीडिया ने कवर किया।

### विद्यार्थियों ने किया धार्मिक स्थलों का भ्रमण

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला नवगांव के विद्यार्थियों ने विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ विरासते खालसा, आनंदपुर साहिब और श्री नयना देवी जी के लिए शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण कार्यक्रम में भारती एयरटेल फाउंडेशन द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। भ्रमण के दौरान बच्चों ने ऐतिहासिक व धार्मिक स्थलों का अवलोकन किया तथा शिक्षा के साथ सांस्कृतिक धरोहरों की जानकारी भी प्राप्त की। विद्यालय के केंद्र मुख्य शिक्षक राजेश गुप्ता, अध्यापक नरेश कुमार (जेबीटी), रीना शर्मा (जेबीटी), संतोष कुमार तथा विद्यालय प्रबंधन समिति की प्रधान गीता शर्मा सहित समिति के सभी सदस्यों ने भारती एयरटेल फाउंडेशन का आभार जताया।

### कॉलेज परिवार व स्थानीय नागरिकों से दान की अपील

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** दीवाली के पावन अवसर पर राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा 13 से 16 अक्तूबर तक एक विशेष सामाजिक कार्यक्रम दानोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य समाज में मानवता, सेवा भावना और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के अंतर्गत कॉलेज परिवार, विद्यार्थी व स्थानीय नागरिकों से आग्रह किया कि वे जरूरतमंदों की सहायता के लिए अपने सामर्थ्य अनुसार दान करें। दान में मुख्य रूप से पुराने परंतु उपयोगी साफ कपड़े, बिना एक्सपायर हुई दवाइयां, पुरानी पुस्तकें, स्टेशनरी सामग्री व उपयोगी वस्तुएं स्वीकार की जा रही हैं, जो भी व्यक्ति दान करना चाहते हैं, वे 13 से 16 अक्तू बर के बीच कॉलेज परिसर में आकर अपना योगदान दे सकते हैं। एकत्रित की गई सभी वस्तुएं एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा बाद में जरूरतमंदों तक पहुंचाई जाएंगी, ताकि इस दीपोत्सव की खुशी हर घर तक पहुंच सके।

### भाजपा किसान मोर्चा की नई कार्यकारिणी का गठन

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** भाजपा किसान मोर्चा सोलन के जिला अध्यक्ष राकेश गौतम ने नई कार्यकारिणी और पांच मंडलों के अध्यक्षों की घोषणा की, जो तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प जताया। नवनियुक्त उपाध्यक्षों में जगदीश ठाकुर, योगेश शर्मा, पवन शर्मा और विनोद सोनी शामिल हैं। महामंत्री मदन मेहता और ज्ञान ठाकुर हैं। सचिवों में अमर चंद, दाता राम, कर्नल सिंह और राकेश ठाकुर को नियुक्त किया गया है। कोषाध्यक्ष विनोद ठाकुर, प्रवक्ता स्वरूप ठाकुर और राकेश शर्मा, आईटी प्रभारी प्रीतम सिंह, सोशल मीडिया प्रभारी पवन गौतम भी शामिल हैं। किसान मोर्चा मंडल अध्यक्षों में नीलम शर्मा, राजेश ठाकुर, रिम्पू दमन सिंह, विनय अत्री, शेर सिंह सहित अन्य का चयन हुआ है। राकेश गौतम ने कहा कि किसान मोर्चा किसानों की समस्याओं के समाधान और संगठन विस्तार के लिए लगातार कार्य करेगा।

# तीन महीने से नहीं मिला वेतन, क्रस्ना डायग्नोस्टिक लैब के कर्मियों की हड़ताल

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**सोलन।** पिछले तीन महीनों से वेतन नहीं मिलने से सोलन हॉस्पिटल में संचालित क्रस्ना डायग्नोस्टिक लैब के कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार कर हड़ताल शुरू कर दी। इससे हॉस्पिटल में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह प्रभावित हो गई। बताया जा रहा है कि क्रस्ना डायग्नोस्टिक कंपनी को सरकार से तरफ से देय राशि में देरी हो रही है। इससे कर्मचारियों का वेतन लंबित है। कर्मचारियों का कहना है कि उन्होंने कई बार मैनेजमेंट से वेतन की मांग की, लेकिन हर बार आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। हड़ताल की वजह से मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासतौर पर उन मरीजों को, जो दोपहर 12 बजे के बाद जांच के लिए क्रस्ना लैब पर निर्भर रहते हैं। क्योंकि सोलन हॉस्पिटल में सुबह 9:30 से 12 बजे तक केवल सरकारी लैब में जांच होती है, जबकि इसके बाद की सभी जांचें क्रस्ना लैब द्वारा की जाती हैं। क्रस्ना डायग्नोस्टिक लैब को सरकार द्वारा लंबे समय से सोलन हॉस्पिटल में टेस्ट संचालन की अनुमति दी गई है। यहां न केवल सोलन, बल्कि सिरमौर और शिमला जिलों से भी बड़ी संख्या में मरीज जांच के लिए आते हैं। त्योहारी सीजन के चलते स्थिति और भी गंभीर हो गई है, क्योंकि कर्मचारियों के अनुसार बिना वेतन के घर चलाना अब मुश्किल हो गया है। वहीं दूसरी तरफ कई मरीजों को इमरजेंसी में निजी क्लीनिक से ही टेस्ट करवाने पड़े। फिलहाल मैनेजमेंट की ओर से कोई ठोस प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। हड़ताल कब तक जारी रहेगी, इस पर भी स्थिति स्पष्ट नहीं है। मरीजों और उनके परिजनों ने प्रशासन से जल्द समाधान की मांग की है।



क्रस्ना डायग्नोस्टिक लैब में टेस्ट के लिए पहुंचे रोगी।

### लैब रह चुकी है विवादों में

**क्रस्ना** डायग्नोस्टिक लैब ने विवादों में रह चुकी है। इससे पहले भी सैलरी न मिलने के चलते कई बार कर्मचारियों में स्ट्राइक की है। वहीं दूसरी तरफ कुछ महीनो पहले कंपनी ने बिजली का बिल का भुगतान भी नहीं किया था। उस समय भी कई दिनों तक हॉस्पिटल में लैब को बंद ही करना पड़ा था। उस समय स्थिति इतनी ख़राब हो गई थी की मोके पर बिजली का मीटर भी काट दिया था। हैरानी की बात यह है की सोलन हॉस्पिटल प्रदेश स्वास्थ्य मंत्री डॉ कर्नल धनीराम शांडिल का अपना गृह जिला है। ऐसे में यहां व्यवस्था ख़राब होने का सीधा ठीकरा स्वास्थ्य मंत्री पर ही फोड़ा जा रहा है।

**सोलन** हॉस्पिटल के एमएस राकेश पंवर ने बताया कि क्रस्ना डायग्नोस्टिक कंपनी के कर्मचारियों ने अचानक मंगलवार को हड़ताल कर दी है। इससे अब 24 घंटे टेस्ट नहीं हो पाएंगे। इससे स्वास्थ्य सेवाओं पर भी असर पड़ रहा है। कम्पनी मैनेजमेंट से इस विषय में बात की जाएगी।

## प्रमाणित, चिन्हित व सुरक्षित उत्पादों की मांग करें उपभोक्ता : अनुराग

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने देवभूमि हिमाचल के ज़िला सोलन में भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) परवाणू, बद्दी में विश्व मानक दिवस 2025 के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भारत के मानक पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए एक व्यापक पांच सूत्रीय व्यावहारिक एजेंडा प्रस्तुत किया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शून्य दोष, शून्य प्रभाव विनिर्माण उत्कृष्टता प्राप्त करने के प्रति राष्ट्र की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया।

अनुराग ने भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के कार्यक्रम में बोलते हुए पिछले एक दशक में गुणवत्ता मानकों के क्षेत्र में भारत की उल्लेखनीय यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज जब हमारा ध्यान हम वर्ष 2014 में यूपीए सरकार की ओर जाता है तो उस समय केवल 14 गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) जारी किए गए थे, जिनमें 106 उत्पाद शामिल थे। पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार के नीति व नियत की बदौलत आज हमारे पास 187 क्यूसीओ हैं, जिनमें 770 उत्पाद शामिल हैं, जो अनिवार्य बीआईएस प्रमाणन के अधीन हैं।

अनुराग सिंह ठाकुर ने इस बात पर जोर दिया कि यह परिवर्तन घटिया गुणवत्ता को मानक मानने से हटकर उत्कृष्टता की मांग को अधिकार मानने की ओर एक रणनीतिक बदलाव को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि एक समय था जब गुणवत्तापूर्ण उत्पाद बेचने वाले व्यापारी को हमें वह देने के बजाय, जिसके हम हकदार हैं, हमें उपकार करने के रूप में देखा जाता था, लेकिन हमने इसे बदल दिया है। अनुराग सिंह ठाकुर ने मानक उत्कृष्टता के लिए पांच प्रमुख व्यावहारिक एजेंडा वाला एक दूरदर्शी रोडमैप प्रस्तुत किया।



सांसद अनुराग सिंह ठाकुर विश्व मानक दिवस 2025 के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में।

## थाना प्रभारियों को लंबित पड़े मामलों के जल्द निपटारे के निर्देश

**अनंत ज्ञान, सोलन**

जिला स्तरीय अपराध समीक्षा एवं पुलिस जवानों के वेलफेयर के बारे में बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता एसपी सोलन गौरव सिंह ने की।

उक्त बैठक में जिला सोलन के समस्त पर्यवेक्षक अधिकारियों, प्रभारी थाना, प्रभारी चौकी, पुलिस अधीक्षक कार्यालय व पुलिस लाइन के अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया। इस बैठक के दौरान जिला में वर्ष 2025 में घटित/दर्ज आपराधिक मामलों की समीक्षा की गई तथा समस्त पर्यवेक्षक अधिकारियों व थाना प्रभारियों को थाना में लंबित पड़े मामलों का शीघ्र अति शीघ्र निपटारे के निर्देश दिये गये ।इसके ईलावा समस्त पर्यवेक्षक अधिकारीयों, प्रभारी थाना व चौकियों को निर्देश दिये गये कि वे एक वर्ष से अधिक लम्बित चल रहे मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा करके अन्तिम रिपोर्ट माननीय न्यायालय में प्रेषित करें। समस्त प्रभारी थाना/चौकी प्रभारियों को खासकर संगीन अपराधों, मादक पदार्थों व साईबर अपराधों के मामलों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए तथा उक्त मामलों में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध जल्द कार्रवाई करके अंतिम रिपोर्ट संबंधित न्यायालयों में प्रेषित करना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान समस्त पर्यवेक्षक अधिकारियों, प्रभारी थाना/प्रभारी चौकियों को अपने-2 क्षेत्र में रह रहे लोगों, युवाओं व शिक्षण सस्थानों में पढ़ने वाले छात्रों को नशे के दुष्प्रभाव व साईबर ठगी के बारे में जागरूक करने के बारे में निर्देश दिए गए । सभी पर्यवेक्षक अधिकारियों, प्रभारी थाना/प्रभारी चौकियों को आने वाले दिनों में आयोजित/मनाये जाने वाले दीपावली त्योहार व अन्य त्योहारों को देखते हुए अपने अपने क्षेत्रों में कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए कड़ी नजर रखने की निर्देश दिए गए। इसके इलावा जिला सोलन में तैनात समस्त पुलिस कर्मचारियों के वैलफेयर के बारा में भी चर्चा की गई तथा उनकी समस्यों को निपटारा किया गया। इस बैठक के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राज कुमार, उपमण्डल पुलिस अधिकारी परवाणू मेहर पवर भापुसे, उपमंडल पुलिस अधिकारी दाडलाघाट संदीप शर्मा, पुलिस उपअधीक्षक मुख्यालय अनिल धौल्टा, पुलिस उपअधीक्षक लीव रिजर्व सोलन अशोक चौहान व समस्त प्रभारी थानाओं, चौकी प्रभारियों, कार्यालय पुलिस अधीक्षक व पुलिस लाईन सोलन में कार्यरत पुलिस कर्मचारियों ने भाग लिया।



पुलिस जवानों के वेलफेयर के बारे में बैठक की अध्यक्षता करते एसपी सोलन।

## शिमला संसदीय सीट से पूर्व सांसद के बेटे पर रेप का आरोप

**अनंत ज्ञान, सोलन**

हिमाचल प्रदेश की शिमला संसदीय सीट से सांसद रहे वीरेंद्र कश्यप के बड़े बेटे पर शादी का झांसा देकर यौन उत्पीड़न के आरोप लगे हैं।

पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। सोलन के पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह ने इसकी पुष्टि की है। सूचना के अनुसार, पूर्व सांसद के बड़े बेटे बृजेश्वर कश्यप सोलन में अपना डेंटल क्लिनिक चलाते हैं। इनका सिरमौर जिले से संबंध रखने वाली एक युवती के साथ काफी समय से अफेयर चल रहा था। पुलिस को दी शिकायत में पीड़िता ने आरोप लगाया कि बृजेश्वर ने शादी का झांसा देकर यौन शोषण किया, जब पीड़िता ने शादी के लिए बोला, तो वह इसके लिए मुकर गया। इसके बाद पीड़िता ने सोमवार को महिला पुलिस थाना में एफआईआर कराई।

**पीड़िता बोली- शादी का झांसा देकर किया यौन शोषण**

इसके बाद से बृजेश्वर कश्यप पर गिरफ्तारी की तलवार लटक गई। वह अभी फरार हैं। सूचना के अनुसार, बृजेश्वर कश्यप पहले से ही शादी शुदा हैं। उसके तलाक का केस कोर्ट में विचाराधीन है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। वहीं, सोलन पुलिस ने मजिस्ट्रेट के सामने पीड़िता की बयान रिकॉर्ड दर्ज करवा दिए हैं। इस हाईप्रोफाइल केस में सोलन पुलिस ने अपने होठ सिल दिए हैं। पुलिस का कोई भी अधिकारी इस मामले में कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। बता दें कि वीरेंद्र कश्यप भारतीय जनता पार्टी से दो बार शिमला सीट से सांसद रह चुके हैं। रेप के आरोप उनके बड़े बेटे पर लगे हैं।

## निर्वाचन नामावली से संबंधित आपत्ति या आक्षेप 17 तक दें

**अनंत ज्ञान, नाहन।** उपायुक्त सिरमौर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) प्रियंका वर्मा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पंचायती राज संस्थाओं के सामान्य निर्वाचन 2025 के लिए तैयार की जा रही निर्वाचन नामावली के संबंध में यदि कोई आपति या आक्षेप हो तो वह 17 अक्तूबर तक पुनरीक्षण अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी के समक्ष अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पुनरीक्षण अधिकारी द्वारा दिये गए निर्णय के संबंध में यदि किसी मतदाता को आपत्ति हो तो वह 7 दिनों की अवधि के भीतर अपीलीय प्राधिकारी, उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) को अपील दायर कर सकता है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन नामावली का अंतिम प्रकाशन 13 नवंबर, 2025 को किया जाएगा।

## भाजपा के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों का हरिपुरधार में हुआ गर्मजोशी से स्वागत

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**



हरिपुरधार में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सिरमौर जिला और संगड़ाह मंडल के नवमनोनीत पदाधिकारियों का गर्मजोशी से स्वागत किया।

फूल-मालाओं और नारों के साथ किए गए इस स्वागत समारोह में कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। जिला ओबीसी मोर्चा के नवमनोनीत उपाध्यक्ष कंठीराम शर्मा, हाल ही में शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त हुए हैं। उन्हें पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर द्वारा नौहराधार में आयोजित समारोह के दौरान पार्टी सदस्यता दिलाई गई थी। हरिपुरधार के युवा कार्यकर्ता दिनेश ठाकुर को जिला किसान मोर्चा का सचिव नियुक्त किया गया है। वे पूर्व में जिला कार्यकारिणी के सदस्य भी रह चुके हैं। चंद्रसेन शर्मा, जो कि हिमाचल प्रदेश उद्यान विभाग से सेवानिवृत्त सहायक उद्यान विकास अधिकारी हैं, उनको संगड़ाह मंडल ओबीसी मोर्चा का अध्यक्ष बनाया गया है। वर्तमान में वे एक बूथ अध्यक्ष के रूप में भी कार्यरत हैं।

वहीं, मदन राणा, जो कि ग्राम पंचायत टिकरी डसाकना के वर्तमान प्रधान हैं, को संगड़ाह मंडल अनुसूचित जनजाति मोर्चा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इन सभी नवमनोनीत पदाधिकारियों का संबंध हरिपुरधार क्षेत्र से है, जिस कारण स्थानीय कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखा गया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बलबीर ठाकुर, जिला भाजपा महासचिव रणवीर ठाकुर, मंडल महासचिव सुंदर शर्मा, सहित अनेक वरिष्ठ एवं युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 17 अक्तूबर तक होगा प्रशिक्षण जागरूकता कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला रेडक्रॉस समिति सोलन की ओर से जिले में प्रशिक्षण जागरूकता सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। यह पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 17 अक्तूबर तक आयोजित किया जाएगा। इसी कड़ी में आज जन शिक्षण संस्थान सोलन में सीपीआर प्रशिक्षण जागरूकता कार्यक्रम आरंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षण संस्थान की संयोजक दीपिका शर्मा ने की। उन्होंने कहा कि सीपीआर की उचित जानकारी व्यक्ति के अमूल्य जीवन को बचाने में अहम भूमिका निभाती है। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को सीपीआर से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला सोलन रेडक्रॉस के उपसंरक्षक डॉ. लेख राज कौशिक, सदस्य सुनीता ओबरॉय, शशिकांत व 38 युवाओं ने भाग लिया।

## प्राकृतिक खेती व नवाचारों का किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, सोलन**

किन्नौर की ठंडी मरुस्थलीय हंगरंग घाटी के मल्लिंग क्षेत्र में समुद्र तल से 3,556 मीटर की ऊंचाई पर स्थित हाई ऐल्टिट्यूड प्रदर्शन बगीचे में 'सेब दिवस 2.0' का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) किन्नौर और क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र, शार्बो द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया।

इस अवसर पर उच्च घनत्व सेब रोपण प्रणाली और प्राकृतिक खेती की उन्नत तकनीकों का प्रदर्शन किया गया, जो शुष्क समशीतोष्ण जलवायु के लिए उपयुक्त हैं। वर्ष 2021 में जनजातीय उप-योजना परियोजना के अंतर्गत स्थापित इस मॉडल बगीचे में सुपर चीफ, स्कारलेट स्पर, रेड वेलोक्स, ऑर्गन स्पर और गाला वैल जैसी दस प्रीमियम सेब किस्में सीडि्लंग रूटस्टॉक पर उगाई गई हैं।

कार्यक्रम का उद्घाटन पूह खंड की बीडीसी सदस्य पद्मा दोर्जे ने किया। 100 से अधिक प्रतिभागियों ने इसमें भाग लिया, जिनमें किसान, पंचायत प्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी एवं बीएससी (औद्यानिकी) के छात्र शामिल थे। कार्यक्रम संयोजक डॉ. अरुण ने स्थानीय नवाचारों को साझा किया। केवीके प्रमुख डॉ. प्रमोद शर्मा ने प्रकृति-आधारित समाधान, फसल विविधीकरण और दीर्घकालिक कृषि स्थिरता पर बल दिया। विषय विशेषज्ञ देव राज कैथ ने किसानों को सरकारी योजनाओं और जैविक कीट प्रबंधन तकनीकों की जानकारी दी। आत्मा परियोजना से जय कुमार ने बताया कि पूह खंड के 99 किसानों सहित 1,000 से अधिक किसान प्राकृतिक खेती क्लस्टर से जुड़े हैं। विशेषज्ञों ने स्ट्रॉबेरी जैसी उच्च मूल्य वाली फसलें अपनाने व सतारा प्रमाणन प्रणाली के माध्यम से विपणन की सलाह दी। कार्यक्रम में प्रगतिशील किसानों ने भी अपनी सफलता की कहानियां साझा कीं। सभी प्रतिभागियों को जलवायु-संवेदनशील व पर्यावरण-मित्र बागवानी अपनाने का आह्वान किया गया।




किन्नौर में 12,000 फुट की ऊंचाई पर उच्च घनत्व बागवानी का सफल प्रशिक्षण।

**आयोजन** 1 से 20 नवंबर तक चलेगा महा गृह संपर्क अभियान, दिसंबर में विराट हिंदू सम्मेलन

# संघ की 100 वर्षों की प्रेरणादायक यात्रा साझा की

**अनंत ज्ञान, सोलन**

देशभर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, सुबाथू खंड द्वारा ठाकुर द्वारा मंदिर प्रांगण में शताब्दी वर्ष समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैप्टन (सेवानिवृत्त) राकेश कुमार रहे। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ने का संदेश दिया। मुख्य वक्ता राजेंद्र कुमार, जो हिमाचल प्रांत के सह-सेवा प्रमुख हैं, ने संघ की 100 वर्षों की यात्रा पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि संघ इस वर्ष कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य तथा स्वत्व के भाव जैसे पाँच प्रमुख क्षेत्रों में समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ त्याग, समर्पण और सेवा के लिए समर्पित है, और संघ का उद्देश्य व्यक्ति निर्माण के माध्यम से राष्ट्र को परम वैभव की ओर ले जाना है। मुख्य वक्ता ने जानकारी दी कि आगामी 1 नवंबर से 20 नवंबर तक एक महा गृह संपर्क अभियान देशभर में चलाया जाएगा, जिसके अंतर्गत संघ की टोलियाँ हर घर तक पहुँचेंगी। इसके साथ ही दिसंबर माह में हर मंडल स्तर पर विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में सुबाथू बाजार में एक भव्य पथ संचलन निकाला गया, जिसमें 110 स्वयंसेवकों ने सहभागिता की। शहर में पहली बार निकाले गए इस पथ संचलन के दौरान जगह-जगह महिलाओं द्वारा पुष्प वर्षा की गई। खंड कार्यवाह जय किशन ने बताया कि यह सुबाथू नगर में आयोजित पहला पथ संचलन था, जिसमें स्वयंसेवकों ने गणवेश पहनकर उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने सफल आयोजन के लिए व्यापार मंडल सुबाथू एवं श्री कृष्ण मंदिर कमेटी का आभार व्यक्त किया।



सुबाथू खंड द्वारा ठाकुर द्वारा मंदिर प्रांगण में शताब्दी वर्ष समारोह का आयोजन किया।

## देशभक्ति व अनुशासन का दिया परिचय

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष एवं विजयदशमी के पावन अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दाड़लाघाट नगर द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता अशोक कपिल, सह प्रांत व्यवस्था प्रमुख, एवं मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य डीएवी अंबुजा विद्या निकेतन नसीम ठाकुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नगर संघ चालक रामचंद्र ने किया। कार्यक्रम के दौरान संघ के स्वयंसेवकों द्वारा शस्त्र पूजन संपन्न किया गया, जिसके पश्चात पूर्ण गणवेश में पथ संचलन निकाला गया। यह संचलन सरस्वती विद्या मंदिर पाठशाला के खेल प्रांगण से प्रारंभ होकर दाड़लाघाट बाजार से होते हुए आईटीआई परिसर तक संपन्न हुआ। स्वयंसेवकों ने अनुशासन व देशभक्ति का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए कदम से कदम मिलाकर पथ संचलन किया। इसमें नगर के गणमान्य व्यक्ति एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## भाजपा कमलम् कार्यालय में जुटे कार्यकर्ता आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को दोहराया

**अनंत ज्ञान, सोलन**



भाजपा सोलन ग्रामीण मंडल द्वारा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत भाजपा कार्यालय कमलम् में एक कार्यशाला का आयोजन मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत शर्मा की अध्यक्षता में किया गया।

इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. डेजी ठाकुर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। डॉ. ठाकुर ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में आगे बढ़ने का सबसे प्रभावी मार्ग स्वदेशी वस्तुओं का अधिक से अधिक उपयोग है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अपने दैनिक जीवन में भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता दें और स्वदेशी उद्योगों को सशक्त बनाने में योगदान दें। कार्यक्रम का संयोजन भाजपा जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र शर्मा द्वारा किया गया तथा मंच संचालन मंडल महामंत्री विजय ठाकुर ने किया। मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं को स्वदेशी अपनाने और भारतीय उत्पादों के उपयोग की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में संगठन मंत्री (शिमला संसदीय क्षेत्र) अक्षय भरमौरी उपस्थित रहे। धन्यवाद प्रस्ताव मंडल उपाध्यक्ष दुर्गा दत्त द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर कई प्रमुख भाजपा एवं भाजयुमो पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें पूर्व प्रत्याशी शीला, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अरुष गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष लक्ष्मी ठाकुर, आईटी संयोजक अनिल कुमार, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर, मंडल उपाध्यक्ष रीता कश्यप, प्रवक्ता सुनील ठाकुर, भाजयुमो जिलाध्यक्ष भूपेंद्र ठाकुर (सनी), प्रदेश प्रवक्ता रोहित भारद्वाज, सोशल मीडिया संयोजक कुलदीप मेहता समेत कई अन्य कार्यकर्ता शामिल थे। कार्यक्रम में लगभग 220 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और एक स्वर में आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को दोहराते हुए भारतीय उत्पादों को अपनाने की प्रतिज्ञा ली।




## न्यूज ब्रीफ

### किसना डायमंड का करनाल में हुआ भव्य शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, करनाल।** किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने हरियाणा के करनाल में कुंजपुरा रोड स्थित अपने छठे एक्सक्लूसिव शोरूम का भव्य उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में हरि कृष्ण ग्रुप के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक घनश्याम ढोलकिया भी उपस्थित थे। त्योहारों के इस मौसम का जश्न मनाने के लिए, किसना हीरे के आभूषणों के मेकिंग चार्ज पर 75 फीसदी तक और सोने के आभूषणों के मेकिंग चार्ज पर 25 फीसदी तक की छूट दे रहा है। साथ ही, आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट और डेबिट कार्ड पर 5 फीसदी की अतिरिक्त तत्काल छूट भी दे रहा है। किसना एक विशेष शॉप एंड विन अभियान भी चला रहा है, जिसके तहत उपभोक्ताओं को हीरे और सोने के आभूषणों की खरीद पर 1000 से ज्यादा स्कूटर और 200 से ज्यादा कारें जीतने का मौका मिलेगा। हरि कृष्ण ग्रुप के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक घनश्याम ढोलकिया ने कहा हरियाणा हमेशा से गौरव और समृद्धि की भूमि रहा है, और त्योहारों के मौसम में इस शोरूम का शुभारंभ उत्सवों की खुशी को और बढ़ा देता है।

### ब्रह्माकुमारीज के भवन का उद्घाटन समारोह आज

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** ब्रह्माकुमारीज के नव-निर्मित ग्लोबल डिवाइन लाइट हाउस का भव्य उद्घाटन समारोह 15 अक्तूबर को सुबह 10 बजे, सेक्टर 27-बी, चंडीगढ़ के राम लीला ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। राजयोगिनी बीके चक्रधारी दीदी अध्यक्ष, महिला प्रभाग, ब्रह्माकुमारीज विशेष दिल्ली जोन के कर-कमलों द्वारा इसका उद्घाटन होगा। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज पंजाब जोन की निदेशिकाएं बीके प्रेमलता दीदी और बीके उत्तरा दीदी अपना आशीर्वाद प्रदान करेंगी। बीके मनोरमा दीदी, अध्यक्ष, धार्मिक विंग प्रयागराज, बीके रामनाथ भाई राष्ट्रीय समन्वयक, धार्मिक विंग, माउंट आबू और बीके डॉ. शांतनु भाई राष्ट्रीय मीडिया समन्वयक, माउंट आबू भी सभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर हरियाणा विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता, संजय टंडन, सदस्य, भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी और सह-प्रभारी, भाजपा हिमाचल प्रदेश समेत कई प्रतिष्ठित हस्तियां मौजूद रहेंगी। पंजाब जोन के जोनल मीडिया विंग समन्वयक बीके करम चंद ने जानकारी देते हुए बताया कि इस पुण्य अवसर पर विभिन्न धर्मों के गुरु व संत भी इस शुभ समारोह की शोभा बढ़ाएंगे।

# हरियाणा सरकार आरोपी अफसरों को अरेस्ट करे दिवंगत आईपीएस का अपमान न करे: राहुल

## कहा, आईपीएस के परिवार पर प्रेशर डालने की कोशिश की जा रही, हरियाणा सरकार तमाशा बंद करे

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



हरियाणा के आईपीएस वाई पूरन कुमार के सुसाइड मामले को 7 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक शव का पोस्टमार्टम नहीं हो पाया है। मंगलवार सुबह कांग्रेस नेता राहुल गांधी आईपीएस के परिवार से मिलने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवार के लिए न्याय की मांग की और कहा कि हरियाणा सरकार तमाशा बंद करे।

राहुल गांधी ने कहा कि आईपीएस के परिवार पर प्रेशर डालने की कोशिश की जा रही है। यह सही नहीं है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार आरोपी अफसरों को अरेस्ट करे और दिवंगत आईपीएस का अपमान न करे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी एक्शन लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने आईपीएस वाई पूरन के परिवार को पर्सनली कमिटमेंट दिया है कि वह मामले में निष्पक्ष जांच करवाएंगे और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, लेकिन अफसोस की बात है कि ऐसा होता हुआ नहीं दिख रहा है। उन्होंने कहा कि सीएम ने 3 दिन पहले परिवार से वादा किया था, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। राहुल गांधी ने कहा कि आईपीएस की 2 बेटियां हैं। उन्होंने अपने पापा को खोया है। ऐसे में वे भारी दबाव और तनाव से गुजर रही हैं। ये दलित हैं। ऐसे में यह बिल्कुल स्पष्ट है कि 10-15 दिन से नहीं, बल्कि सालों से सिस्टमैटिक ढंग से भेदभाव हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि आईपीएस वाई पूरन को डिमोरलाइज करने के लिए, करियर और प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के लिए दूसरे अफसर सिस्टमैटिक ढंग से काम कर रहे थे। यह सिर्फ एक परिवार का मामला नहीं है। देश में करोड़ों दलित भाई-बहन हैं। उनको गलत मैसेज जा रहा है। उन्हें मैसेज जा रहा है कि आप कितने भी सक्सेसफुल हों, कितने भी इंटेलिजेंट हों, कितने भी सक्षम हों, अगर आप दलित हो तो आपको दबाया, कुचला और फेंका जा सकता है। लेकिन यह हमें स्वीकार नहीं है। राहुल गांधी ने कहा कि परिवार का संदेश साफ है कि आप हमें सम्मान दीजिए। शव का अपमान मत कीजिए। पहले तो उनका करियर खत्म किया और अब मरने के बाद भी अपमान कर रहे हैं। यह देश के हर दलित भाई-बहन का अपमान है।

### ओमप्रकाश को डीजीपी का अतिरिक्त प्रभार

**एडीजीपी** वाई पूरण कुमार की आत्महत्या मामले में हरियाणा सरकार ने सोमवार देर रात डीजीपी शत्रुजीत कपूर को लंबी छुट्टी पर भेज दिया। वहीं, मंगलवार को ओमप्रकाश सिंह को नया कार्यकारी डीजीपी नियुक्त किया गया। उन्होंने अपना कार्यभार संभाल लिया है।

# मुख्य सचिव ने परियोजनाओं के समय पर क्रियान्वयन के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



चंडीगढ़ के मुख्य सचिव, एच राजेश प्रसाद, आईएएस ने सड़कों, सरकारी और संस्थागत भवनों से संबंधित महत्वपूर्ण निर्माण और रखरखाव परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए इंजीनियरिंग विभाग की एक बैठक की अध्यक्षता की।

मुख्य सचिव ने शहर के बुनियादी ढाँचे को उसकी बढ़ती प्रशासनिक और नागरिक आवश्यकताओं के अनुरूप बनाए रखने के लिए नवीनीकरण, क्षमता और जवाबदेही की आवश्यकता पर बल दिया। तकनीकी कर्मचारियों की स्वीकृत संख्या, रिक्त पदों और रिक्त पदों को भरने के लिए किए जा रहे प्रयासों के संबंध में एक व्यापक प्रस्तुति दी गई। मुख्य सचिव ने कार्यों के निष्पादन में कार्य कुशलता लाने के लिए, विशेष रूप से तकनीकी संवर्ग में, रिक्त पदों को शीघ्र भरने के निर्देश दिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इंजीनियरिंग विभाग शहर के बुनियादी ढाँचे की योजना, विकास और रखरखाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और परियोजनाओं का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। मुख्य सचिव ने विभाग को परियोजनाओं के निष्पादन में आने वाली बाधाओं की बारीकी से निगरानी करने और उनकी पहचान करने तथा जहां अंतर-विभागीय मुद्दे शामिल हैं, वहां अन्य विभागों के परामर्श से उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि वित्तीय शक्तियों के संशोधित प्रत्यायोजन के मद्देनजर, जिन नए प्रस्तावों/योजनाओं के लिए गृह मंत्रालय की स्वीकृति आवश्यक है, उन्हें सहमति के लिए शीघ्रता से मंत्रालय को प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने विभाग को परियोजनाओं के क्रियान्वयन में समय-सीमा का पालन सुनिश्चित करने और वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आवंटित बजट का उपयोग करने का भी निर्देश दिया।

# वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर राष्ट्रव्यापी एकता मार्च की घोषणा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



राज्यसभा सांसद सतनाम सिंह संधू, चंडीगढ़ की मेयर हरप्रीत कौर बबला, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा तथा प्रदेश महामंत्री संजीत राणा ने आज चंडीगढ़ प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारत सरकार की ऐतिहासिक पहल सरदार@150 की घोषणा की, जो भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को समर्पित है।

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ने माय भारत के माध्यम से विकसित भारत पदयात्रा अभियान की शुरुआत की है। इस राष्ट्र निर्माण पहल का उद्देश्य युवाओं में नागरिक सहभागिता को गहरा करना, राष्ट्रीय गौरव की भावना को प्रबल करना और देश की एकता के प्रति समर्पण को सशक्त बनाना है। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन भागीदारी से राष्ट्र निर्माण के विह्लन से प्रेरित है। मीडिया से बातचीत में सतनाम सिंह संधू ने कहा इस पहल के अंतर्गत भारत सरकार ने Sardar@vz® Unity March की शुरुआत की है, जिसे माय भारत द्वारा संचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य सरदार पटेल के देश की एकता में अद्वितीय योगदान को नमन करना है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा ने बताया कि चंडीगढ़ इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेगा।

# स्वर्ण मंदिर में हीरो मोटोकॉर्प ने नई डेस्टिनी 110 भेंट की

**अनंत ज्ञान, अमृतसर।** हीरो मोटोकॉर्प ने अपनी परंपरा को निभाते हुए अमृतसर स्थित श्री हरमंदिर साहिब (स्वर्ण मंदिर) में अपनी नई हीरो डेस्टिनी 110 स्कूटर की विशेष भेंट की। कंपनी का यह कार्यक्रम श्रद्धा व कृतज्ञता से भरा रहा। अधिकारियों ने स्वर्ण मंदिर में अरदास कर नई डेस्टिनी 110 की सफलता और ग्राहकों की सुरक्षित यात्रा के लिए आशीर्वाद मांगा। हीरो मोटोकॉर्प, जो दुनिया की सबसे बड़ी मोटरसाइकिल और स्कूटर निर्माता कंपनी है, हर नए मॉडल की शुरुआत किसी पवित्र स्थल से करने की परंपरा निभाती रही है। इस अवसर पर कंपनी के एरिया मैनेजर श्री नितिन पराशर (चंडीगढ़ कार्यालय) और उनकी टीम उपस्थित रही।

# वन्यजीव सप्ताह, पर्यावरण संरक्षण की ओर एक रचनात्मक पहल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग और ईको-क्लब परिवेश ने एमसीएम विज्ञान मंच के तत्वावधान में, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा अक्षय ऊर्जा विभाग, चंडीगढ़ प्रशासन के सहयोग से दो दिवसीय वन्यजीव सप्ताह समारोह 2025 का आयोजन किया।

इस अवसर पर विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी रचनात्मकता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और पर्यावरणीय चेतना का प्रदर्शन किया। वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन आवर रिस्पॉन्सिबिलिटी विषय पर लघु वीडियो प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने प्रभावशाली वीडियो प्रस्तुत किए। माइक्रो मीट्स मैक्रो वाइल्डलाइफ थ्रू ऑल लेंसिस फोटोग्राफी प्रतियोगिता में कॉलेज परिसर की जैव-विविधता को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। कीप द वाइल्ड अलाइव विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता में विचारोत्तेजक चित्रों ने वन्यजीव संरक्षण का संदेश दिया, वहीं एनिमल पेबल पेंटिंग और क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने प्राकृतिक प्रेरणा से सुंदर कलकृतियां प्रस्तुत कीं। लिविंग विद द वाइल्ड विषय पर आयोजित क्विज़ प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने पर्यावरणीय ज्ञान का परिचय दिया। एंडेंजर्ड स्पीशीज ए कॉल फॉर एक्शन विषय पर पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन में संकटग्रस्त प्रजातियों के संरक्षण की तात्कालिकता को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया।

# अवैध हथियार तस्करी गिरोह का भंडाफोड़

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने मंगलवार को अमृतसर निवासी एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर अवैध हथियार तस्करी के एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने आरोपी अमरबीर सिंह के पास से छह पिस्तौल, 11 मैगजीन और 111 कारतूस बरामद किए। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने 'एक्स' पर कहा, एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने एक अवैध हथियार तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है और अमरबीर सिंह उर्फ अमर, निवासी डेरीवाल, थाना तरसिक्का, अमृतसर को गिरफ्तार किया है तथा उसके कब्जे से छह पिस्तौल, 11 मैगजीन, 91 कारतूस और नौ एमएम के 20 कारतूस बरामद किए हैं। डीजीपी ने कहा कि एक प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और अन्य गुर्गों की पहचान करने तथा पूरे सीमा पार तस्करी नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए जांच जारी है।

## देश-विदेश

# गाजा में संघर्ष विराम लागू, दो साल की जंग में 67,869 फिलिस्तीनियों की मौत

**एजेंसी, गाजा**

**इसराइल** और हमास के बीच दो साल से जारी युद्ध समाप्ति की राह पर चल चुका है। इसरायल और हमास ने बंधकों तथा कैदियों को रिहा कर गाजा युद्धविराम समझौते के पहले महत्वपूर्ण चरण को आगे बढ़ाया, जिसने उम्मीद जगाई है कि अमेरिका की मध्यस्थता से हुआ यह समझौता शायद दो साल से जारी उस युद्ध को स्थायी रूप से समाप्त कर सके, जिसने गाजा को मलबे के ढेर में तब्दील कर दिया है।

हालांकि, हमास के निरस्त्रीकरण, गाजा के शासन और फलस्तीन को राष्ट्र के रूप में मान्यता देने जैसे जटिल मुद्दे अब भी अनसुलझे हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि यह समझौता फिलहाल केवल युद्ध को रोकने का अस्थायी उपाय है। दो साल की जंग में 67,869 फिलिस्तीनियों की मौत हुई है। इस युद्ध की शुरुआत सात अक्तूबर 2023 को हमास के हमले से हुई थी, जिसमें 1,200 लोग मारे गए और हमास ने 251 इसराइली लोगों को बंधक बना लिया गया। दो साल तक हमास की कैद में रहे बंधकों की रिहाई पर पूरे इसराइल में जश्न मनाया गया. वहीं, इजरायल ने लगभग 1,900 फलस्तीनी कैदियों को छोड़ा, जिनमें से 250 उम्रकैद की सजा काट रहे थे। मिस्र में आयोजित सम्मेलन में ट्रंप, मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी और अन्य देशों के नेताओं ने गाजा के भविष्य पर चर्चा की। (अनंत ज्ञान)

# स्पेसएक्स के स्टारशिप की सफल लॉन्चिंग

**एजेंसी, टेक्सास।** दुनिया के सबसे ताकतवर रॉकेट में से एक माने जाने वाले स्पेसएक्स के स्टारशिप का 11वां टेस्ट सफल रहा। इसे मंगलवार को सुबह 5.00 बजे टेक्सास के बोका चिका से लॉन्च किया गया। यह टेस्ट 1 घंटे और 6 मिनट का था, जिसमें सुपर हैवी बूस्टर की अमेरिका की खाड़ी में वॉटर लैंडिंग कराई गई. इसका वीडियो भी सामने आया है।

इस टेस्ट का मकसद भविष्य में रॉकेट को उड़ान भरने वाली जगह पर वापस लाना था। दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स पहले भी कई टेस्ट कर चुकी है। इसका 10वां टेस्ट 27 अगस्त को किया गया था. यह टेस्ट भी कामयाब रहा था। (अनंत ज्ञान)

# बिहार चुनाव: एनडीए में सीट बंटवारे पर नीतीश नाराज, कांग्रेस-आरजेडी में भी खींचतान जारी

**एजेंसी, पटना**

बिहार सीएम हाउस के बाहर मंगलवार को जदयू विधायक गोपाल मंडल धरने पर बैठ गए। चर्चा है कि पार्टी ने उनका टिकट काट दिया है। बिहार में विधानसभा चुनाव का ऐलान हुए 8 दिन हो गए हैं, लेकिन एनडीए और विपक्षी महागठबंधन में सीटों का बंटवारा नहीं हो पाया है।

सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 9 सीटों के बंटवारे से नाराज बताए जा रहे हैं। इससे प्रत्याशियों का ऐलान नहीं हो पा है। जेडीयू ने इन सीटों को लेकर भाजपा से फिर विचार करने की मांग की है। उधर, महागठबंधन में भी मामला फंसा है। सोमवार को लालू यादव ने आरजेडी कैंडिडेट्स को सिंबल दे दिया था, लेकिन महागठबंधन में दरार की खबर के बीच देर रात कई कैंडिडेट्स से सिंबल वापस ले लिया गया है। बताया जा रहा है कि तेजस्वी की आपत्ति के बाद यह फैसला लिया गया। बिहार विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान 6 अक्तूबर को हुआ था। राज्य की 243 विधानसभा सीटों पर 2 फेज में वोटिंग होगी। मतदान 6 और 11 नवंबर को होंगे और नतीजे 14 नवंबर को आएंगे। पहले फेज में पटना समेत बिहार की 121 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। दूसरे चरण में बॉर्डर से सटे 122 विधानसभा सीटों पर वोटिंग होगी। चुनाव के ऐलान से काउंटिंग तक की प्रक्रिया 40 दिन चलेगी। इस विधानसभा चुनाव में करीब 7.42 करोड़ वोटर हैं। इनमें 14 लाख नए वोटर्स हैं। (अनंत ज्ञान)

# मुख्य निर्वाचन आयुक्त कानून पर सुनवाई टली

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त अधिनियम 2023 के खिलाफ याचिकाओं की सुनवाई 11 नवंबर तक टाल दी है। यह कानून मुख्य न्यायाधीश को चयन समिति से बाहर करता है। जस्टिस सूर्यकांत और ज्योमल्या बागची की बेंच सोमवार को समय की कमी चलते सुनवाई नहीं कर सकी। वकील प्राशांत भूषण ने 3-4 घंटे देने की मांग की, जिसमें याचिकाकर्ता 2 घंटे में अपनी बात पूरी करेंगे। जस्टिस कांत ने कहा कि 11 नवंबर सुबह केस को लिस्ट करें जिससे गैर-जरूरी मामले टाले जा सकें। मार्च 2023 ने सुप्रीम कोर्ट ने एक फैसले में कहा था कि निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और मुख्य न्यायाधीश की समिति से हो। लेकिन दिसंबर 2023 में संसद ने नया कानून बनाया, जिसमें मुख्य न्यायाधीश को हटा दिया गया था। (अनंत ज्ञान)

# छत्तीसगढ़ के बीजापुर में 5 आईईडी बरामद

**एजेंसी, बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में सुरक्षाबलों के जवानों ने मंगलवार को नक्सलियों के छिपाकर रखी गई बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की है। इतना ही नहीं सर्चिंग के दौरान नक्सलियों द्वारा सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के लिए लगाए गए 5 प्रेशर आईईडी भी बरामद किए गए। बीजापुर के एसपी जितेंद्र यादव ने इसकी पुष्टि की है। एसपी ने बताया कि सुरक्षाबलों की सतर्कता और सूझ-बूझ से नक्सलियों की एक बड़ी साजिश को समय रहते विफल कर दिया। बरामद सामग्री से साफ जाहिर होता है कि नक्सली सुरक्षाबलों को गंभीर क्षति पहुंचाने की योजना बना रहे थे। हालांकि, सुरक्षाबलों की त्वरित कार्रवाई ने उनके नापाक मंसूबों पर पानी फेर दिया। (अनंत ज्ञान)

# रॉकेट स्टारशिप का 11वां टेस्ट कामयाब

**एजेंसी, टेक्सास।** दुनिया के सबसे ताकतवर रॉकेट स्टारशिप का 11वां टेस्ट कामयाब रहा। इसे मंगलवार को सुबह 5:00 बजे टेक्सास के बोका चिका से लॉन्च किया गया। ये टेस्ट 1 घंटे 6 मिनट का था, जिसमें सुपर हैवी बूस्टर की अमेरिका की खाड़ी में वॉटर लैंडिंग कराई गई। वहीं, स्टारशिप की हिंद महासागर में वॉटर लैंडिंग कराई गई। इस फ्लाइट का मकसद भविष्य में रॉकेट को उड़ान भरने वाली जगह पर वापस लाने से जुड़े टेस्ट करना था। (अनंत ज्ञान)

# हांगकांग जा रही फ्लाइट में आई खराबी

**एजेंसी, अहमदाबाद।** कतर एयरवेज की दोहा से हांगकांग जा रही फ्लाइट को तकनीकी समस्या के कारण अहमदाबाद एयरपोर्ट पर लैंड करना पड़ा। विमान दोपहर करीब 2:30 बजे हुई। सभी यात्री सुरक्षित हैं। कंपनी ने बताया कि सावधानी के तौर पर इमरजेंसी लैंडिंग की गई। विमान की जांच की जा रही है। यात्रियों को दूसरी फ्लाइट से भेजने की व्यवस्था हो रही है। विमान में 300 यात्री सवार थे। (अनंत ज्ञान)

# भाजपा की 71 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी, दो उपमुख्यमंत्रियों, छह मंत्रियों के नाम

**एजेंसी, पटना।** भाजपा ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार को अपने 71 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की, जिसमें 13 मंत्रियों और नौ महिलाओं के नाम शामिल हैं, जबकि विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव का टिकट काट दिया गया है। भाजपा नवंबर में होने वाला विधानसभा चुनाव राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के तहत लड़ रही है। वह 243 विधानसभा सीट में से 101 पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। शेष सीटें गठबंधन सहयोगियों के हिस्से में गई हैं जिनमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जनता दल (यू) भी शामिल है। भाजपा की पहली लिस्ट में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को तारापुर और पूर्व उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा को लखीसराय से प्रत्याशी बनाया गया है। वहीं, विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव का टिकट काट दिया गया है। यादव सात बार पटना साहिब से विधायक रह चुके हैं। पार्टी ने उनकी जगह उच्च न्यायालय के वकील और भाजपा नेता रत्नेश कुशवाहा को उम्मीदवार बनाया है। विधानसभा अध्यक्ष यादव ने टिकट कटने पर कहा, मैं भाजपा के निर्णय के साथ हूं। पार्टी ने मुझे बहुत कुछ दिया है। मुझे कोई शिकायत नहीं है।

# अयोध्या में बनेगा एनएसजी का नया हब, आतंकवादियों को पाताल तक ढूंढ निकालेगी भारत की सुरक्षा एजेंसियां: शाह

**एजेंसी, मानेसर**

**केंद्रीय** गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को घोषणा की कि अयोध्या में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) का एक नया हब स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों में स्थापित किए जा रहे एनएसजी के हब किसी भी आपात स्थिति में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

अमित शाह हरियाणा के मानेसर में एनएसजी के 41वें स्थापना दिवस समारोह और स्पेशल ऑपरेशंस ट्रेनिंग सेंटर (एसओटीसी) के भूमि पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनएसजी के कार्य में बड़े बदलाव किए जा रहे हैं। अब तक एनएसजी के छह हब- मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, हैदराबाद, अहमदाबाद और जम्मू में स्थापित हो चुके हैं। इनके साथ अब अयोध्या में भी एक नया हब बनाया जाएगा। इन छह जोनों में एनएसजी कमांडो 24 घंटे और 365 दिन तैनात रहेंगे, ताकि किसी भी आकस्मिक आतंकी हमले की स्थिति में तुरंत प्रतिक्रिया दी जा सके। हर जोन के लिए एक विशेष कंपोजिट ग्रुप बनाया गया है जो अपने क्षेत्र में आने वाले किसी भी खतरे का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम रहेगा। गृह मंत्री ने बताया कि एनएसजी का मुख्यालय हरियाणा की 'वीर भूमि' मानेसर में स्थित है। यहां न केवल एनएसजी बल्कि देशभर के राज्यों की आतंक विरोधी इकाइयों के प्रशिक्षण की भी व्यवस्था की जा रही है। एनएसजी का यह नया ट्रेनिंग सेंटर आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा, जहां अत्याधुनिक युद्ध कौशल और विशेष ऑपरेशंस की ट्रेनिंग दी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# मेडागास्कर में तख्तापलट की कोशिश, राष्ट्रपति देश छोड़कर भागे

**एजेंसी, मेडागास्कर।** हिंद महासागर में अफ्रीका के पूर्वी तट पर स्थित द्वीपीय देश मेडागास्कर में हफ्ते तक चले युवाओं के उग्र विरोध-प्रदर्शन के बाद वहां के राष्ट्रपति आंद्रे राजोएलिना देश छोड़कर भाग खड़े हुए हैं।

राजोएलिना ने एक दिन पहले ही रविवार को दावा किया था कि सेना की मदद से देश में तख्तापलट की कोशिशें हो रही हैं। जेन-ं के ताजा विद्रोह और सत्ता में शीर्ष पद पर बैठे अधिकारी द्वारा पद छोड़ने का यह नवीनतम उदाहरण है। संसद में विपक्ष के नेता, सितेनी रैंड्रियानासोलोनियाइको ने रॉयटर्स को बताया कि राष्ट्रपति एंड्री राजोइलिना रविवार को मेडागास्कर छोड़कर चले गए, जब सेना की कुछ टुकड़ियां प्रदर्शनकारियों में शामिल हो गईं। हमने राष्ट्रपति कार्यालय के कर्मचारियों से बात की और उन्होंने पुष्टि की कि वह देश छोड़कर चले गए हैं। (अनंत ज्ञान)

# सितंबर में थोक महंगाई घटकर 0.13% पर आई

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**खाद्य** पदार्थों, ईंधन एवं विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में नरमी के बीच सितंबर में थोक मुद्रास्फीति घटकर 0.13 प्रतिशत रह गई। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी दी गई। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति पिछले साल अगस्त में 0.52 प्रतिशत और सितंबर में 1.91 प्रतिशत थी। आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की कीमतें सितंबर में 5.22 प्रतिशत कम हुईं, जबकि अगस्त में यह आंकड़ा 3.06 प्रतिशत था। सब्जियों की कीमतों में भी गिरावट देखी गई। सब्जियों की कीमत सितंबर में 24.41 प्रतिशत घटीं, जबकि अगस्त में यह 14.18 प्रतिशत कम हुई थीं। विनिर्मित उत्पादों के मामले में महंगाई अगस्त के 2.55 प्रतिशत के मुकाबले घटकर 2.33 प्रतिशत रह गई। ईंधन और बिजली की कीमतें सितंबर में 2.58 प्रतिशत कम हुईं, जबकि पिछले महीने इनमें 3.17 प्रतिशत गिरावट आई थी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) खुदरा मुद्रास्फीति पर नजर रखता है। केंद्रीय बैंक ने इस महीने की शुरुआत में नीतिगत दरों को 5.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा था। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, सितंबर में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर आठ साल के निचले स्तर 1.5 प्रतिशत पर आ गई।

सरकार के सोमवार यानी 13 अक्टूबर को जारी किए डेटा के मुताबिक देश में खुदरा महंगाई सितंबर में घटकर 1.54% पर आ गई है, जो पिछले 8 सालों में सबसे कम है। अगस्त में यह दर 2.07% थी। (अनंत ज्ञान)

# अफगानिस्तान के साथ दुश्मनी भरा माहौल: पाक रक्षामंत्री

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

**पाकिस्तान** के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने चेतावनी दी है कि अफगानिस्तान के साथ दुश्मनी भरा माहौल है। इस्लामाबाद और काबुल में किसी भी वक्त संघर्ष शुरू हो सकता है। उन्होंने कहा कि फिलहाल दोनों देशों में कोई झड़प नहीं हो रही है, लेकिन दोनों देशों के बीच संबंध ठंड पड़ गए हैं।

आसिफ ने कहा कि संघर्ष की संभावना को नकारा नहीं जा सकता। अगर अफगानिस्तान धमकी देता है, तो हमें तुरंत प्रतिक्रिया देने का अधिकार है। दरअसल 9 अक्तूबर को अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के ठिकानों पर हवाई हमले हुए थे।

तालिबान का कहना था कि ये हमले पाकिस्तान ने किए थे। इसके जवाब में अफगानिस्तान ने 11 अक्तूबर को देर रात पाकिस्तान की 25 सैन्य चौकियों पर हमला कर दिया था। सोमवार को बॉर्डर पर दोनों देशों की सेनाएं अलर्ट पर रहीं। इस दौरान दोनों देशों के बीच व्यापार और यात्रियों का आना-जाना बंद रहा। बॉर्डर बंद होने से सैकड़ों अफगान लोग पाकिस्तान में फंसे हुए हैं। वे अपने मुल्क नहीं लौट पा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# मंगोलिया को ऑयल रिफाइनरी प्रोजेक्ट के लिए 1.7 अरब डॉलर की ऋण सहायता देगा भारत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी और मंगोलिया के राष्ट्रपति खुरेलसुख उखना के बीच मंगलवार को यहां के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता हुई। भारत मंगोलिया को तेल रिफाइनरी परियोजना के लिए 1.7 अरब डॉलर का ऋण देगा।

यह भारत की विश्व में सबसे बड़ी विकास सहयोग परियोजना है। दोनों नेताओं ने वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत अब मंगोलिया के नगरिकों को नि:शुल्क ई-वीजा सुविधा देगा। इसके अलावा हर वर्ष मंगोलिया के युवा सांस्कृतिक राजदूत बन प्रायोजित यात्रा पर भारत यात्रा करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने वक्तव्य में सांस्कृतिक एकजुटता और बौद्ध विरासत का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सदियों से दोनों देश बौद्ध धर्म के सूत्र में बंधे हैं, जिसकी वजह से हमें आध्यात्मिक बंधु भी कहा जाता है। उन्होंने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय ने मंगोलिया में बौद्ध धर्म के लिए अहम भूमिका निभाई है। दोनों नेताओं ने तय किया कि नालंदा और 'गंदन मॉनेस्टेरी' को साथ जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि हम 'गंदन मॉनेस्टेरी' में एक संस्कृत शिक्षक भी भेजेंगे, ताकि वहां के बौद्ध ग्रंथों का गहराई से अध्ययन किया जा सके और प्राचीन ज्ञान परंपरा को आगे बढ़ाया जा सके। हमारा रक्षा और सुरक्षा सहयोग भी लगातार मजबूत हो रहा है। प्रधानमंत्री ने हर्ष व्यक्त किया कि अगले वर्ष भगवान बुद्ध के दो महान शिष्यों- सारिपुत्र और मौद्गल्या-यन के पवित्र अवशेष को भारत से मंगोलिया भेजा जाएगा। पीएम मोदी और राष्ट्रपति उखना ने राष्ट्रपति की मां के सम्मान में हैदराबाद हाउस में संयुक्त रूप से एक पौधा लगाया। (अनंत ज्ञान)

# भारत का 2–0 से क्लीन स्वीप, वेस्टइंडीज को 7 विकेट से हराया

## गिल ने बतौर कप्तान पहली टेस्ट सीरीज जीती, केएल राहुल ने बनाए नाबाद 58 रन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केएल राहुल (58) के बेहतरीन नाबाद अर्धशतक की बदौलत भारत ने वेस्टइंडीज को यहां अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में पांचवें दिन मंगलवार को 7 विकेट से हराकर 2 मैचों की टेस्ट सीरीज 2–0 से अपने नाम कर ली। भारत ने अहमदाबाद में खेले गए पहले टेस्ट में एक पारी और 140 रन से शिकस्त दी थी।




पांचवें दिन जीत के लिए भारत को 58 रन की जरूरत थी। भारत को साईं सुदर्शन और और केएल राहुल ने धीमी शुरुआत दिलाई। हालांकि, 88 के कुल स्कोर पर सुदर्शन 39 रन बनाकर रोस्टन चेज की गेंद पर आउट हुए।

स्लिप में शे होप ने उनका बेहतरीन कैच पकड़ा। इसके बाद कप्तान शुभमन गिल ने तेजी से रन बनाकर जल्दी से मैच खत्म करने की कोशिश, इस दौरान राहुल ने अपना अर्धशतक पूरा किया। टीम जब लक्ष्य से 13 रन दूर थी, गिल बड़ा शॉट खेलने के चक्कर में रोस्टन चेज का शिकार बने। गिल ने 13 रन बनाए। इसके बाद ध्रुव जुरेल और राहुल ने कोई और नुकसान नहीं होने दिया। राहुल ने चौका लगाकर टीम को जीत दिलाई। केएल राहुल 58 और जुरेल 6 रन बनाकर नाबाद लौटे। भारत ने 3 विकेट पर 124 रन बनाकर जीत हासिल की। वेस्टइंडीज के लिए रोस्टन चेज ने 2 और जोमेल वारिकन ने 1 विकेट लिया। इससे पहले चौथे दिन का खेल खत्म होने तक भारत ने 121 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 63 रन पर 1 विकेट खो दिया था। साई सुदर्शन 30 और केएल राहुल 25 रन बनाकर नाबाद थे। वॉरिकन ने यशस्वी जायसवाल को 7 रन पर आउट किया। इससे पहले भारत ने पहली पारी 518/5 पर घोषित की थी। जवाब में वेस्टइंडीज की टीम पहली पारी में 248 रन पर सिमट गई थी। गिल ने बतौर कप्तान पहली टेस्ट सीरीज जीती है। फॉलोऑन के बाद मेहमान टीम ने शानदार जुझारूपन दिखाते हुए दूसरी पारी में 390 रन बनाए। (अनंत ज्ञान)

### भारत के नाम 2025 में सबसे ज्यादा जीत

**टीम** इंडिया 2025 में सबसे ज्यादा इंटरनेशनल मैच (तीनों फॉर्मेट मिलाकर) जीतने वाली टीम बन गई। टीम की यह 23वीं जीत है। वहीं, शुभमन गिल की कप्तानी में इस साल भारत ने चौथा टेस्ट मैच जीता है।

#### 2025 में सबसे अधिक जीत

| टीम | मैच | जीत | हार |
|---|---|---|---|
| भारत | 26 | 23 | 3 |
| न्यूजीलैंड | 29 | 22 | 7 |
| पाकिस्तान | 40 | 18 | 22 |
| ऑस्ट्रेलिया | 24 | 17 | 7 |
| बांग्लादेश | 33 | 15 | 18 |

### गिल ने की पैट कमिंस की बराबरी

**शुभमन** गिल की कप्तानी में इस साल भारतीय टीम ने चौथा टेस्ट मैच जीता है। गिल अब 2025 में सबसे ज्यादा टेस्ट मैच जीतने वाले कप्तानों की लिस्ट में ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस की बराबरी पर आ गए हैं। कमिंस ने इस साल 5 टेस्ट में कप्तानी की है और 4 में उनकी टीम जीती। गिल ने 2025 में 7 टेस्ट में कप्तानी की और चौथी जीत हासिल की। गिल की कप्तानी में भारत 2 टेस्ट मैच हारा है और 1 मैच ड्रॉ रहा है।

### वेस्टइंडीज के खिलाफ 23 साल से अजेय है भारत

भारतीय टेस्ट टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने दबदबे का ऐसा रिकॉर्ड बनाया है, जो क्रिकेट इतिहास में सुनहरे अक्षरों में दर्ज हो गया है। बीते दो दशकों में भारत न केवल मैचों में अजेय रहा है, बल्कि सीरीज और घरेलू मैदान पर लगातार जीत का सिलसिला भी कायम रखा है।

#### 27 टेस्ट मैचों से अपराजेय लकीर

**भारत** ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 2002 से अब तक 27 टेस्ट मैचों में अपराजेय रहने का रिकॉर्ड बनाया है। यह किसी भी टीम के खिलाफ दुनिया का चौथा सबसे लंबा अपराजेय सिलसिला है।

- इंग्लैंड बनाम न्यूजीलैंड – 47 मैच (1930-75)
- इंग्लैंड बनाम पाकिस्तान – 30 मैच (1961-82)
- वेस्टइंडीज बनाम इंग्लैंड – 29 मैच (1976-88)
- भारत बनाम वेस्टइंडीज – 27 मैच (2002-2023)*

#### लगातार 10 सीरीज जीत का रिकॉर्ड

भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 2002 से 2025 तक लगातार 10 टेस्ट सीरीज जीती हैं। यह रिकॉर्ड दक्षिण अफ्रीका के बराबर है और ऑस्ट्रेलिया 9 सीरीज जीत के साथ तीसरे स्थान पर है।

| | |
|---|---|
| भारत बनाम वेस्टइंडीज | 10 (2002-25)* |
| दक्षिण अफ्रीका बनाम वेस्टइंडीज | 10 (1998-24) |
| ऑस्ट्रेलिया बनाम वेस्टइंडीज | 9 (2000-22) |

**सराज बने टॉप विकेट टेकर:** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज 2025 में टेस्ट क्रिकेट के टॉप विकेट टेकर बन गए हैं। सिराज ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दिल्ली टेस्ट में 3 विकेट लिए। अब उनके नाम 2025 में 8 टेस्ट मैचों में 37 विकेट हो गए हैं। उन्होंने जिम्बाब्वे के ब्लेसिंग मुजारबानी को पीछे छोड़ा है। मुजारबानी ने इस साल 9 टेस्ट में 36 विकेट लिए हैं।

## स्पोर्ट्स विंडो

### अमन सेहरावत ने की एक साल का बैन हटाने की अपील, गलती मानी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक 2024 के कांस्य पदक विजेता पहलवान अमन सेहरावत ने अपने ऊपर लगाए गए एक साल के प्रतिबंध को हटाने की अपील की है। विश्व चैंपियनशिप में वजन बनाने में विफल रहने के बाद डब्ल्यूएफआई (डब्ल्यूएफआई) ने उन पर यह कार्रवाई की थी। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में अमन ने स्वीकार किया कि उनसे गलती हुई और यह उनकी पहली चूक है। उन्होंने कहा कि वे डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह से मिलकर निर्णय पर पुनर्विचार करने की व्यक्तिगत अपील करेंगे। अमन ने कहा कि मैं उनसे (डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष) मिलकर अनुरोध करूंगा। यह मेरी पहली गलती है, दोबारा नहीं होगी। (अनंत ज्ञान)

### विश्व जूनियर चैंपियनशिप : तन्वी और उन्नति की जीत से शुरुआत

**एजेंसी, गुवाहाटी।** पदक की दावेदार तन्वी शर्मा और उन्नति हुड्डा समेत सात भारतीय खिलाड़ियों ने मंगलवार को यहां बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप के एकल वर्ग के अगले दौर में प्रवेश किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त तन्वी ने पोलैंड की विक्टोरिया कालेत्का को मात्र 11 मिनट में 15-2, 15-1 से हराया जबकि आठवीं वरीयता प्राप्त उन्नति ने हांगकांग की लियू होई अन्ना को 23 मिनट में 15-8, 15-9 से आसानी से हरा दिया। रक्षिता श्री आर ने इसके बाद कनाडा की लुसी यांग पर 15-5, 15-9 की जीत से अपने अभियान की शुरुआत की। (अनंत ज्ञान)

### मारिया शारापोवा खूबसूरत अंदाज में

**रूस।** विश्व की पूर्व नंबर वन खिलाड़ी रूस की मारिया शारापोवा अपनी सुंदरता के चलते काफी चर्चित रहीं। वह ग्रैंड स्लैम जीतने वाली रूस की पहली महिला टेनिस खिलाड़ी हैं। शारापोवा दुनिया की सबसे सुंदर टेनिस खिलाड़ियों में से एक हैं।



## रणजी में वापसी कर सकते हैं ऋषभ पंत

**एजेंसी, बेंगलुरु।** इंग्लैंड दौरे में चोटिल होने के बाद से खेल से बाहर चल रहे ऋषभ पंत बुधवार से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के नए सत्र से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी कर सकते हैं, जबकि कई युवा खिलाड़ी इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अपनी विशिष्ट छाप छोड़ने के लिए बेताब होंगे। पंत का दूसरे दौर में खेलना रणजी ट्रॉफी के पहले चरण का मुख्य आकर्षण है, अन्यथा इसका कोई तात्कालिक उद्देश्य नहीं है, क्योंकि अगले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के बाद भारत को लंबे समय तक टेस्ट मैच नहीं खेलना है। जुलाई में मैनचेस्टर में क्रिस वोक्स की गेंद पर पैर की अंगुली में फ्रैक्चर होने के बाद से पंत खेल से बाहर हैं और बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में उनका रिहैबिलिटेशन सही दिशा में चल रहा है। हैदराबाद के खिलाफ पहले दौर के मैच के लिए दिल्ली की 24 खिलाड़ियों की टीम में इस विकेटकीपर बल्लेबाज का नाम नहीं है, लेकिन यदि सीओई उनकी वापसी को मंजूरी दे देता है तो वह या तो दूसरे दौर (25 अक्तूबर से हिमाचल प्रदेश के खिलाफ) या तीसरे दौर (एक नवंबर से पुडुचेरी के खिलाफ) में खेल सकते हैं। (अनंत ज्ञान)



### महिला वर्ल्ड कप : श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी, 6 विकेट खोकर दिया 259 रन का टारगेट

## श्रीलंका कप्तान अटापट्टू और निलाक्षी ने लगाई फिफ्टी

**एजेंसी, कोलंबो**

**महिला** वनडे वर्ल्ड कप के 15वें मैच में श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को 259 रन का टारगेट दिया। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में श्रीलंका ने बैटिंग चुनी। टीम ने 6 विकेट खोकर 258 रन बना दिए। कप्तान चमारी अटापट्टू ने 53 और निलाक्षी डी सिल्वा ने 55 रन बनाए।


टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी श्रीलंका को ओपनर्स ने मजबूत शुरुआत दिलाई। विष्मी गुणारत्ने और कप्तान चमारी अटापट्टू ने 101 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। अटापट्टू 53 और गुणारत्ने 42 रन बनाकर आउट हुईं। नंबर–3 पर उतरीं हसिनी परेरा ने फिर हर्षिता समरविक्रमा के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली। हर्षिता 26 रन बनाकर आउट हुईं। इनके बाद कविशा दिलहारी 4 और हसिनी 44 रन बनाकर आउट हो गईं। टीम ने 198 रन के स्कोर पर 5 विकेट गंवा दिए। 5 विकेट गिर जाने के बाद निलाक्षी डी सिल्वा ने तेज बैटिंग की। उनके सामने पियूमि वाथसाला बादल्गे 15 गेंद पर 7 रन बनाकर आउट हुई। विकेटकीपर अनुष्का संजीवनी ने 6 गेंद पर 6 रन बनाए। निलाक्षी ने महज 26 गेंद पर फिफ्टी लगाई और टीम को 258 रन तक पहुंचा दिया। वे 55 रन बनाकर नॉटआउट रहीं। निलाक्षी ने टूर्नामेंट में सबसे कम गेंदों पर फिफ्टी लगाई। उन्होंने बांग्लादेश की शोरना अख्तर का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 34 गेंद पर अर्धशतक लगाया था। न्यूजीलैंड के लिए कप्तान सोफी डिवाइन ने 3 और ब्री लिंग ने 2 विकेट लिए। रोजमैरी मेयर को 1 विकेट मिला। ईडन कार्सन, जेस केर और अमीलिया केर कोई विकेट नहीं ले सकीं। (अनंत ज्ञान)

**न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन को मिले 3 विकेट**



**निलाक्षी ने 26 गेंदों में लगाई फिफ्टी**

## जम्पा और जोश इंगलिस पहले वनडे से बाहर






**एजेंसी, पर्थ**

**ऑस्ट्रेलिया** के लेग स्पिनर एडम जम्पा और विकेटकीपर बल्लेबाज जॉश इंगलिस भारत के खिलाफ पर्थ में होने वाले पहले वनडे मैच से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह मैथ्यू कूहनेमन और जॉश फिलिप को टीम में शामिल किया गया है। जम्पा पारिवारिक कारणों से टीम से बाहर हैं, क्योंकि उनकी पत्नी हैरियट गर्भावस्था के अंतिम चरण में हैं और डिलीवरी की तारीख नजदीक है। पर्थ से घर वापस लौटना कठिन होने के कारण जम्पा ने न्यू साउथ वेल्स में ही रहने का फैसला किया है। वे संभवत: एडिलेड और सिडनी में होने वाले दूसरे और तीसरे वनडे में टीम से जुड़ेंगे। इसके बाद होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज में उनके खेलने की पूरी संभावना है।

वहीं, इंग्लिस पिंडली (काफ) की चोट से उबर नहीं पाए हैं, जो उन्हें न्यूजीलैंड दौरे से पहले लगी थी। इसी कारण वे पहले वनडे से बाहर हैं। इंगलिस एडिलेड में होने वाले दूसरे वनडे से भी बाहर रहेंगे, लेकिन टीम प्रबंधन को उम्मीद है कि वे 25 अक्तूबर को सिडनी में होने वाले तीसरे वनडे तक फिट हो जाएंगे। ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं को तीनों प्रारूपों में खिलाड़ियों के बोझ को संभालते हुए ऐशेज की तैयारी भी करनी है। कैमरन ग्रीन पहले दो वनडे खेलेंगे लेकिन तीसरे वनडे में शील्ड मैच की तैयारी के चलते उन्हें आराम दिया जा सकता है। ग्रीन गेंदबाजी की लोड को शील्ड मैच में धीरे–धीरे बढ़ाएंगे। (अनंत ज्ञान)

### तीन साल बाद कूहनेमन की वापसी

मैथ्यू कूहनेमन तीन साल बाद वनडे टीम में वापसी करेंगे। उन्होंने आखिरी बार 2022 में श्रीलंका में वनडे खेला था। वह पूरे विंटर ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ विभिन्न दौरों पर रहे, लेकिन इस दौरान उन्हें केवल एक ही टी20 मैच में मौका मिला। घरेलू क्रिकेट में उन्होंने हाल ही में बेहतरीन प्रदर्शन किया है, उन्होंने तीन वनडे मैचों में 4 विकेट लिए और 56 रनों की शानदार पारी खेली।

### फिलिप को विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी

**जॉश** फिलिप को पर्थ वनडे में विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी दी जाएगी, क्योंकि एलेक्स कैरी शील्ड मैच खेलने के लिए एडिलेड में रहेंगे। फिलिप ने आखिरी बार 2021 में वेस्टइंडीज दौरे पर वनडे खेला था। वे घरेलू क्रिकेट में शानदार फॉर्म में हैं और उनके चयन से टीम को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

**ऑस्ट्रेलिया की वनडे टीम**

मिचेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), कूपर कॉनॉली, बेन द्वार्शुइस, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जॉश इंगलिस (विकेटकीपर), मैथ्यू कूहनेमन, मिचेल ओवेन, जॉश फिलिप (विकेटकीपर), मैट रेनशॉ, मैथ्यू शॉर्ट, मिचेल स्टार्क, एडम जम्पा।

## अपर्णिता ने जिलास्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में झटका गोल्ड मेडल

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

**झंडूता** उपमंडल के राजकीय उच्च विद्यालय बलघाड़ की छात्रा अपर्णिता ने अपने शानदार प्रदर्शन से क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अपर्णिता ने जिलास्तरीय अंडर–14 महिला वर्ग कुश्ती प्रतियोगिता में 50 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है। यह प्रतियोगिता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय औहर में आयोजित की गई थी, जिसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों से आई प्रतिभागियों ने भाग लिया।

अपर्णिता ने उत्कृष्ट तकनीक और दृढ़ संकल्प के दम पर सभी प्रतिद्वंद्वियों को परास्त किया और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अपर्णिता ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने पीटीआई शिक्षक सुनील और रेसलिंग कोच शेरा को दिया, जिनके निरंतर मार्गदर्शन और प्रशिक्षण से उन्हें यह उपलब्धि हासिल हुई। रेसलिंग कोच शेर सिंह ने अपर्णिता की इस शानदार उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी यह जीत न केवल स्कूल, बल्कि पूरे झंडूता क्षेत्र के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि अपर्णिता भविष्य में राज्य और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सफलता का परचम लहराएगी।



बलघाड़ स्कूल की छात्रा अपर्णिता ने चमकाया नाम।

## वॉलीबाल स्पर्धा में छकोह स्कूल विनर

### जिलास्तरीय प्रतियोगिता में छात्राओं ने किया स्कूल का नाम रोशन



हॉकी टीम ने भी विजेता बनकर विद्यालय और जिले का नाम चमकाया। स्कूल पहुंचने पर खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत।

**अनंत ज्ञान, नम्होल**

14 वर्ष से कम आयु वर्ग की छात्राओं की जिलास्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय औहर में किया गया।

प्रतियोगिता में जिलेभर के विद्यालयों ने भाग लिया, जिसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छकोह की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। छात्राओं ने गत वर्ष की तरह इस बार भी वॉलीबाल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। इसके साथ ही विद्यालय की हॉकी टीम ने भी विजेता बनकर विद्यालय का नाम पूरे जिले में रोशन किया। जिले के सभी स्कूलों में से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का खिताब भी छकोह विद्यालय के नाम रहा। हॉकी खेल की शुरुआत इस शैक्षणिक सत्र में प्रशिक्षित स्नातक अध्यापक सुरेश कुमार के कुशल मार्गदर्शन में की गई, जो स्वयं हॉकी के जाने–माने खिलाड़ी रह चुके हैं। वहीं, विद्यालय में तैनात खेल प्रशिक्षक पवन कुमार की मेहनत भी रंग लाई। अब इस विद्यालय की छात्राएं हॉकी और वॉलीबाल दोनों खेलों में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी। क्षेत्र में विद्यालय की इस सफलता को लेकर लोगों में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर खिलाड़ियों का स्कूल पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य, अध्यापकगण तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने सभी खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## एक बल्लेबाज के रूप में अधिक सोच रहा हूं: जडेजा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत के स्टार ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने कहा कि बल्लेबाजी के लिए छठे नंबर पर आने से उन्हें एक अच्छे बल्लेबाज के रूप में सोचने में मदद मिली है। उन्होंने इस बदलाव का श्रेय मुख्य कोच गौतम गंभीर को दिया और कहा कि इससे वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रहे। जडेजा को वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में हरफनमौला प्रदर्शन के लिए शृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। भारत ने मंगलवार को यहां दूसरे मैच में सात विकेट से जीत दर्ज की। इस 36 वर्षीय खिलाड़ी ने अहमदाबाद में पहले मैच में आठ विकेट लिए और 104 रन की पारी खेली थी। जडेजा ने दूसरे मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में कहा कि मुझे लगता है कि हम जानते हैं कि पिछले पांच–छह महीनों में हम किस तरह की क्रिकेट खेल रहे हैं, इसलिए एक टीम के रूप में यह अच्छा संकेत है कि हम लगातार ऐसा करने में सफल रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

**निराशा** फ्रांस ने ड्रॉ खेलकर फुटबाल विश्व कप में स्थान सुरक्षित करने का मौका गंवाया

## आइसलैंड ने फ्रांस का विजय अभियान रोका

**एजेंसी, रेक्जाविक**

**फ्रांस** ने आइसलैंड के साथ 2–2 से ड्रॉ खेलकर 2026 में होने वाले फुटबाल विश्व कप में स्थान सुरक्षित करने का मौका गंवा दिया। फ्रांस ने इससे पहले लगातार तीन मैच में जीत हासिल की थी। दो बार की विश्व चैंपियन टीम अगर आइसलैंड को हरा देती और यूक्रेन की टीम अजरबैजान को हराने में नाकाम रहती, तो फ्रांस की टीम विश्व कप में जगह पक्की कर सकती थी। यूक्रेन ने 2–1 से जीत दर्ज की।

विश्व कप 2022 का उपविजेता फ्रांस अभी भी ग्रुप डी में 10 अंकों के साथ शीर्ष पर है, जो यूक्रेन से तीन अंक अधिक हैं। फ्रांस की टीम कप्तान किलियन एमबाप्पे के बिना मैदान पर उतरी थी, जिन्होंने शुक्रवार को अजरबैजान के खिलाफ टीम की 3–0 की जीत में गोल किया था, लेकिन दाएं टखने में चोट के कारण वह लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर चले गए थे। आइसलैंड ने 39वें मिनट में विक्टर पाल्सन के गोल से बढ़त बना ली, लेकिन मेहमान टीम ने 63वें मिनट में क्रिस्टोफर नकुंकू और 68वें मिनट में जीन–फिलिप माटेटा के गोल से वापसी की। कुछ मिनट बाद ही आइसलैंड ने क्रिस्टियन हिल्सन के गोल से बराबरी कर ली। स्विट्जरलैंड के पास भी विश्व कप में स्थान सुनिश्चित करने का मौका था, लेकिन उसने स्लोवेनिया के खिलाफ गोल रहित ड्रा खेला। गर स्विट्जरलैंड स्लोवेनिया को हरा देता और कोसोवो स्वीडन को हराने में नाकाम रहता, तो वह क्वालीफाई कर जाता। कोसोवो ने 1–0 से जीत हासिल कर ग्रुप बी में सात अंक हासिल किए, जो स्विट्जरलैंड से तीन अंक कम हैं। (अनंत ज्ञान)

